राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com




# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 108, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शुक्रवार 03 नवंबर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

एनडीएमसी ने रेकिट के साथ शिक्षकों के लिये पहली लाइफ-स्किल्स ट्रेनिंग वर्कशॉप आयोजित .... पेज 03

प्रदेश भर के मार्गों का होगा मेकओवर, 277 सड़कों का कायाकल्प करेगी योगी सरकार .... पेज 05

भारत ने श्रीलंका के खिलाफ दर्ज की विश्व कप के इतिहास की दूसरी बड़ी जीत .... पेज 07

धरना



प्रयागराज में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा भूमि अधिग्रहण के मुद्दे के विरोध में धरना दिया।

## अनुसूचित जाति के दो युवकों के साथ अमानवीय व्यवहार

### पीटने के बाद निर्वस्त्र कर किया पेशाब; छह आरोपी गिरफ्तार

तिरुनेलवेली। तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में अनुसूचित जाति के दो युवकों पर कथित तौर पर हमला करने और उन्हें निर्वस्त्र कर उनके ऊपर पेशाब करने का मामला सामने आया है। इस मामले में कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस मामले में गिरफ्तार सभी लोग 21 से 25 वर्ष की आयु वर्ग के हैं, जो घटना के समय शराब के नशे में थे। पुलिस ने कहा कि सभी ने युवाओं पर हमला किया और उनसे अपनी जाति की पहचान बताने को भी कहा। पुलिस के मुताबिक, पहचान उजागर करने के बाद छह लोगों के एक गिरोह ने दोनों युवकों पर हमला कर दिया। इस दौरान आरोपियों ने उनके कपड़े उतारे और उन पर पेशाब कर दिया। थाचनाल्लूर पुलिस ने कहा कि दोनों युवक थमिराबरानी नदी से स्नान करके लौट रहे थे। पुलिस ने आगे कहा कि सभी पर एससी/एसटी अत्याचार अधिनियम सहित आईपीसी की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया।

# दिल्ली की हवा हुई जहरीली

### एक्यूआई 400 पार, अगले 15 दिन बेहद अहम

नई दिल्ली। दिल्ली की हवा गुरुवार (02 नवंबर) को जहरीली हवा की कैटेगरी में पहुंच गई। 'सफर' इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, शाम 5 बजे एयर क्वालिटी इंडेक्स 402 दर्ज किया गया। भारतीय वैज्ञानिकों ने इसके और बढ़ने की आशंका जताई है।

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि अगले 15 दिन राज्य के लिए बेहद अहम हैं। सरकार पॉल्यूशन कंट्रोल करने के लिए जरूरी कदम उठा रही है। वहीं, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राज्य के सभी सरकारी और प्राइवेट प्राइमरी स्कूल को अगले 2 दिनों तक बंद रखने का आदेश दिया है।

उधर, मुंबई के हालात भी ठीक नहीं हैं। यहां भी हवा की क्वालिटी बेहद खराब कैटेगरी में चल रही है। मुंबई एयर पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने इसे लेकर एक एडवाइजरी जारी की है। उसमें हिंदुस्तान पेट्रोलियम , टाटा पावर समेत अन्य कंपनियों से अपना प्रोडक्शन आधा करने को कहा गया है।

#### हवा सुधारने के लिए दिल्ली में ग्रेप-3 लागू

राज्य में बढ़ते एयर पॉल्यूशन को कंट्रोल करने के लिए ग्रेडेड एक्शन रिस्पॉन्स सिस्टम का तीसरा चरण लागू कर दिया गया है। इसके तहत सभी गैर-जरूरी निर्माण और तोड़फोड़ के कामों पर रोक लगा दी गई है। BS-III पेट्रोल और BS-VI डीजल वाहनों की दिल्ली में एंट्री बैन कर दी गई है।



#### पंजाब-हरियाणा में पराली जल रही, हवा दिल्ली की बिगड़ रही

दिल्ली के आसपास के राज्यों में पराली जलाने को भी प्रदूषण बढ़ने का एक मुख्य कारण माना जा रहा है। हरियाणा, पंजाब समेत देश के उत्तरी हिस्सों में पराली जलाना अभी भी जारी है। इसके कारण दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम और आस-पास के इलाकों में हवा में धुंध बढ़ रही है। इस साल अब तक 2500 से ज्यादा पराली जलाने के मामले सामने आ चुके हैं। हालांकि खेत में आग लगने की संख्या पिछले दो सालों की तुलना में कम है।

#### 3 साल बाद अक्टूबर में दिल्ली की हवा की क्वालिटी सबसे खराब रही

दिल्ली में 3 साल बाद अक्टूबर में हवा की क्वालिटी सबसे खराब दर्ज की गई है। सफर इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक अक्टूबर के आखिरी दिन राजधानी का एयर क्वालिटी इंडेक्स 327 दर्ज किया गया।

सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के डेटा के मुताबिक अक्टूबर 2020 में दिल्ली का औसत एक्यूआई 257 दर्ज किया गया था। इसके अलावा अक्टूबर 2021 में एक्यूआई 173 और अक्टूबर 2022 में 210 एक्यूआई दर्ज किया गया था।

#### कम बारिश और पराली जलाना पॉल्यूशन बढ़ने की बड़ी वजह

वैज्ञानिकों ने बढ़ते पॉल्यूशन को लेकर चिंता जताई है। उनके मुताबिक कम बारिश होना पॉल्यूशन बढ़ने की बड़ी वजह है। इस साल अक्टूबर में सिर्फ एक दिन 5.4 मिमी बारिश हुई। जबकि अक्टूबर 2022 में 6 दिन 129 मिमी और अक्टूबर 2021 में 7 दिन 123 मिमी बारिश हुई थी।

# महाराष्ट्र सरकार मराठा आरक्षण देने को तैयार

### मनोज जरांगे ने भूख हड़ताल खत्म की, सरकार को 2 जनवरी तक का समय दिया

मुंबई। महाराष्ट्र में महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर 25 अक्टूबर से अनशन कर रहे मनोज जरांगे ने गुरुवार (2 नवंबर) को अनशन खत्म कर दिया। मनोज ने सरकार को 2 जनवरी 2024 तक का समय दिया है। इसके पहले रिटायर्ड जज सुनील शुक्रे, एमजी गायकवाड़ ने मनोज से मुलाकात की। उन्होंने मनोज को बताया कि सरकार स्थायी आरक्षण देने के लिए कानूनी तौर पर क्या करेगी। इसके बाद 4 मंत्रियों धनंजय मुंडे, संदीपान भुमरे, अतुल सावे, उदय सामंत के एक प्रतिनिधिमंडल ने जरांगे से मुलाकात कर भूख हड़ताल खत्म करने की अपील की। उन्होंने भी स्थायी मराठा आरक्षण देने का वादा किया। इसके बाद मनोज जरांगे ने अनशन खत्म करने की घोषणा की।

कृषि मंत्री धनंजय मुंडे ने कहा कि विधानमंडल सत्र 7 दिसंबर से शुरू होगा। इस सत्र में 8 दिसंबर को मराठा आरक्षण पर चर्चा की जाएगी। जरांगे ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने मराठा समुदाय को स्थायी आरक्षण देने का वादा किया है ।उन्होंने इसके लिए कुछ समय मांगा है। हम सबकी दिवाली मीठी बनाने के लिए सरकार को समय देंगे। अगर सरकार तय समय में आरक्षण नहीं देगी तो हम मुंबई में आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि जब तक मराठा आरक्षण नहीं मिल जाता वे अपने घर में प्रवेश नहीं करेंगे।

#### 14 दिन में 27 ने दी जान

महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर चल रहा प्रदर्शन हिंसक होता जा रहा है। 14 दिन में 27 लोग जान दे चुके हैं। 1 नवंबर को भी हिंगोली जिले में 2 लोगों ने सुसाइड की। मनोज जारांगे पिछले 9 दिन से भूख हड़ताल पर हैं। एक दिन पहले उन्होंने पानी पीना भी छोड़ दिया है।



गुरुवार को ठाणे के भिवंडी में आंदोलनकारियों ने सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस के पोस्टर्स पर कालिख पोती। ये पोस्टर्स बसों पर लगे हुए थे।

# संगरूर में सड़क हादसे में बच्चे समेत 6 की मौत

### कैंटर-ट्राले की आमने-सामने टक्कर, बीच में फंसी कार; उसमें सवार कोई नहीं बचा

संगरूर। पंजाब के सुनाम-पटियाला मेन रोड पर मर्दखेड़ा गांव के पास गुरुवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में एक बच्चे समेत 6 लोगों की मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही संगरूर पुलिस मौके पर जांच के लिए पहुंच गई थी। वहीं, सभी के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सरकारी अस्पताल संगरूर में भेज दिया गया।



#### धार्मिक स्थल से लौटते वक्त हुआ हादसा

मार्केट कमेटी सुनाम के पूर्व चेयरमैन मुनीष सोनी ने मीडिया को बताया कि बीती रात सुनाम के नीरज सिंगला मारुति 800 कार में अपने अन्य साथियों के साथ मालेरकोटला स्थित बाबा हैदर शेख की दरगाह पर माथा टेकने के बाद सुनाम लौट रहे थे।

#### रात 1.30 बजे हुआ हादसा

हादसा बुधवार को देर रात करीब 1.30 बजे हुआ। लोगों के मुताबिक विपरीत दिशा से आ रहे एक टैंकर व एक ट्राले की आमने-सामने की टक्कर हो गई थी। दोनों गाड़ियों के बीच कार दब गई। इसमें सुनाम के रहने वाले नीरज सिंगला (37), उनके 4 साल के बेटे माधव सिंगला, ललित बंसल (45), दवेश जिंदल (33), दीपक जिंदल (30) और विजय कुमार (50) की मौत हो गई।

## तमिलनाडु में डीजीपी रहे ब्रज किशोर कांग्रेस में हुए शामिल

नयी दिल्ली। बिहार मूल के तमिलनाडु में पुलिस महानिदेशक रहे ब्रज किशोर रवि ने नौकरी छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया है। कांग्रेस कार्यसमिति एवं राज्य सभा सदस्य नासिर हुसैन और बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह ने रवि को पार्टी मुख्यालय में कांग्रेस में शामिल कराया। हुसैन ने इस दौरान आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि रवि बिहार के मूल निवासी हैं और उनके पिता तुलमोहन राम कांग्रेस से लोकसभा सांसद एव विधायक थे। रवि को उनके काम के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई पदक मिले हैं। अपने फाउंडेशन के जरिए गरीब, पिछड़ों तथा आदिवासियों के लिए काम कर रहे रवि नौकरी से इस्तीफा देकर बिहार और देश की जनता की सेवा के लिए कांग्रेस में शामिल हुए हैं।

# शब्दों से मेरा वस्त्रहरण किया गया : महुआ मोइत्रा

### एथिक्स कमेटी के चेयरपर्सन ने जानबूझकर अपमानजनक सवाल किए

एजेंसी

नई दिल्ली। संसद में सवाल पूछने के बदले पैसे मामले में फंसीं टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने नए आरोप लगाए हैं। महुआ गुरुवार 2 नवंबर को एथिक्स कमेटी के सामने पेश हुईं। उन्होंने कमेटी के चेयरपर्सन विनोद सोनकर के लिए कहा कि उन्होंने शब्दों से मेरा वस्त्रहरण किया। चेयरपर्सन ने जानबूझकर अपमानजनक सवाल किए। ये सब उन्होंने एथिक्स कमेटी के सभी मेंबर्स के सामने किया। महुआ ने इसको लेकर लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला को लेटर लिखा है। इसमें महुआ ने ये भी लिखा कि चेयरपर्सन विनोद सोनकर का बर्ताव अनैतिक, घिनौना और पूर्वाग्रह से भरा था।



#### एथिक्स कमेटी का नाम बदल देना चाहिए, क्योंकि इसमें नैतिकता नहीं बची

महुआ ने कहा- समिति को एथिक्स कमेटी (आचार समिति) के बजाय कोई अन्य नाम देना चाहिए, क्योंकि इसमें कोई नैतिकता नहीं बची है। विषय से संबंधित प्रश्न पूछने के बजाय चेयरपर्सन ने दुर्भावनापूर्ण और अपमानजनक तरीके से सवाल किए। यहां तक कि वहां मौजूद 11 में से 5 सदस्यों ने उनके शर्मनाक बर्ताव के विरोध में पूछताछ का बहिष्कार किया।

#### महुआ बोलीं- मेरी गरिमा को तार-तार करने वाले प्रश्न पूछे

महुआ ने चिट्ठी में लोकसभा सचिवालय से ये अनुरोध भी किया कि पोर्टल के लॉगिन और पासवर्ड को साझा करने वाले नियमों का खुलासा करें। ओटीपी के बिना कुछ भी सबमिट नहीं किया जा सकता। ये नियम कभी सांसदों को क्यों नहीं बताए जाते। यदि वे (नियम) थे तो हरेक सांसद इस आईडी और लॉगिन को कई लोगों के साथ साझा क्यों कर रहा है ?

मैंने बार-बार विरोध जताया, ये कार्यवाही के रिकॉर्ड में है। एथिक्स कमेटी के अध्यक्ष मुझसे मुद्दे से संबंधित प्रासंगिक कोई भी सवाल जैसे लॉगिन, गिफ्ट लेने के आरोप...लेकिन इन पर कोई प्रश्न नहीं हुआ। एक महिला के रूप में मेरी गरिमा को तार-तार करने वाले व्यक्तिगत सवाल पूछे गए।

# चुनावी बांड पर सुनवाई पूरी, सुप्रीम कोर्ट का फैसला सुरक्षित

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने राजनीतिक दलों के चंदे से संबंधित चुनावी बांड योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई पूरी होने के बाद गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने तीन दिनों तक चली सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखने का निर्णय करने से पहले चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वह 30 सितंबर 2023 तक राजनीतिक दलों को मिले चंदे का आंकड़ा अदालत के समक्ष उपलब्ध कराये।



न्यायमूर्ति चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा ने स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग को 30 सितंबर 2023 को समाप्त होने वाली अवधि तक अप्रैल 2019 में शीर्ष अदालत द्वारा पारित आदेश के अनुसार आंकड़ा पेश करना है।

पीठ ने सुनवाई के दौरान यह भी कहा कि केंद्र कुछ ऐसी प्रणाली तैयार कर सकता है, जिसमें वर्तमान प्रणाली की खामियां न हों। शीर्ष अदालत ने कहा कि जनवरी 2018 में शुरू की गई चुनावी बांड योजना ने चुनावी प्रक्रिया में नकदी को कम कर दिया, अधिकृत बैंकिंग माध्यमों के उपयोग को प्रोत्साहित किया, लेकिन पारदर्शिता की आवश्यकता थी।

शीर्ष अदालत ने कहा, 12 अप्रैल 2019 को इस अदालत द्वारा चुनाव आयोग को एक अंतरिम निर्देश जारी किया गया था।

# लघु उद्योग देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ : राजनाथ

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लघु उद्योगों को देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए गुरुवार को कहा कि इनका राष्ट्र के विकास में बहुत बड़ा योगदान है।

सिंह ने कर्नाटक के बेंगलुरु में तीन दिवसीय इंडिया मैन्युफैक्चरिंग शो का उद्घाटन किया। इस शो का लघु उद्योग भारती और आईएमएस फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजन किया गया है




और रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा मंत्रालय भी इसमें सहयोगी की भूमिका में है। इस आयोजन का केंद्रीय विषय मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड है।

रक्षा मंत्री ने उद्घाटन समारोह में उपस्थित उद्योग जगत की हस्तियों और युवा उद्यमियों को संबोधित करते हुए लघु उद्योगों को भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताया और कहा कि इनका राष्ट्र के विकास में बहुत बड़ा योगदान है। लघु उद्योग भारतीय अर्थव्यवस्था की मोटर है। मोटर जितनी तेज़ चलती है, अर्थव्यवस्था की गाड़ी भी उतनी ही तेज़ी से आगे बढ़ती है।

### भोपाल के पीपुल्स ग्रुप पर ईडी का एक्शन

# मनी लॉन्ड्रिंग केस में ग्रुप की 230 करोड़ से ज्यादा की प्रॉपर्टी अटैच

भोपाल। प्रवर्तन निदेशालयने भोपाल के पीपुल्स ग्रुप की 230.4 करोड़ की संपत्ति अटैच की है। ईडी ने इसकी जानकारी गुरुवार को एक्स पर पोस्ट करके दी।

प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (PMLA) 2002 के तहत दर्ज मामले में कार्रवाई करते हुए ईडी ने पीपुल्स कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेस एंड रिसर्च सेंटर, पीपुल्स यूनिवर्सिटी, पीपुल्स इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट की जमीन, पेपर मिल, बिल्डिंग और मशीनरी को अटैच किया है। इसके अलावा ग्रुप के होटल राजा भोज को भी अटैच किया है। ईडी से मिली जानकारी के मुताबिक मिनिस्ट्री ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स के रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, ग्वालियर ने जांच के लिए तीन शिकायतें भेजी थीं। ये शिकायतें सुरेश विजयवर्गीय (एसएन विजयवर्गीय), रामविलास विजयवर्गीय (दिवंगत) और पीपुल्स इंटरनेशनल और सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड, पीजीएस इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड और पीपुल्स जनरल हॉस्पिटल प्राइवेट लिमिटेड की थीं। जांच के बाद कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 447 के तहत केस दर्ज किया गया था। जांच रिपोर्ट के मुताबिक पीपुल्स ग्रुप की तीन कंपनियों में 494 करोड़ रुपए का निवेश एफडीआई (फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट) के मार्फत हुआ था। यह फंड ग्रुप की कंपनी पीपुल्स इंटरनेशनल एंड सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड, पीजीएस इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड और पीपुल्स जनरल हॉस्पिटल प्राइवेट लिमिटेड के खातों में साल 2000 से 2011 के बीच आया था। जांच में पता चला कि ग्रुप के संचालक एसएन विजयवर्गीय ने एफडीआई के जरिए मोटा मुनाफा कमाया है।

छेड़छाड़

### 3 युवकों ने रात डेढ़ बजे कपड़े उतरवाए; हजारों छात्रों का प्रोटेस्ट, कैंपस बंद, इंटरनेट ठप

# आईआईटी-बनारस में गन पॉइंट पर छात्रा से अश्लीलता, वीडियो बनाया

वाराणसी। आईआईटी-बीएचयू में बुधवार देर रात एक छात्रा से छेड़छाड़ हुई। तीन युवकों ने दोस्त के साथ जा रही लड़की को रोका। गन पॉइंट पर लड़की और लड़के को अलग किया। फिर जबरन किस करने के बाद उसके कपड़े उतरवाए। उसका वीडियो बनाने लगे। घटना के विरोध में गुरुवार को हजारों स्टूडेंट्स सड़क पर उतर आए।

घटना बीएचयू कैंपस में कर्मन बाबा मंदिर से करीब 300 मीटर दूर एग्रीकल्चर फॉर्म के पास रात करीब डेढ़ बजे की है। आज सुबह करीब 2500 छात्रों ने राजपूताना हॉस्टल के सामने प्रोटेस्ट किया। इसके बाद




विरोध की हवा पूरे कैंपस में फैल गई। देखते ही देखते भारी संख्या में छात्र विरोध में शामिल हो गए।

स्टूडेंट्स ने विरोध करते हुए पूरा कैंपस बंद करा दिया। क्लास और लैब में रिसर्च का काम भी बंद कर दिया गया। पूरे कैंपस में इंटरनेट सर्विस बंद कर दी गई है। छात्रों के प्रदर्शन को 10 घंटे से ज्यादा का समय हो गया है। वे अभी भी अपनी मांग पर अड़े हुए हैं। आईआईटी-बीएचयू के डायरेक्टर के कमरे के बाहर स्टूडेंटस अभी भी जमा हैं। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जाएगी डायरेक्टर को कमरे से बाहर नहीं जाने देंगे। वहीं, इस मामले में लंका थाने में पुलिस ने स्न्ढ्ढक्रदर्ज की है।

#### 15 मिनट तक कब्जे में रखा, जो मन आया किया

छात्रा ने बताया, मैं बुधवार रात 1:30 बजे अपने हॉस्टल से किसी जरूरी काम के लिए बाहर निकली। कैंपस के गांधी स्मृति चौराहे के पास मुझे मेरा दोस्त मिला। हम दोनों साथ में जा रहे थे कि रास्ते में कर्मन बाबा मंदिर से करीब 300 मीटर दूर पीछे से एक बुलेट आई। उस पर 3 लड़के सवार थे। उन लोगों ने बाइक खड़ी करके मुझे और मेरे दोस्त को रोक लिया।

इसके बाद गन पॉइंट पर हमें अलग कर दिया। मेरा मुंह दबाकर मुझे एक कोने में ले गए। वहां पहले मुझे किस किया, उसके बाद गन पॉइंट पर मेरे कपड़े उतरवाए। मेरा वीडियो बनाया और फोटो खींची। मैं जब बचाव के लिए चिल्लाई तो मुझे मारने की धमकी दी। करीब 10-15 मिनट तक मुझे अपने कब्जे में रखा और फिर छोड़ दिया।

मैं अपने हॉस्टल की ओर भागी तो पीछे से बाइक की आवाज आने लगी। डर के मारे एक प्रोफेसर के आवास में घुस गई। वहां पर 20 मिनट तक रुकी और प्रोफेसर को आवाज दी। प्रोफेसर ने मुझे गेट तक छोड़ा।

नई दिल्ली
शुक्रवार 03 नवंबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### अमृतसर में चार नवंबर से होगा अखिल भारतीय विज्ञान मेले का आयोजन

अमृतसर। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा माधव विद्या निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रंजीत एवेन्यू में चार से सात नवंबर तक 21वें विज्ञान मेले का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय के उपाध्यक्ष डॉ अरुण मेहरा ने गुरुवार को पत्रकारवार्ता में कहा कि इस विज्ञान मेले में पहले जिला स्तर पर, फिर राज्य स्तर पर तथा इसके पश्चात क्षेत्रीय स्तर पर विजयी होने वाले विद्या भारती के विद्यालयों के लगभग 350 से अधिक विज्ञान के विद्यार्थी सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर उनके साथ मंच पर पंजाब प्रांत के शिक्षा एवं भारतीय संगठन मंत्री राजिंदर, भाजपा पंजाब के पूर्व मीडिया सचिव जनार्दन शर्मा आदि भी उपस्थित थे। डॉ मेहरा ने कहा कि विज्ञान की प्रतियोगिता शिशु वर्ग, बाल वर्ग, किशोर वर्ग तथा तरुण वर्ग के मध्य होंगी जिसमें चार प्रतियोगितायें-विज्ञान प्रश्न मंच, विज्ञान पत्र वाचन, विज्ञान प्रदर्शनी तथा विज्ञानात्मक प्रयोग रखी गयी है। विद्या भारती 2003 से यह विज्ञान मेला आयोजित करती आ रही है। इस बार का विज्ञान मेला गुरु नगरी अमृतसर में आयोजित होने जा रहा है, जिसमें भारतवर्ष के 11 क्षेत्र के विद्यार्थी इकट्ठे होंगे।

### पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए हॉटस्पॉट सब-डिवीजनों में एडीसी तैनात

जालंधर। पंजाब के जालंधर में पराली जलाने के मामलों को और कम करने के लिए जिला उपायुक्त विशेष सारंगल ने गुरुवार को शाहकोट, फिल्लौर और नकोदर सब-डिवीजनों में अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नरों (एडीसी) की नियुक्ति की, जहां पिछले कुछ दिनों से पराली जलाने के सबसे ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं। उपायुक्त ने अधिकारियों को मामलों में जीरो टॉलरेंस अपनाने और उल्लंघन करने वालों के राजस्व रिकॉर्ड में रेड एंट्री सुनिश्चित करने के अलावा जुर्माना लगाने का निर्देश दिया। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की अध्यक्षता में वर्चुअल कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के बाद उपायुक्त ने कहा कि एडीसी (जी) अमित महाजन शाहकोट की निगरानी करेंगे, एडीसी (यूडी) जसबीर सिंह फिल्लौर की जांच करेंगे और नकोदर सब-डिवीजन का निरीक्षण एडीसी (डी) वरिंदर पाल सिंह बाजवा करेंगे। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में व्यापक क्षेत्रीय दौरे करके इस प्रथा पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि उन सभी मामलों में रेड एंट्री की जाये, जहां पर्यावरण क्षतिपूर्ति लगाने के अलावा क्लस्टर/नोडल अधिकारियों द्वारा पराली जलाने का सत्यापन किया गया था।

### तेलंगाना में हर माह महिलाओं को देगें 4000 का लाभ

नयी दिल्ली/अंबतपल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तेलंगाना में महिला मतदाताओं को लुभाते हुए कहा है कि राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाओं को ढाई हजार रुपए नकद देने के साथ ही कुल 4000 रुपये का मासिक लाभ दिया जाएगा। गांधी ने गुरुवार को तेलंगाना के अंबतपल्ली गांव में महिलाओं की उमड़ी भारी भीड़ के बीच कहा कि तेलंगाना में मुख्यमंत्री केसीआर की लूट से सबसे ज्यादा प्रभावित महिलाएं हुईं हैं इसलिए कांग्रेस ने निर्णय लिया है कि राज्य में सत्ता में आने के बाद जितना पैसा मुख्यमंत्री चन्द्रशेखर राव ने तेलंगाना की जनता से लूटे है वह सब पैसा महिलाओं के बैंक खातों में डाला जाएगा। उन्होंने कहा कांग्रेस सरकार बनने पर तेलंगाना की महिलाओं को प्रति माह चार हजार रुपए का फायदा होगा। इस हिसाब में सबसे पहले महिलाओं के खाते में हर महीने 2,500 रुपए जमा किए जाएंगे। एक हजार रुपये की कीमत वाले सिलेंडर को 500 रुपए में दिया जाएगा। महिलाओं को सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा मिलेगी और इससे हर महीने उनके हजार रूपये बचेंगे। इस तरह सभी से महिलाओं को हर महीने चार हजार रुपये का फायदा होगा।

### देहरादून स्मार्ट सिटी परियोजना का हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान, मांगी विस्तृत रिपोर्ट

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने गुरुवार को देहरादून स्मार्ट सिटी परियोजना के मामले का संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार को परियोजना के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट पेश करने को कहा और दून वैली महा योजना (मास्टर प्लान) तथा पर्यटन विकास योजना (टूरिज्म डेवलेंपमेंट प्लान) के मामले में केन्द्र सरकार को नया जवाबी हलफनामा प्रस्तुत करने को कहा। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ ने दिल्ली निवासी आकाश वशिष्ठ की ओर से दायर जनहित याचिका पर आज सुनवाई की। महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर अदालत में पेश हुए और उन्होंने राज्य सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि राज्य सरकार ने दून वैली का टूरिज्म डेवलपमेंट प्लान तैयार करके चार अक्टूबर को केन्द्र सरकार को भेज दिया। अब केन्द्र सरकार 60 दिन के अदंर इस पर अपनी मुहर लगायेगी और अंतिम अधिसूचना जारी करेगी। राज्य सरकार की ओर से दून वैली का टूरिज्म डेवलेंपमेंट प्लान भी अदालत के समक्ष पेश किया गया। इसी के साथ ही उन्होंने अदालत से जनहित याचिका को पूरी तरह से निस्तारित करने की मांग की।अदालत ने उनकी मांग हालांकिअस्वीकार कर दी और केन्द्र सरकार को निर्देश दिये कि वह इस मामले से जुड़ी नयी रिपोर्ट अगली सुनवाई पर अदालत में पेश करे।

### जयपुर में ईडी का ईओ एवं उसका सहयोगी 15 लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार

जयपुर। राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने सब जोन कार्यालय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) इम्फाल, मणिपुर के प्रवर्तन अधिकारी (ईओ) नवल किशोर मीणा एवं उसके सहयोगी एवं बाबूलाल मीणा कनिष्ठ सहायक कार्यालय उप पंजीयक मुंडावर जिला खैरथल-तिजारा को बुधवार को एक मामले में 15 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों बुधवार को गिरफ्तार किया। एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि परिवादी ने एसीबी की जयपुर नगर तृतीय इकाई को शिकायत की कि कार्यालय ईडी इम्फाल, मणिपुर में दर्ज चिटफण्ड प्रकरण में उसके विरुद्ध मामले को निपटाने , प्रोपटी अटैच नहीं करने एवं गिरफ्तार नहीं करने की एवज में नवल किशोर मीणा सत्रह लाख रुपए की रिश्वत मांग रहे हैं। इस पर एसीबी जयपुर के पुलिस उपमहानिरीक्षक डा रवि के सुपरवीजन में एसीबी जयपुर नगर तृतीय इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिमांशु के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन किया जाकर ब्यूरो टीम ने ट्रेप कार्यवाही करते हुए श्री नवल किशोरी मीणा उर्फ एन के मीणा निवासी ग्राम विमलपुरा, पुलिस थाना तुंगा, बस्सी जिला जयपुर हाल प्रवर्तन अधिकारी सब जोन कार्यालय ईडी इम्फाल, मणिपुर को उसके सहयोगी बाबू लाल मीणा उर्फ दिनेश निवासी ग्राम विमलपुरा के माध्यम से परिवारी से 15 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किर लिया।

### विधानसभा चुनाव के मद्देनजर 23 दिनों में करीब साढ़े चार सौ करोड़ की अवैध सामग्री जब्त

जयपुर। राजस्थान में आगामी 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता लगने के बाद 23 दिनों में प्रदेश में लगभग साढ़े चार सौ करोड़ रुपए मूल्य की अवैध शराब, नगदी एवं अन्य सामग्री जब्त की गई है जो गत विधानसभा चुनाव के समय की जब्ती से अब तक करीब 640 प्रतिशत अधिक हैं। राज्य के निर्वाचन विभाग के अनुसार प्रदेश में अलग-अलग एजेंसियों की ओर से जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी है। प्रदेश में गत नौ अक्टूबर से अब तक 448 करोड़ रुपए की अवैध सामग्री जब्त की गई हैं। इस दौरान सर्वाधिक 71़ 86 करोड़ रुपए मूल्य की अवैध सामग्री जयपुर जिले में जब्त की गई। इसी तरह अलवर में 27़ 14 करोड़, जोधपुर में 20़ 21 करोड़, उदयपुर में 19़ 39 करोड़, नागौर में 18़ 53 करोड़, बीकानेर में 18़ 34 करोड़, चित्तौड़गढ़ में 17़ 36 करोड़, बूंदी में 16़ 30 करोड़, कोटा में 15़ 93 करोड़, भीलवाड़ा में 15़ 55 करोड़, बांसवाड़ा में 14़ 74 करोड़, बाड़मेर में 14़ 33 करोड़, सीकर में 13़ 17 करोड़, पाली में 12़ 62 करोड़, हनुमानगढ़ में 12़ 22 करोड़, टोंक में 12़ 04 करोड़, सिरोही में 11़ 61 करोड़, गंगानगर में 11़ 42 करोड़, अजमेर में 10़ 86 करोड़ एवं झालावाड़ जिले में 10़ 50 करोड़ रुपए की अवैध सामग्री जब्त की गई।

# एयरपोर्ट के पास 500 एकड़ में बसाई जाएगी जापानी टाउनशिप

## इसी माह आएगी भूखंड योजना, यमुना प्राधिकरण ने सेक्टर-32 और सेक्टर-10 में जमीन की चिह्नित



ग्रेटर नोएडा। विदेशी निवेश नीति बनने के बाद यमुना प्राधिकरण ने एयरपोर्ट के पास 500 एकड़ में जापानी टाउनशिप बनाने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। इसे औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें एक ही परिसर में सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जापान की 11 कंपनियों ने क्षेत्र का दौरा कर जमीन चिह्नित करा दी है। जल्द ही इस टाउनशिप के लिए योजना भी लांच कर दी जाएगी।

दरअसल, लखनऊ में हुए वैश्विक निवेश सम्मेलन में जापान के औद्योगिक समूह की ओर से एयरपोर्ट के पास 500 एकड़ भूमि पर जापानी सिटी बसाने की इच्छा व्यक्त की थी। हालांकि एफडीआई पालिसी नहीं बनने के कारण मामला अधर में था। अब सरकार ने एफडीआई पालिसी बना दी है। जिसके बाद जापान के औद्योगिक समूहों की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी से मिलकर एक बार फिर प्रस्ताव दिया गया। शासन के निर्देश पर यीडा ने 500 एकड़ भूमि सेक्टर-10 और सेक्टर-32 में चिह्नित की है।

इसमें सक्टर-32 में 500 एकड़ भूमि दी जाएगी। यहां पर सेमीकंडेक्टर, चिप, कैमरा, एआई इक्यूपमेंट और इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद बनाने वाली कंपनियां आएंगीं। विदेशी कंपनियां यहां 1000 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेंगी। इससे पांच हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।

15 नवंबर के बाद सशर्त एक योजना लाई जाएगी, जिसमें केवल जापान की कंपनी ही भाग ले सकेंगी। सेक्टर-10 और सेक्टर-32 में जिस जमीन पर यह योजना लाई जाएगी, वहां पर जमीन की जांच भी कराई जा चुकी है।

इन कंपनियों में काम करने वाले श्रमिकों और अधिकारियों को सारी सुविधाएं मिल सकें, इसके लिए मिश्रित भू उपयोग की भी छूट दी जाएगी। इन कंपनियों को प्रदेश का जीएसटी नहीं देनी होगी और श्रमिकों के निवास पर 10 करोड़ रुपये सरकार खर्च करेगी।

साथ ही आरएंडडी के लिए दो करोड़ रुपये दिए जाएंगे। बिजली डयूटी पर भी पांच वर्ष तक 100 फीसदी छूट प्रदेश सरकार से मिलेगी और 500 लोगों को प्रशिक्षण देने के लिए प्रति व्यक्ति हर माह पांच हजार रुपये भी सरकार देगी।

### क्या है एफडीआई

भारत दूसरे देशों से निवेश लाने और यहां पर उनको स्थापित कराने के लिए सरकार ने एक नीति बनाई है। इस पूर्ण रूप से विदेशी निवेश लाने के लिए नीति बनाई है। इसे फॉरेन डायरेक्ट इनवेस्टमेंट या एफडीआई भी कहते हैं। इन कंपनियों को कम से कम 100-100 करोड़ रुपये का निवेश करना होगा, तभी उनको यहां पर कारोबार शुरू करने की अनुमति दी जाएगी।

वैश्विक निवेश सम्मेलन में जापान की कंपनियों ने यहां पर उद्योग लगाने की इच्छा जाहिर की थी। अब एफडीआई पालिसी लागू होने के बाद जापान की 11 कंपनियों ने जमीन देखकर आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अब उनकी टाउनशिप के लिए जमीन लाई जाएगी। - डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ, यमुना प्राधिकरण।

## 'उत्तराखंड के मोटे अनाज को मिली है वैश्विक स्तर पर पहचान'

हल्द्वानी/नैनीताल। उत्तराखंड की केबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में कृषकों के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं और उन्हीं के प्रयास से आज देवभूमि के मोटे अनाज को भी वैश्विक पहचान मिली है।

जनपद प्रभारी मंत्री ने आज 'अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष-2023' के अंतर्गत कृषक महोत्सव रबी- 2023 के जनपद स्तरीय कृषक गोष्टी के उद्घाटन के मौके पर यह बात कही। यह महोत्सव आगामीआठ नवम्बर तक चलेगा।

उन्होंने कहा कि कृषक महोत्सव के माध्यम से कृषि क्षेत्र की नवीनतम विधाओं, नवाचारों और जनकल्याणकारी योजनाओं से किसानों को जागरूक किया जाएगा। साथ ही किसान, पशुपालक, कृषि से जुड़े तकनीकी विशेषज्ञ, कृषि व्यवसाय से जुड़े उद्यमी, शिक्षाविद् एक मंच पर एकत्रित होंगे और किसानों को कृषि क्षेत्र में नवीनतम प्रयोग, अनुसंधान आदि की जानकारी दी जाएगी, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके।

इसके अलवा श्रीमती आर्य ने बद्रीपुरा स्टेडियम हल्द्वानी पहुंचकर



मुख्यमंत्री खिलाड़ी उदीयमान उन्नयन योजना से लाभान्वित खिलाड़ियों और उनके परिजनों के साथ बातचीत। खेल मंत्री ने इस मौके पर कहा कि उनकी सरकार खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा,आज हमारे खिलाड़ियों के लिए हमने आउट ऑफ टर्न, प्रोत्साहन राशि सहित कई और सुविधाओं को विकसित किया है। जल्द ही हम सरकारी नौकरी में खिलाड़ियों के लिए 4 प्रतिशत का आरक्षण की भी व्यवस्था करने जा रहे हैं।

इसके साथ ही उन्होंने लाखनमंडी खाद्य गोदाम का निरीक्षण भी किया एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने किसानों से बात की और उनकी समस्याएं सुनीं।उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसानों के लिए बनाए गए नियमों का सख्ती से पालन किया जाए।

## मनरेगा में केंद्रीय धनराशि जारी करने के संबंध में एक दुष्प्रचार अभियान : ममता बनर्जी



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को बताया कि उन्हें मनरेगा में केंद्रीय धनराशि जारी करने के संबंध में जानबूझकर चलाये गए दुष्प्रचार अभियान का पता चला है। बनर्जी ने एक्स पर कहा, मुझे मनरेगा में केंद्रीय धनराशि जारी करने के संबंध में एक जानबूझकर दुष्प्रचार अभियान का पता चला है। उन्होंने कहा, हमारे जोरदार आंदोलनों और विस्तृत तथ्यात्मक रिकॉर्ड और खाते प्रस्तुत करने के बावजूद, केंद्र अपने पैर खींच रहा है और उसने कोई भी रुका हुआ फंड जारी नहीं किया है।लोगों को बेवकूफ बनाने, भ्रम फैलाने और राज्य सरकार को बदनाम करने के लिए गलत सूचना फैलायी जा रही है।हमें अपने उचित हिस्से की जरूरत है, हम इसके हकदार हैं। यहां-वहां गलत जानकारी फैलाये जा रहे हैं। बनर्जी ने कहा, अगर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार बंगाल के गरीब लोगों का वाजिब बकाया जारी करने में विफल रहती है, तो हम 16 नवंबर को नेताजी इंडोर स्टेडियम में एक बैठक करेंगे। उन्होंने कहा, बंगाल की आवाज को दबाने के लिए अपने सभी भ्रष्ट हथकंडे अपनाने के बाद भी भाजपा विफल रही। अगर हम तब पीछे नहीं हटे, तो अब भी पीछे नहीं हटेंगे।

## अवकाश पर आये फौजी की मामूली बात को लेकर हत्या

लुधियाना। पंजाब के लुधियाना में एक शादी समारोह में मामूली बात को लेकर हुये झगड़े में एक फौजी की पीट-पीट कर हत्या कर दी गयी। पुलिस इंस्पेक्टर गुरप्रीत सिंह ने गुरुवार को बताया कि शहर के फुलां वाला क्षेत्र में शादी समारोह में फौजी का कंधा किसी अन्य व्यक्ति से टकराने के झगड़ा हो गया जिसमें फौजी से मारपीट कर उसे घायल कर दिया और देर रात उसकी मौत हो गयी थी। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है और उसके शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## सेक्टर-94 से पुश्ता रोड के ऊपर बनेगा एलिवेटेड रोड, जुड़ेगा ग्रेटर नोएडा

नोएडा। सेक्टर-94 से पुश्ता रोड पर एलिवेटेड एक्सप्रेसवे बनाने की तैयारी है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने इसकी तैयारी कर दी है। इस बाबत कुछ दिन पहले प्राधिकरण और प्रशासन के साथ एनएचएआई की बैठक हो चुकी है। इसमें विकल्प तलाशने को कहा गया है। दरअसल, नोएडा-ग्रेटर नोएडा को जोड़ने वाले एक्सप्रेसवे के विकल्प तलाशने के लिए अधिकारी कवायद कर रहे हैं। इसी कड़ी में दिल्ली में हुई बैठक में पुश्ते के साथ की सड़क को एक्सप्रेसवे के तौर पर तैयार करने पर विचार मंथन हुआ। बैठक में जमीन की अड़चन दूर करने के लिए एलिवेटेड एक्सप्रेसवे बनाने पर चर्चा हुई।

एलिवेटेड एक्सप्रेसवे को दिल्ली से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को जोड़ने की योजना है। न्यू नोएडा के मास्टर प्लान 2041 में भी इसका जिक्र किया गया है।

हालांकि इस बाबत अभी अंतिम फैसला होना बाकी है। एयरपोर्ट से दिल्ली और नोएडा को बेहतर कनेक्टिविटी देने के लिए भी यह जरूरी है क्योंकि वर्तमान एक्सप्रेसवे पर वाहनों का दबाव काफी ज्यादा है। इसके दूसरी ओर किसी तरह की सड़क बनाने का विकल्प मौजूद नहीं है क्योंकि दूसरी ओर सर्विस रोड के बाद मेट्रो का कॉरिडोर भी है। ऐसे में एक्सप्रेसवे के दाईं ओर ही विकल्प सही माना जा रहा है। अब इसके विकल्प के लिए अधिकारियों की टीम मौके पर जाकर जायजा लेगी और विचार मंथन के बाद डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने का काम शुरू होगा। हालांकि यह तभी होगा जब इस परियोजना के लिए एकराय बन जाएगी।

## पराली जलाने पर 10 किसानों के खिलाफ शिकायत दर्ज, हो सकती है तीन महीने की सजा

अमृतसर। पंजाब के पर्यावरण विभाग ने धान की पराली जलाने वाले किसानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है, जिसके परिणामस्वरूप आज मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अमृतसर के समक्ष पांच अलग-अलग आपराधिक शिकायतें दर्ज की गयी हैं, जिनमें 10 किसान शामिल हैं।

पर्यावरण अभियंता सुखदेव सिंह ने गुरुवार को बताया कि विभाग के अधिकारियों को मिली शिकायतों के आधार पर संतोख सिंह पुत्र हरदित्त सिंह निवासी गांव नाग कलां, कंवलजीत सिंह पुत्र सुरजीत सिंह निवासी सठयाला, परमजीत कौर पत्नी करतार सिंह बलियान मंझपुर निवासी जस्सा सिंह पुत्र खासा निवासी हजारा सिंह रमनदीप सिंह पुत्र जसवन्त सिंह, हरदीप सिंह पुत्र सुखबीर सिंह, रणजीत सिंह पुत्र बंता सिंह, गुरु पुत्री बंता सिंह, बीरो पुत्री बंता सिंह, निंदर कौर पुत्री बंता सिंह सभी निवासी संगतपुरा पर



पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1981 के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम के तहत यदि कोई व्यक्ति दोषी पाया जाता है, तो उसे तीन महीने की कैद या 10 हजार रुपये जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है।

सिंह ने किसानों से अपील की कि पराली जलाने से जहां वे अपनी जमीन और पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं, वहीं उन्हें विभाग की ओर से कानूनी कार्रवाई का भी सामना करना पड़ सकता है, इसलिये सभी किसान पराली जलाने की बजाय अपने खेतों में ही पराली को भविष्य की जरूरतों के लिए स्टॉक करें। गांव इब्बन में पराली में आग लगने की सूचना मिलने पर जिला उपायुक्त घनशाम थोरी फायर ब्रिगेड की गाड़ियों और अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने जहां भी आग बुझाई, वहां के खेत मालिक को मौके पर बुलाकर ऐसा करने से रोका और अपील की कि किसान पराली को आग न लगायें। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय, केंद्र सरकार के एयर क्वालिटी कमिश्नर और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल इस मुद्दे पर काफी सख्त हैं, लेकिन हम अपने किसान भाइयों को बहुत प्यार से समझा रहे हैं, नहीं तो हमें भी सख्ती करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि उनके सहित सभी अतिरिक्त उपायुक्त, एसडीएम, तहसीलदार, कृषि अधिकारी, प्रदूषण विभाग और पराली की आग रोकने के लिये जिले में नियुक्त किये गये 275 नोडल अधिकारी और 55 क्लस्टर अधिकारी इस कार्य में लगे हुये हैं।

## श्रीनगर में आतंकवादियों के दो सहयोगी गिरफ्तार

श्रीनगर। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में पुलिस ने अल बद्र आतंकवादी गुट के दो संदिग्ध सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। संदिग्धों को बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात शालतेंग बंड में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि दोनों की पहचान यावर रशीद डार और बासित नबी भट के रूप में की गई - दोनों सैंडरकोटे बाला हाजिन बांदीपोरा के निवासी है। पुलिस ने कहा, संयुक्त दल द्वारा शाल्टेंग पुल के पास एक सुरक्षा चौकी पर देर रात जांच के दौरान अल-बद्र के दो आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने तलाशी के दौरान उनके पास से एक पिस्तौल, दो मैगजीन, 28 राउंड गोलियां और एक हथगोला बरामद करने का दावा किया है। इस संबंध में परिम्पोरा पुलिस थ्ज्ञान में मामला दर्ज किया गया है।

## पेड़ों की अवैध कटाई के मामले में उत्तराखंड उच्च न्यायालय सख्त

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने नैनीताल के कालाढूंगी तथा बाजपुर में पेड़ों की अवैध कटाई के मामले में गुरुवार को वनाधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के संकेत देते हुए इसे अराजकतावाद की संज्ञा दी और इस मामले न्यायमित्र अधिवक्ता नियुक्त कर दिया।

न्यायमूर्ति शरद कुमार शर्मा और न्यायमूर्ति पकंज पुरोहित की युगलपीठ में आज इस मामले में सुनवाई हुई। उच्च न्यायालय ने इस मामले का स्वत: संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका दायर कर ली थी।

प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) पैन हिमांशु बागड़ी, डीएफओ प्रकाश आर्य और वना क्षेत्राधिकारी लक्ष्मण मर्तोलिया अदालत में पेश हुए और पेड़ों की अवैध कटाई को लेकर जवाबी हलफनामा पेश किया लेकिन अदालत उनके जवाब से संतुष्ट नजर नहीं आयी। अदालत ने डीएफओ के जवाब कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए



कि कहा कि दो साल से किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गयी। अदालत ने सुनवाई के दौरान साफ-साफ कहा कि यह अराजकता की चरम सीमा है। अदालत ने कहा, यह मामला हमारे और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा हुआ है। इसलिये दोषी वनाधिकारियों को बख्शा नहीं जायेगा। अदालत ने इस मामले की तह तक जाने के लिये वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद वशिष्ठ और अधिवक्ता हर्षपाल शेखों को न्यायमित्र अधिवक्ता नियुक्त किया है। उन्होंने न्यायमित्र अधिवक्ता को मामले से जुड़े सभी दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। अदालत इस मामले में अगले सप्ताह सुनवाई करेगी।

## गलत उपचार की स्वीकारोक्ति पर भाजपा ने ममता से मांगा इस्तीफा

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के एसएसकेएम अस्पताल में कथित गलत इलाज के कारण उनके पैर में सेप्टिक संक्रमण हो जाने की स्वीकारोक्ति के बाद उनसे इस्तीफा मांगा है।

बनर्जी ने बुधवार को नबन्ना (राज्य सचिवालय) में संवाददाताओं से कहा था कि गलत इलाज के कारण उनके पैर में सेप्टिक संक्रमण हो गया है ,जिसके कारण वह सात दिनों तक चलने-फिरने में असमर्थ हैं।

मुख्यमंत्री के इस बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विपक्ष के नेता शुवेंदु अधिकारी ने उनसे इस्तीफे की मांग की है।

अधिकारी ने एक्स पर लिखा, एसएसकेएम अस्पताल में अपने गलत इलाज के बाद मुख्यमंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए।

उन्होंने आरोप लगाया कि प्रमुख अस्पताल के डॉक्टर प्रशासनिक दबाव में झूठी कागजी कार्रवाई करने और कम चिकित्सा सेवाएं देने में व्यस्त हैं।

भाजपा सांसद दिलीप घोष ने गुरुवार को एसएसकेएम अस्पताल पर बयान के लिए स्वास्थ्य मंत्री को कारण बताओ नोटिस देने की मांग की और कहा कि अति विशिष्ट व्यक्ति के साथ अगर ऐसा होता है तो आम लोगों के साथ क्या होगा। उन्होंने पहले स्वास्थ्य मंत्री की टिप्पणी के लिए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने और सबसे पहले मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग की।


उन्होंने पूछा, हम यह भी जानना चाहते हैं कि एसएसकेएम अस्पताल में कई उच्च गुणवत्ता वाले चिकित्सक जुड़े हुए हैं, फिर एक वीवीआईपी का गलत इलाज कैसे हुआ है? जब वीवीआईपी के इलाज में लापरवाही बरती गयी तो राज्य में गरीब लोग इलाज के लिए कहां जाएंगे।

## सज्जाद लोन ने कश्मीरियों को सामूहिक दंड न देने का किया आग्रह

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष सज्जाद लोन ने गुरुवार को अधिकारियों से कश्मीरियों को 'सामूहिक दंड' नहीं देने का आग्रह किया। पार्टी के एक बयान के अनुसार, लोन ने पिछले 24 घंटों में पुलिस द्वारा युवा और बूढ़े दोनों व्यक्तियों को 'घूमने' की पाबंदी पर कड़ी आलोचना व्यक्त की। उन्होंने कहा, ओजीडब्ल्यू (ओवरग्राउंड वर्कर्स) के नाम पर पिछले 24 घंटों में सैकड़ों लोगों को हिरासत में लिया गया है। ये वे लोग हैं जिनका अतीत उग्रवाद में रहा होगा, लेकिन अब पिछले दो दशकों से कानून का पालन करने वाले नागरिक हैं। वे दादा, पिता और आजीविका कमाने वाले लोग हैं। एक पूरी पीढ़ी को कैसे और कब तक दंडित किया जा सकता है? उन्होंने जो गलती की है, उसके लिए क्या उन्हें आने वाले समय में हमेशा के लिए दंडित किया जाएगा?

## त्रिपुरा ने बंगलादेश में बिजली की बढ़ती मांग के मद्देनजर उत्पादन बढ़ाने का लक्ष्य रखा

अगरतला। त्रिपुरा सरकार बंगलादेश में बिजली की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए राज्य में बिजली उत्पादन बढ़ाने के लिए एक बहुआयामी रणनीति पर विचार कर रही है। यह जानकारी राज्य के बिजली मंत्री रतन लाल नाथ ने गुरुवार को दी। नाथ ने कहा कि बिजली बिक्री समझौते के अनुसार त्रिपुरा राज्य विद्युत निगम लिमिटेड 2016 से अगरतला के सूर्यमणिनगर ग्रिड के माध्यम से बंगलादेश के ब्राह्मणबारिया ग्रिड को 100 मेगावाट बिजली प्रदान कर रहा है और पड़ोसी देश के लिए आपूर्ति बढ़ाने की योजना बना रहा है। बिजली मंत्री ने कहा कि बंगलादेश में लगभग 1,400 मेगावाट बिजली की कमी है और यदि हम अपनी उत्पादन क्षमता में बड़े पैमाने पर सुधार करते हैं तो त्रिपुरा के पास मौजूदा आपूर्ति की मात्रा बढ़ाने की गुंजाइश है। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा अधिकांश रूप से प्राकृतिक गैस के



माध्यम से स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन कर रहा है और अब गैर-पारंपरिक स्रोतों द्वारा बिजली उत्पादन करने के लिए प्रयासरत है। ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों से बिजली उत्पन्न करने पर विचार करते हुए श्री नाथ ने कहा कि भले ही वाणिज्यिक और औद्योगिक आवश्यकताओं में बहुत ज्यादा वृद्धि न हो फिर भी राज्य में बिजली की खपत 2030-31 तक कम से कम 700 मेगावाट तक पहुंच जाएगी, हालांकि वर्तमान स्थिति में इसकी संभावना नहीं लगती है। सूत्रों के अनुसार त्रिपुरा में एक पनबिजली परियोजना सहित सभी तीन उत्पादन स्टेशनों के माध्यम से लगभग 115 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जा रहा है। इसे ओएनजीसी त्रिपुरा पावर कंपनी (ओपीटीसी) से लगभग 150 मेगावाट और नीपको द्वारा संचालित मोनर्चक संयंत्र से 92 मेगावाट की आपूर्ति होती है, जबकि प्रचंड गर्मी के दिनों और त्योहारों के अवसर को छोड़कर राज्य के 9.33 लाख उपभोक्ताओं की मांग 240 मेगावाट है। इसके बावजूद ओटीपीसी और नीपको दोनों शुरुआत से ओएनजीसी से गैस की अपर्याप्त आपूर्ति के कारण अपनी पूरी क्षमता से विद्युत उत्पादन करने में असमर्थ रहे हैं। आधिकारिक सूत्रों ने दावा किया कि ओटीपीसी संयंत्र अपनी 726 मेगावाट की उत्पादन क्षमता में से केवल 550 मेगावाट का उत्पादन कर रहा है, जबकि नीपको 101 मेगावाट की अपनी उत्पादन क्षमता के मुकाबले मोनार्कक परियोजना से लगभग 95 मेगावाट का उत्पादन कर रहा है।

## शार्ट न्यूज

### प्रदूषण बढ़ने से ग्रैप का तीसरा चरण लागू

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण में वृद्धि के बीच वायु गुणवत्ता पैनल ने गुरुवार को ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के तीसरे चरण के तहत प्रतिबंधों को लागू करने का निर्देश दिया है। जिसमें गैर-जरूरी निर्माण और तोड़-फोड़ के काम पर रोक शामिल है। सीएक्यूएम की मीटिंग के बाद राजधानी में ग्रैप-3 को लागू करने का फैसला लिया गया। गुरुवार को दिल्ली में हवा की क्वालिटी बेहद खराब श्रेणी में रही। दिल्ली के अलावा नोएडा और ग्रेटर नोएडा में हवा बेहद खराब कैटेगरी में दर्ज की गई। ग्रैप-3 लागू होने के साथ सभी गैर-आवश्यक निर्माण और तोड़फोड़ के कार्यों पर रोक लग गई है। इसके अलावा दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गौतम बुद्ध नगर में पेट्रोल से चलने वाले बीएस-3 इंजन और डीजल से चलने वाले बीएस-4 चार पहिया वाहनों के इस्तेमाल पर रोक लग गई है। दिल्ली के तीन सौ किलोमीटर के अंदर प्रदूषण फैलाने वाली इंडस्ट्रियल यूनिट और थर्मल पावर प्लांट पर नजर रखा जाएगा व कार्रवाई भी हो सकती है। होटल व रेस्तरां के तंदूर में कोयले और लकड़ी के इस्तेमाल पर भी पूरी तरह से रोक लग गई है।

### नोएडा में यथार्थ अस्पताल की लिफ्ट टूटी

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-110 में स्थित यथार्थ अस्पताल में एक लिफ्ट टूटकर नीचे गिर गई। घटना के समय लिफ्ट के अंदर चार स्टाफ मौजूद था। लिफ्ट के झटके टूटने से चारों को हल्की चोट आई हैं। मौके पर पुलिस बल मौजूद है। घायलों को बाहर निकालकर इमरजेंसी में भेजा गया। वहां उनका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। फेस-टू थाना क्षेत्र के सेक्टर-110 स्थित यथार्थ अस्पताल में आज दोपहर लिफ्ट टूटकर गिर गई। इस लिफ्ट में सामान ले जाने का काम किया जाता है। घटना के दौरान अस्पताल में काम करने वाले चार लोग मौजूद थे। तार टूटने से लिफ्ट झटके से नीचे गिरी। जानकारी मिलने के बाद फेस-2 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को बाहर निकल गया है। लिफ्ट करीब आठ फीट की ऊंचाई से नीचे गिरी। जिससे लोगों को चोट लगी है। पुलिस के मुताबिक, घायलों में सिद्धनाथ, सृष्टि श्रीवास्तव, अर्जुन और सुखदेव माली लिफ्ट में थे। इन्हें चोटें आई हैं। डॉक्टरों के मुताबिक, सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। बता दे इससे पहले आम्रपाली की निर्माणाधीन लिफ्ट गिरने से आठ मजदूरों की मौत हो चुकी है। वहीं पारस टियारा सोसाइटी में लिफ्ट में दम घुटने से एक बुजुर्ग महिला की मौत भी हो चुकी है।

### घर में घुसे चोर ने वृद्ध की उंगली काटी

गाजियाबाद। गाजियाबाद के शालीमार गार्डन इलाके में एक चोर 20 फुट ऊंचे पाइप पर चढ़कर घर में घुस आया। उसने बेडरूम में सो रही वृद्धा की गला-मुंह दबाकर जान से मारने की कोशिश की। वृद्धा के पति ने जब चोर को पकड़ा तो उसने मुंह से उंगली चबाकर अलग कर दी। साहस दिखाते हुए परिवार ने चोर को धर दबोचा और पुलिस को सौंप दिया। आरोपी के तीन साथी फरार होने में कामयाब रहे। शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-2 गुरदेव सिंह अपनी पत्नी अमृत वर्षा और पुत्र गुरप्रीत सिंह के साथ रहते हैं। 71 वर्षीय गुरदेव सिंह अमृत वर्षा फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया से सेवानिवृत्त हैं। जबकि बेटा गुरप्रीत सिंह ग्रेटर नोएडा वेस्ट में एक बिल्डर कंपनी में जॉब करता है। गुरप्रीत सिंह ने बताया, घर के बराबर में एक बिल्डिंग है। उसके पाइप के सहारे बुधवार रात साढ़े तीन बजे के आसपास चोर उनके घर के सेकेंड फ्लोर की बालकनी में आ गया। उस समय पिता गुरदेव सिंह बाथरूम में थे और मम्मी अपने रूम में सो रहीं थीं। चोर सीधा रूम में पहुंचे और मम्मी का एक हाथ से मुंह दबा लिया, जबकि दूसरे हाथ से गला दबाने का प्रयास किया। चीख पुकार सुनकर पिता बाथरूम से निकले और चोर को पकड़ लिया। चोर ने हमला करते हुए पिता के हाथ की एक अंगुली अपने मुंह में दबा ली। उसने इतनी तेज काटा कि उंगली का कुछ हिस्सा अलग होकर गिर गया।

### गाजियाबाद में 18 करोड़ से हॉस्टल बनेगा

गाजियाबाद। दिल्ली-एनसीआर का प्रमुख शहर गाजियाबाद है। यहां यूपी सहित कई राज्यों से अकेली महिलाएं जॉब करने के लिए आती हैं। कई दफा उन्हें घर ढूंढने में तमाम परेशानियां आती हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए गाजियाबाद में वर्किंग वूमेन के लिए हॉस्टल बनाने का फैसला नगर निगम ने लिया है। 260 बेड वाले चार मंजिला हॉस्टल के निर्माण पर करीब 18 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। ये काम राज्य स्मार्ट सिटी मिशन योजना के तहत होगा। इसके तहत गाजियाबाद को सेफ सिटी में पहले ही चुना जा चुका है। वूमेन वर्किंग हॉस्टल का निर्माण CNDS करेगी। पहले राजनगर एक्सटेंशन में 200 बेड के हॉस्टल का प्रस्ताव पास हुआ था। बाद में तय हुआ कि ये हॉस्टल अब 260 बेड का बनेगा। डबल बेडरूम का कमरा होगा। चार मंजिला इस हॉस्टल में हर फ्लोर पर सीसीटीवी कैमरे, दो-दो वॉटर कूलर होंगे। इसके अलावा मॉड्यूलर किचिन, फर्नीचर, लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं भी होंगी। वर्किंग वूमेन हॉस्टल के लिए नगर निगम ने मरियम नगर नंदग्राम में करीब चार हजार वर्ग मीटर जमीन को कब्जामुक्त कराया है। इस जमीन की कीमत करीब 20 करोड़ रुपए है। अभी तक इस जमीन पर सेंट फ्रांसिस आईटीआई संस्थान का कब्जा था। जब नगर निगम को ये बात पता चली तो इसकी पैमाइश कराई गई।

### मोदीनगर में बुखार से सैनिक की मौत

मोदीनगर। मोदीनगर में बुखार का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुखार की चपेट में आकर गांव सुठारी निवासी सैनिक की मेरठ के मिलिट्री अस्पताल में मौत हो गई। सैनिक की मौत के बाद गांव में गम का माहौल है। गांव सुठारी में गुरुवार शाम को सैनिक का सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान सेना के कई अधिकारी मौजूद रहे है। गांव सुठारी निवासी सोमपाल सिंह (42) अपनी पत्नी सुधा व पुत्र चिराग व अंश के साथ रहते थे। वह सेना में 21 महार रेजीमेंट में तैनात थे। इन दिनों उनकी ड्यूटी मेरठ कैंट में चल रही थी। एक माह पहले वह छुट्टी लेकर गांव सुठारी आए थे। बताया जा रहा है कि पांच दिन पहले उन्हें बुखार आया था। पहले उन्होने स्थानीय डॉक्टरों को दिखाया। जब उनकी हालात ठीक नहीं हुई तो परिजनों ने सोमपाल सिंह को मेरठ स्थित मिलिट्री अस्पताल में भर्ती करा दिया। परिजनों ने बताया कि उनकी डेंगू रिपोर्ट में भी निगेटिव आई थी। मेरठ के अस्पताल में मंगलवार रात को उनकी मौत हो गई। मेरठ कैंट से उनका पार्थिव शरीर गांव सुठारी लाया गया। उनके अंतिम संस्कार में ग्रामीणों का सैलाब उमड़ पड़ा। श्मशान घाट परिसर में सैना पुलिस द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। उनके पुत्र चिरांग ने उनके पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दिया। सैनिक की मौत के बाद पूरे गांव में गम का माहौल बना हुआ है। गुरुवार को गांव में किसी भी घर में चूल्हा तक नहीं चला है। बीटेक कर रहे पुत्र चिराग ने बताया कि पाप एक माह पहले छुट्टी पर आए थे। 31 अक्टूबर को उन्हें वापस डयूटी पर जाना था।

### डीसीआरबी में भी नहीं दर्ज अज्ञात का शव मिलने की सूचना

गाजियाबाद। विजयनगर क्षेत्र में 30 जुलाई को मिले बादलपुर निवासी सुरेंद्र के शव के मामले की जानकारी पुलिस ने न तो डीसीआरबी (डिस्ट्रिक क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो) को दी और न ही अन्य थानों में पोस्टर लगाए। डीसीआरबी में आज तक भी अज्ञात शव मिलने और लावारिस में अंतिम संस्कार की जानकारी दर्ज नहीं है। पुलिस मामले में जांच के बाद कार्रवाई की बात कह रही है। इतना ही नहीं थाने में गुमशुदगी के पोस्टर लगे होने के बावजूद आसपास के थानों को भी शव मिलने की सूचना नहीं दी और लावारिस में दाह संस्कार कर दिया। पहचान होने और मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस मान रही है कि सुरेंद्र के साथ लूट हुई थी जो ऑटो चालक ने की थी लेकिन दावा कर रही है कि उनकी हत्या नहीं हुई हादसे में उनकी मौत हुई है। विजयनगर पुलिस की लापरवाही के कारण एक तो लूट और हत्या के मामले में 89 दिन बाद मुकदमा दर्ज हुआ। दूसरी ओर जानकारी नहीं देने पर परिजनों को सुरेंद्र का शव नहीं मिल सका। पुलिस गंभीरता दिखाती तो न तो परिजनों को परेशानी होती और घटना का खुलासा भी समय से हो जाता। विजयनगर थाने में तैनात जिस पुलिसकर्मी ने लापरवाही बरती है एसके खिलाफ अभी तक उच्चाधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की है। अधिकारियों का कहना है कि मामले में जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## एनडीएमसी ने रेकिट के साथ शिक्षकों के लिये पहली लाइफ-स्किल्स ट्रेनिंग वर्कशॉप आयोजित की

नयी दिल्ली। नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने रेकिट के साथ मिलकर 150 से ज्यादा शिक्षकों के लिए अपनी पहली लाइफ-स्किल्स ट्रेनिंग वर्कशॉप का यहां आयोजन किया जिसमें ड्यूरेक्स बर्ड्स एंड बीज़ टॉक (टीबीबीटी) प्रोग्राम किशोरों और युवाओं को लाइफ स्किल्स विकसित करने के लिए शिक्षित करने पर जोर दिया गया।

इस वर्कशॉप में एनडीएमसी के अध्यक्ष अमित यादव, एनडीएमसी के निदेशक (शिक्षा) आर.पी. सती, एहलकॉन ग्रुप ऑफ स्कूल की स्कूल शिक्षा पर एसोचैम टास्कफोर्स के अध्यक्ष तथा अध्यक्ष के सलाहकार (एसडीपीईएस) डॉ अशोक पांडे, एसोचैम राष्ट्रीय सीएसआर और अधिकारिता परिषद के सह-अध्यक्ष तथा रेकिट के निदेशक (विदेश मामले और भागीदारी, दक्षिण एशिया) रवि भटनागर और पार्टी-प्लान इंडिया के प्रमुख तथा कार्यक्रम विशेषज्ञ डॉ कोमल गोस्वामी मौजूद रहे।

वर्कशॉप के सत्रों का संचालन शिक्षा, किशोर मनोविज्ञान और साइबर सुरक्षा से जुड़े प्रमुख विशेषज्ञों ने किया।

एसोचैम राष्ट्रीय सीएसआर और अधिकारिता परिषद के सह-अध्यक्ष तथा रेकिट के निदेशक (विदेश मामले और भागीदारी, दक्षिण एशिया) रवि भटनागर ने बुधवार को शुरू हुएकार्यशाला में कहा, रेकिट में हमारा मानना है कि युवाओं का दिमागी पोषण आने वाले कल को आशाजनक बना सकता है। शिक्षकों में भविष्य के नेताओं को प्रेरित करने और एक समावेशी समाज सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाने की ताकत है।

ड्यूरेक्स टीबीबीटी ट्रेनिंग प्रोग्राम के माध्यम से हमारा लक्ष्य किशोरों को जरूरी ज्ञान प्रदान करने के साथ ही उन्हें सूचित, सहानुभूतिपूर्ण और आत्मविश्वासी वयस्कों के रूप में तैयार करने के लिए शिक्षकों को सही कौशल प्रदान करना है। हम किशोरों और युवाओं में लाइफ स्किल्स को बढ़ावा देने के हमारे दृष्टिकोण के साथ जुड़ने के लिए एनडीएमसी का शुक्रिया अदा करते हैं।

एनडीएमसी के अध्यक्ष अमित यादव ने वर्कशॉप में शिक्षण समुदाय का मार्गदर्शन किया और विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों के लिए सीखने की गतिविधियों महत्व को समझाया। उन्होंने कहा, छात्रों का 40 प्रतिशत समय स्कूल में बीतता है और इसलिए बेहतर समाज के लिए स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने और उचित संवाद के साथ बातचीत करना बहुत महत्वपूर्ण है। शिक्षा से बच्चे को जीवन में आगे बढ़ने के लिए बुनियादी आधार मिलता है। शिक्षक किसी भी विद्यार्थी की सीखने की भूमिका में विविधता लाने में महत्वपूर्ण किरदार अदा करते हैं। इसलिये समाज के हित में यह महत्वपूर्ण है कि उचित संवाद और शिक्षा द्वारा बातचीत को सुगम बनाया जाए।

एसोचैम के महासचिव और सीएसआर के लिए एसोचैम फाउंडेशन के ट्रस्टी दीपक सूद ने कहा, ड्यूरेक्स टीबीबीटी प्रोग्राम की कड़ी के रूप में हम किशोरों को उनके जीवन के क्षणिक चरण में उचित जागरूकता, शिक्षा, परामर्श और मार्गदर्शन के साथ प्रेरित करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

प्रशिक्षण कार्यशाला के माध्यम से हमारा लक्ष्य किशोरों को स्वस्थ वयस्कों के रूप में विकसित होने में मदद करने के लिए शिक्षकों को शिक्षित करना और इसके लिए उन्हें पर्याप्त ज्ञान प्रदान करना है।

कार्यशाला में किशोरावस्था विशेषज्ञ डॉ लतिका भल्ला, एम्स के क्लिनिकल साइकोलॉजी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ रचना भार्गव, साइबर विशेषज्ञ मनीष तोमर और शिक्षाविद्, राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार विजेता-2023 तथा ग्लोबल टीचर्स अवार्ड-2019 की फाइनलिस्ट आरती कानूनगो का भी योगदान रहा।

## भाजपा के इशारे पर भेजा गया ईडी का समन : केजरीवाल

एजेंसी



नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इशारे पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन्हें समन जारी किया है।

केजरीवाल ने ईडी को गुरुवार को एक पत्र लिखकर कहा कि भाजपा के कहने पर नोटिस इसलिए भेजा गया ताकि चार राज्यों में होने वाले चुनाव प्रचार नहीं कर सकूं। उन्होंने समन को वापस लेने की माँग की।

उन्होंने कहा कि यह साफ नहीं है कि आपने मुझे किस नाते समन भेजा है, एक गवाह के तौर पर या फिर संदिग्ध के तौर पर। समन में विस्तार से नहीं बताया गया है। उन्होंने कहा कि यह भी नहीं बताया गया कि उन्हें व्यक्तिगत तौर पर बुलाया गया है या फिर मुख्यमंत्री के तौर पर या फिर आम आदमी पार्टी के मुखिया के तौर पर।

मुख्यमंत्री ने कहा 30 अक्टूबर की दोपहर को भाजपा नेताओं ने कहना शुरू कर दिया था कि जल्द ही मुझे तलब किया जाएगा और गिरफ़्तार किया जाएगा। उसी दिन शाम को मुझे समन मिला। इससे साफ जाहिर है कि मेरी छवि बदनाम करने के लिए समन भाजपा नेताओं को पहले लीक कर दिया गया था।

उन्होंने कहा, देश में पांच राज्य यानी मिजोरम, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना में जल्द ही चुनाव होने वाले हैं। आम आदमी पार्टी हर जगह चुनाव लड़ रही है। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और स्टार प्रचारक होने के नाते, उन्हें चुनाव प्रचार के लिए यात्रा करनी है। दूसरी ओर मैं दिल्ली का मौजूदा मुख्यमंत्री हूं। दीपावली के त्योहार के चलते मेरे पास आधिकारिक तौर पर कई काम हैं। जहां मेरा होना जरूरी है।

गौ़रतलब है कि दिल्ली शराब नीति घोटाले में आप नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया फरवरी से ही जेल में बंद हैं। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को भी ईडी ने हाल ही में गिरफ्तार किया। इसके अलावा इस मामले में ईडी ने आज दिल्ली के कैबिनेट मंत्री राज कुमार आनंद के ठिकानों पर छापेमारी की है।

### मांस कारोबारी की फैक्टरी पर दूसरे दिन भी जारी रहा आयकर का छापा

गाज़ियाबाद। मसूरी में मांस कारोबारी हाजी यासीन कुरैशी की इंटरनेशनल एग्रो फूड फैक्टरी पर दूसरे दिन देर शाम तक आयकर का छापा जारी रहा। फैक्टरी के अंदर आयकर विभाग के अधिकारी आय-व्यय के दस्तावेज खंगालते रहे। बाहर पुलिस का पहरा रहा। यासीन कुरैशी के मुंबई स्थित कार्यालय में सर्च के बाद टीम लौटकर मसूरी स्थित फैक्टरी पहुंच गई है। यासीन कुरैशी मीट के बड़े कारोबारी है। अधिकारियों का कहना है कि सर्च के दौरान महत्वपूर्ण दस्तावेज हाथ लगे हैं। प्रधान आयकर आयुक्त कानपुर शिशिर झा और मुख्य आयकर आयुक्त गाजियाबाद डॉ. शुचिस्मता पलई के निर्देशन में मंगलवार दोपहर 12 बजे इंटरनेशनल एग्रो फूड फैक्टरी और मुबंई स्थित फैक्टरी के कार्यालय पर छापा मारा गया है। दोनों जगहों पर इनकम टैक्स विभाग के 50 अधिकारी लगाए गए हैं। बुधवार को फैक्टरी के गेट नंबर दो पर पुलिस के जावन मुस्तैद रहे।

## मोदी सरकार ने सिसोदिया पर पीएमएलए लगाया इसलिए नहीं मिल रही जमानत



नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने गुरुवार को कहा कि मोदी सरकार ने पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पर धन शोधन निवारण अधिनियम लगाया है इसलिए उनको सुप्रीम कोर्ट से जमानत नहीं मिल रही है। 'आप 'की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने आज यहां संवाददाताओं से कहा कि पूरे देश ने देखा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कैसे ललित मोदी, विजय माल्या, मेहुल चौकसी, नीरव मोदी को देश से भगा दिया लेकिन देश में शिक्षा क्रांति लाने वाले दिल्ली के पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया को जेल में डाल दिया। सिसोदिया के बनाए सरकारी स्कूल देखने के लिए मोदी सरकार ने मिलेनिया ट्रम्प को भेजा। इससे पहले, मोदी सरकार ने देश को मोहल्ला क्लीनिक का मॉडल देने वाले सत्येंद्र जैन को गिरफ्तार किया। जैन ने दिल्ली के अंदर सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर करके दिखाया। कई विदेशी हस्तियों ने दिल्ली सरकार के मोहल्ला क्लीनिक की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने मेहुल चौकसी को भगा दिया और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया। श्री सिंह लगातार रेहड़ी पटरी वालों की आवाज उठा रहे थे। इसके अलावा, सीएजी की रिपोर्ट में उजागर हुए केंद्र सरकार के घोटालों को देश के सामने रख रहे थे। श्री सिंह की आवाज को दबाने के लिए जेल में डाला गया। उन्होंने सिसोदिया को जमानत न मिलने की वजह बताते हुए कहा कि वर्ष 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने देखा कि पीएमएलए का एक प्रोविजन है, जो कहता है कि अगर किसी के ऊपर आरोप है कि उसने मनी लॉड्रिंग की है तो आरोपी को ही साबित करना होगा कि उस पर लगा आरोप गलत है।

## नोएडा में 10 साल की बच्ची के साथ रेप

एजेंसी

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-8 में एक 10 साल की बच्ची के साथ रेप किया गया। रेप उसके पड़ोस में रहने वाले कथित डॉक्टर ने किया। बच्ची को सेक्टर-39 स्थित जिला अस्पताल में मेडिकल जांच और इलाज के लिए भेजा गया है।

के परिजनों की शिकायत पर आरोपी कथित डॉक्टर की तलाश की जा रही है। जल्द उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

10 साल की मासूम बच्ची फेस वन थाना क्षेत्र के सेक्टर 8 में अपने परिवार के साथ रहती है गुरुवार की दोपहर वह घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले एक कथित डॉक्टर ने बच्ची के साथ रेप की घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद जब बच्ची खून से लखपत थी तो यह देखकर उसके परिवार वाले घबरा गए।

बच्ची से मामले की जानकारी होने के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची थाना फेस वन की पुलिस बच्ची को लेकर अस्पताल गई। वहां बच्ची का इलाज किया जा रहा है।

डीसीपी हरीश चंदर ने बताया कि 10 वर्षीय बालिका के साथ पड़ोस के एक डॉक्टर का काम करने वाले व्यक्ति के द्वारा रेप करने की सूचना मिली है।

मौके पर पुलिस बल मौजूद है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 3 टीमों का गठन किया गया है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

### उधार दिए 4.80 लाख रुपये मांगने पर दी धमकी

मुरादनगर। प्लॉट खरीदने के लिए उधार दिए 4.80 लाख रुपये मांगने पर कर्जदार अब किसान को अंजाम भुगतने की धमकी दे रहा है। पीड़ित ने पुलिस से गुहार लगाई है। नेकपुर गांव निवासी किसान आलम ने बताया कि चार साल पहले हुसैनपुर गांव निवासी जानकार व्यक्ति ने अपना प्लॉट खरीदने के लिए 4.80 लाख रुपये उधार लिए थे, उसने छह माह में रुपये लौटाने का वायदा किया था। समय बीतने के बाद रुपये मांगने पर आरोपी अगले माह रुपये देने की बात कहकर टरकाता रहा। चार साल बाद भी कर्जदार ने उधार लिए रुपये नहीं लौटाये। आरोप है कि रुपये मांगने पर कर्जदार अब गाली गलौच कर अंजाम भुगतने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने मामले में जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

## संघर्षों की आग में तपकर ही कुंदन बना है शाहरुख खान, दिल्ली वालों को अपने बेटे पर है नाज : दयानंद वत्स भारतीय

**58वें जन्मदिन पर बालीवुड के बादशाह पद्मश्री शाहरुख खान को नेशनल मीडिया नेटवर्क ने दी शुभकामनाएं**



नेशनल मीडिया नेटवर्क फिल्म फॉउंडेशन और अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दयानंद वत्स भारतीय ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में 58वें जन्मदिन पर बॉलीवुड के बादशाह पद्मश्री शाहरूख खान को एक्स पर पोस्ट करके उनको अपनी शुभकामनाएं दीं ओर ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की हैं।

इस अवसर पर श्री वत्स ने कहा कि वैसे तो सारी दुनिया शाहरूख खान को चाहने वाली है लेकिन दिल्ली वालों को अपने इस बेटे पर बहुत नाज है। नई दिल्ली के सैंट कोलंबस स्कूल, हंसराज कॉलेज और जामिया मिल्लिया इस्लामिया से शिक्षित होकर रंगमंच और फिर टीवी सीरियल फौजी, सर्कस से होते हुए दीवाना फिल्म से मुंबई फिल्माकाश पर छाने वाला शाहरुख बालीवुड का बादशाह बन गया। दिलीप कुमार साहब ने आठ और शाहरुख खान ने चौदह बार फिल्मफेयर अवार्ड जीत कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। यश और आदित्य चोपडा, करण जोहर की फिल्मों ने शाहरुख को रोमांस का जादूगर बनाया। जहां उनकी हिट ओर.सुपरहिट फिल्मों की लंबी फेहरिस्त है वहीं कई फ्लाप भी उनके नाम हैं। श्री वत्स ने कहा कि संघर्षों की अग्नि में तपकर ही शाहरुख कुंदन बना है।

हंसराज कॉलेज में हम उसके सीनियर थे। बहुमुखी प्रतिभा के धनी हमारे जूनियर ने न केवल हंसराज कॉलेज बल्कि समूची दिल्ली को भी गौरवान्वित किया है। उनकी हालिया रिलीज फिल्म जवान को भी उनके करोड़ों प्रशंसकों ने पसंद किया। दीवाना, दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे, दिल तो पागल है, बादशाह, बाजीगर, मोहब्बतें, डर, पठान, वीर जारा, अंजाम, कुछ कुछ होता है, ऊं शांति ओम, देवदास, चक दे इंडिया, रब ने बना दी जोड़ी जैसी फिल्मों ने शाहरुख को किंग खान बनाया।

## मेवाड़ में 'परिचय-2023' समारोहपूर्वक आयोजित

**बड़े सपने देखें और उसे साकार करने के लिए खूब मेहनत करें : डॉ. गदिया**




**गाज़ियाबाद।** वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में 'परिचय-2023' नाम से आयोजित नवागंतुक स्वागत समारोह में विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रमों के जरिये खूब धमाल मचाया। रेट्रो थीम पर आधारित बहुआयामी रंगारंग कार्यक्रम व संदेशपरक फैशन शो समारोह का मुख्य आकर्षण रहा। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर छात्र आयुष राज सिंह को मिस्टर तो छात्रा पलक को मिस फ्रेशर चुना गया। उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। परिचय समारोह भारतीय शिक्षा मंडल मेरठ प्रांत के युवा आयाम अभियान के साथ मिलकर हुआ। समारोह में भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष डॉ. उमा शंकर पचौरी मुख्य अतिथि थे। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया एवं निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने उन्हें शॉल एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। अयोध्या से पधारे योगगुरु स्वामी महेश योगी को भी शॉल एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

अपने सम्बोधन में डॉ. पचौरी ने कहा कि कमजोर को जो ताकत दे वही गुरु है। गुरु आदरणीय है लेकिन आज गुरु और शिष्य परम्परा में विश्वास खत्म होता जा रहा है। इसे पुनः स्थापित करने के लिए भारतीय शिक्षण मंडल अखिल भारतीय स्तर पर प्रयासरत है। डॉ. अशोक कुमार गदिया ने विद्यार्थियों को कहा कि यही उम्र है। इसमें जितनी मेहनत करके सीख सकते हो, सीख लो, करियर बनाने में यही सबकुछ काम आएगा। बड़े सपने देखो और उसे साकार करो। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन ऐसे जैसे गर्म लोहा। इसे पीटकर जिस शक्ल में ढाल लो, उसी में ढल जाता है। इसलिए खूब तपो, खूब मेहनत करो, खूब पढ़ो, एक दिन मेहनत रंग जरूर लाएगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा सबसे महत्वपूर्ण है अनुशासन। जीवन को अनुशासन में ढालोगे तो जीवन सुखमय और कामयाब बनेगा। अपने गुणों को ध्यान में रखकर अपना लक्ष्य निर्धारित करें और इसे पाने के लिए ईमानदारी से कड़ी मेहनत करें।

## बीकेयू के प्रतिनिधिमंडल-प्राधिकरण के अधिकारियों के बीच हुई बैठक

**समस्याओं के जल्द समाधान की रखी मांग**



गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के कार्यालय में भारतीय किसान यूनियन के 31 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की बैठक अधिकारियों के साथ हुई। इस दौरान किसानों ने अपनी समस्याओं को प्राधिकरण के अधिकारियों के सामने रखा और समाधान करने के लिए उन्हें 15 दिसंबर तक का समय दिया। वार्ता रवि कुमार एनजी मुख्य कार्यपालक अधिकारी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण एवं अमनदीप ढुली अपरमुख्य कार्यपालक अधिकारी ओएसडी रजनीकांत व सभी विभागो के सीनियर मेनैजर के साथ हुई। जोकि दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे तक चली।

किसान नेता पवन खटाना ने बताया कि सभी किसानों को 64.7प्रतिशत मुआवजा वितरण, सभी किसानों को 10 प्रतिशत आवासीय भूखंड, सभी किसानों की आबादियों का निस्तारण, गांव में डेंगू जैसी बीमारी बहुत फैल रही है, सभी गांव में फॉगिंग कराई जाए एवं साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौके पर गांव-गांव जाकर स्वास्थ्य संबंधित कार्य की जांच करें।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी रवि कुमार एन जी ने बताया कि गुरुवार शाम को नोएडा प्राधिकरण में बोर्ड बैठक है। ग्रेटर नोएडा में भी अति शीघ्र बोर्ड बैठक की जाएगी। ग्रेटर विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में किसानों के 10त्न आवासीय भूखंड एवं आबादी के मुद्दों को बोर्ड से प्रस्ताव बनाकर शासन को प्रेषित किया जाएगा। किसानों की समस्त समस्याएं का समाधान कराया जाएगा। किसानों की सभी मांगे जायज है। हमारे सभी अधिकारी किसानों की मांगों पर कार्य कर रहे हैं।

हल्दोना, तुगलपुर गांव को स्मार्ट विलेज एवं झांडे वाले मंदिर के अंडरपास का कार्य सभी प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। जल्द ही कार्य चालू कराया जाएगा ।

## आवेदकों की संख्या बढ़ी, रोजाना एक हजार पासपोर्ट बन रहे ज्यादा

गाजियाबाद। पासपोर्ट के लिए आवेदन करने वालों की संख्या बढ़ गई है। इसकी वजह से अब विभाग ने रोजाना पासपोर्ट प्रिंट करने की संख्या भी बढ़ा दी है। अब रोजाना एक हजार पासपोर्ट ज्यादा प्रिंट किए जा रहे हैं। गाजियाबाद रीजन में पूर्व में 1500 पासपोर्ट प्रतिदिन प्रिंट कर डिलीवर किए जा रहे थे, वहीं अब इनकी संख्या बढ़ाकर 2500 कर दी गई है।

पिछले तीन साल से पासपोर्ट के लिए आवेदन करने वालों की संख्या में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। इसकी वजह से गाजियाबाद रीजन के 13 जिलों में रोजाना दिए जाने वाले अप्वाइंटमेंट की संख्या भी बढ़ाई गई है। पहले 950 अप्वाइंट दिए जा रहे थे अब धीरे-धीरे बढ़ाकर इनकी संख्या 1450 कर दी गई है। इनके अलावा कुछ लोग बिना अप्वाइंटमेंट के भी पहुंच रहे हैं।

ऐसे में आवेदन ज्यादा होने की वजह से अब पासपोर्ट विभाग के अधिकारियों को इनकी प्रिंटिंग की रफ्तार भी बढ़ानी पड़ी, ताकि पासपोर्ट आवेदन लंबित न हो। पासपोर्ट के लिए आवेदन करने वालों में करीब 30 से 35 फीसदी प्रकरण नवीनीकरण के हैं। जैसे-जैसे गाजियाबाद रीजन के 13 जिलों में पासपोर्ट धारकों की संख्या बढ़ रही है, वैसे ही नवीनीकरण के प्रकरणों की संख्या भी बढ़ रही है।

इसकी वजह से यहां आवेदनों की संख्या में ज्यादा इजाफा हो रहा है। करीब एक साल पहले तक पासपोर्ट के लिए पुलिस जांच रिपोर्ट आने में करीब दो से तीन महीने लग जाते थे। इसकी वजह से पासपोर्ट जारी करने में देरी हो रही थी। आवेदकों को पासपोर्ट और पुलिस कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे थे।

# संपादकीय



## विवाद को सुलझाने के लिए हिंसा का सहारा लेना चिंता की बात

पिछले कुछ महीनों के दौरान दिल्ली में कहीं किसी का हाथ छू जाने पर तो कहीं बहुत छोटी रकम चुकाने जैसी बातों पर भी दो पक्ष आपस में भिड़ गए और उसमें किसी की जान चली गई।

वक्त के साथ आधुनिक होते समाज में उम्मीद की जाती है कि लोगों के बीच संवेदनशीलता के सूत्र गहरे होंगे, वे आपस में सहयोग की जड़ों को और मजबूत करेंगे। मगर ऐसा लगता है कि न केवल संवेदना और सहयोग की जगह खत्म होती जा रही है, बल्कि हालत यह है कि बेहद मामूली बातों के लिए भी लोग जानलेवा हिंसा पर उतारू हो जाते हैं।

जो लोग एक दूसरे के साथ उठते-बैठते, खाते-पीते हैं, उनमें से कोई एक बहुत छोटी रकम के लेनदेन से उपजे विवाद में अपने दोस्त की हत्या तक कर देता हैं। आए दिन इस तरह की घटनाएं दिल्ली जैसे शहर के लिए चिंता का कारण बन रही हैं। गौरतलब है कि दिल्ली के द्वारका में डाबरी थाना इलाके में महज पांच सौ रुपए को लेकर हुए विवाद के बाद दो दोस्तों के बीच मारपीट हुई और एक युवक ने दूसरे की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। सूचना मिलने के बाद सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी सहयोग के जरिए पुलिस ने आरोपी का पता लगाया और उसे गिरफ्तार किया, लेकिन इस वारदात की वजह और प्रकृति से किसी भी व्यक्ति को चिंतित होना चाहिए।

यों देश की राजधानी होने के बावजूद चोरी-झपटमारी से लेकर गंभीर या जघन्य अपराधों के मामले में दिल्ली की तस्वीर परेशान करती है। पिछले कुछ समय से वैसी बातों पर भी दो पक्षों में हुआ विवाद गंभीर और हिंसक शक्ल अख्तियार करने लगा है और उनमें हत्या तक के मामले सामने आने लगे हैं, जिन्हें थोड़े-से धीरज और विवेक के साथ निपटाया जा सकता है।

सवाल है कि पांच सौ रुपए कितनी बड़ी रकम थी कि उसे चुकाने के मसले पर किसी की जान चली जाए! इसके अलावा, सार्वजनिक जगहों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी के दायरे में हत्या की घटना होती है, तो इसका मतलब यह भी है कि अपराधियों के बीच कोई डर नहीं है कि पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई कर सकती है। जबकि अगर आपराधिक प्रवृत्ति वाले लोगों को भी यह अहसास रहे कि कानून-व्यवस्था सख्त है और किसी आपराधिक घटना में पुलिस आरोपियों को तुरंत पकड़ सकती है, तो सिर्फ इतने भर से जघन्य अपराधों पर एक हद तक लगाम लगाई जा सकती है।

विडंबना यह है कि न केवल आपराधिक मानसिकता वाले, बल्कि आम लोगों के बीच भी मामूली बातों पर साधारण बहस के बीच धीरज छूट जा रहा है और बिना किसी बात की फिक्र किए लोग हिंसक हो जा रहे हैं। दूसरी ओर, पुलिस की उपस्थिति का खौफ नजर नहीं आता। पुलिस कार्रवाई करती है, मगर तब तक किसी की जान जा चुकी होती है।

पिछले कुछ महीनों के दौरान दिल्ली में कहीं किसी का हाथ छू जाने पर तो कहीं बहुत छोटी रकम चुकाने जैसी बातों पर भी दो पक्ष आपस में भिड़ गए और उसमें किसी की जान चली गई। सड़क पर वाहन चलाने के दौरान होने वाली हिंसक घटनाओं के दौरान यही साफ होता है कि सामान्य विवेक का इस्तेमाल कर मसले को सुलझाया जा सकता है, लेकिन दो पक्ष जब आपस में भिड़ते हैं तब बात करके शिकायत को सुनने और उसका हल निकालने की कोशिश करने के बजाय लोग पहले हिंसा का ही सहारा लेते हैं।

नतीजतन, जो मामला बातचीत करके सुलझाया जा सकता है, उसमें हत्या तक कर दी जाती है। अगर पेशेवर अपराधियों के समांतर साधारण लोग भी विवाद को बातचीत के जरिए सुलझाने के बजाय हिंसक हो रहे हैं, तो यह एक जटिल स्थिति है। इसमें न केवल विवेक को ताक पर रख दिया जाता है, बल्कि कानून का खौफ भी नहीं दिखता है।

## भारत- बांग्लादेश के बीच आर्थिक साझेदारी से दोनों देशों पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने संयुक्त रूप से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जिन तीन विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया, वे न केवल कारोबार के लिहाज से बल्कि सामरिक दृष्टिकोण से भी महत्त्वपूर्ण हैं।

इसमें कोई दो राय नहीं कि भारत के लिए बांग्लादेश एक अहम पड़ोसी है और आर्थिक साझेदारी सहित कई स्तर पर चल रही सहयोग आधारित परियोजनाएं दोनों देशों के लिए काफी महत्त्वपूर्ण हैं। यही वजह है कि समय-समय पर वैसी परियोजनाओं को लेकर दोनों पक्ष गंभीर रहे हैं, जिनसे परस्पर संबंधों में बेहतरी के साथ-साथ आर्थिक मोर्चे पर नए आयाम खुल सकें।

बुधवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने संयुक्त रूप से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जिन तीन विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया, वे न केवल कारोबार के लिहाज से एक महत्त्वपूर्ण अध्याय हैं, बल्कि दोनों तरफ की आम जनता के लिए उपयोगी और दोस्ती के बंधन को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करती हैं। गौरतलब है कि भारत की सहायता से जिन तीन परियोजनाओं की शुरुआत हुई, उनमें त्रिपुरा के निश्चिंतपुर और बांग्लादेश के गंगासागर के बीच रेल संपर्क, खुलना-मंगला बंदरगाह रेल लाइन और मैत्री सुपर थर्मल बिजली संयंत्र की दूसरी इकाई शामिल हैं। ये तीनों परियोजनाएं सीमा पार व्यापार को बढ़ावा देने के साथ-साथ दोनों देशों के बीच आवाजाही में लगने वाले समय को भी कम करेंगी।

इस मौके को भारत और बांग्लादेश के बीच सहयोग के जारी सफर की एक और कामयाबी के तौर पर देखा जा सकता है, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों से संबंधों में सुधार की दिशा में एक निरंतरता कायम है। यह बांग्लादेश में निवेश को लेकर चीन की विशेष दिलचस्पी के बावजूद संभव हुआ है। इससे पहले बीते नौ वर्षों के दौरान तीन नई बस और तीन नई रेल सेवाएं शुरू की गई।

तीन साल पहले से दोनों देशों के बीच कंटेनर और पार्सल ट्रेन चल रही है और समुद्री मार्ग को भी सवारी और माल की आवाजाही के लिए विकसित किया गया। इस संदर्भ में विश्व की सबसे बड़ी क्रूज सेवा 'गंगा विलास' के शुरू होने के बाद पर्यटन को बढ़ावा मिला है, वहीं चटगांव और मंगला बंदरगाह के रास्ते से भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों को जोड़े जाने का लाभ दोनों देशों को हुआ है। इसी साल मार्च में भारत-बांग्लादेश डीजल पाइपलाइन का उद्घाटन भी हुआ, जिसे ऊर्जा सुरक्षा में सहयोग बढ़ाने के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है।

दरअसल, भारत की 'पड़ोसी पहले' की नीति में बांग्लादेश को खास माना जाता है। यों भी दोनों देशों के बीच आर्थिक तकाजों के साथ-साथ सांस्कृतिक, भाषाई और सामाजिक संबंध अच्छे रहे हैं। अपने निर्माण से लेकर वर्तमान तक बांग्लादेश भारत के साथ साझा इतिहास और विरासत के पहलू संबंधों की कड़ियों को जोड़ते हैं।

सही है कि कुछ मसलों पर उतार-चढ़ाव और अड़चनें रही हैं, जिन्हें वक्त रहते सुलझाना जरूरी है। मगर तीन ओर से भारतीय सीमा से घिरे होने की वजह से बांग्लादेश की भौगोलिक स्थिति में भारत की जगह अपने आप खास हो जाती है। जबकि यही दोनों देशों को एक दूसरे लिए महत्त्वपूर्ण बनाती है। दरअसल, हाल के वर्षों में एशिया के मौजूदा सामरिक हालात के समांतर पाकिस्तान और चीन का रुख जगजाहिर रहा है।

हालत यह है कि पाकिस्तान और चीन की ओर से बिना उकसावे के सीमा पर जैसी स्थितियां पैदा की जाती रही हैं, वह भारत के लिए एक चिंता का ही मोर्चा रहा है। वहीं बांग्लादेश की धरती से भारत में अपनी गतिविधियां चलाने वाले अलगाववादी गुटों को अब कुचल दिया गया है, जिसकी वजह से पूर्वोत्तर के राज्यों में शांति लाने में काफी मदद मिली है। जाहिर है, आपसी संबंधों को मजबूत करने के साथ-साथ क्षेत्रीय संतुलन में बेहतरी लाने के लिहाज से दोनों देशों के बीच जो नए आयाम खुल रहे हैं, उसका दूरगामी महत्त्व है।

# फोन 'हैक' की राजनीति : आक्रामकता की बजाय संयम जरूरी



ललित गर्ग

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के लगातार आक्रामक होने के मध्य में देश के कुछ प्रमुख विपक्षी नेताओं के आईफोन पर निगरानी किये जाने का मामला एक नया राजनीतिक विवाद खड़ा कर रहा है। इसे सरकार प्रायोजित बताकर सरकार को घेरने की कोशिशें भी एकाएक उग्र हो गयी है। एप्पल कम्पनी ने इन फोन धारकों को ईमेल सन्देश भेज कर लिखा है कि आपके फोन को किसी 'मालवेयर वायरस' से सरकार द्वारा सर्वेक्षण में रखा जा रहा है जिसके माध्यम से आपकी सारी गतिविधियों पर नजर रखी जा सकती है। मगर इसके साथ ही सरकार ने ऐसी किसी कार्रवाई से इन्कार करते हुए पूरे मामले की सूचना प्रौद्योगिकी मन्त्रालय की संसदीय समिति से जांच कराने की घोषणा कर दी है और कहा है कि ऐसा ही एक ई-मेल सन्देश वाणिज्य मन्त्री पीयूष गोयल को भी आया है। फोनों पर निगरानी का आरोप सरकार के लिए भी गंभीर चिन्ता का विषय है क्योंकि यह ऐसा मामला है जिसमें सत्ता से बेदखल होने जैसी स्थितियां बनती है। जब तक मामले की पूरी जांच नहीं हो जाती, किसी को भी दोषी ठहराना जल्दीबाजी होगी। पक्ष-विपक्षी दल चुनावी माहौल को धुंधलाने या विवादास्पद बनाने की बजाय उसे स्वस्थ बनाने में सहयोग करें, यह स्वस्थ एवं आदर्श लोकतंत्र की बुनियाद है। किसी की स्वतंत्रता का हनन लोकतंत्र की पवित्रता को ही समाप्त कर देती है।

निश्चित ही किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार की ओर से विपक्षी नेताओं की निजता भंग करने का कोई भी मामला सामने आता है, तो स्वाभाविक ही सरकार को घेरा जाना चाहिए एवं जबाव मांगा जाना चाहिए। लेकिन बिना बुनियाद के ऐसे विवाद खड़े करना उचित नहीं है। अच्छी बात इस मामले में यह है कि सरकार ने इन आरोपों को पूरी गंभीरता से लिया है और तत्परता से निर्णय लेते हुए न केवल पूरे मामले की विस्तृत जांच के आदेश दे दिए गए हैं बल्कि आईफोन कंपनी से भी जांच में शामिल होने को कहा गया है। सभी पक्षों के लिए जरूरी है कि निष्कर्ष निकालने की जल्दबाजी करने के बजाय मामले की बारीक और विश्वसनीय जांच सुनिश्चित करने में सहयोग करें। यह न केवल विपक्षी दलों के नेताओं की निजता से जुड़ा मामला है बल्कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा एवं प्रतिबद्धता का भी मामला है।

हालांकि यह साफ करना भी जरूरी है कि मौजूदा मामले में अभी बात सिर्फ संदेह की है। आईफोन पर ऐपल की ओर से भेजे गए ये मेसेज ऑटो जेनेरेटेड थे, जिनकी प्रामाणिकता को लेकर कंपनी भी आश्वस्त नहीं है। उसका कहना है कि इनमें से कुछ मेसेज फॉल्स अलार्म के भी हो सकते हैं। इसके बावजूद विपक्षी नेताओं की आशंकाएं निराधार है या आधारभूत है, यह तो जांच के निष्कर्षों से ही पता लगेगा। मेसेज विपक्षी दलों के नेताओं और कुछ सत्ता विरोधी माने जाने वाले पत्रकारों के ही फोन पर आने का आरोप निराधार है क्योंकि ऐसा ही मेसेज एक केन्द्रीय मंत्री को भी मिला है। सूचना



टैक्नोलॉजी क्रान्ति होने के बाद चीजें काफी बदल चुकी हैं अत: आरोपों का स्वरूप भी बदल चुका है। इससे पहले दो वर्ष पूर्व भी देशवासियों ने 'पेगासस' वायरस का पूरा कर्मकांड देखा है जिसकी जांच सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित एक विशेष समिति ने की थी। इस मामले को लेकर दो साल पहले संसद में भी जमकर हंगामा हुआ था। लेकिन उसमें आरोप सिद्ध नहीं हो पाये थे। ऐसे में जब विपक्षी नेताओं के फोन की हैकिंग का यह नया आरोप लगा है तो उसे पूरी गंभीरता से लेने की जरूरत है। इस मामले को लेकर आरोप-प्रत्यारोप से बचते हुए सत्य के उजागर होने तक इंजतार करना चाहिए। सरकार की तरफ से यह भी कहा गया है कि वह पूरे प्रकरण की जांच में एप्पल कम्पनी के उच्च पदाधिकारियों को भी पूछताछ के लिए बुला सकती है। इस मामले में मूल सवाल निजी स्वतन्त्रता का उठता है जिसे सर्वोच्च न्यायालय नागरिकों का मूल अधिकार मान चुका है। लोकतांत्रिक प्रणाली में सभी को लिखने, बोलने, सोचने और करने की स्वतंत्रता होती है।

आईटी मंत्रालय के सूत्रों ने कहा है कि केंद्रीय ऑनलाइन सुरक्षा एजेंसी सीईआरटी-इन (भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम) आईफोन 'हैकिंग' प्रयासों के विपक्ष के दावे की जांच करेगी और वही हैकिंग और फ़िशिंग जैसे साइबर सुरक्षा खतरों का जवाब देने के लिए जिम्मेदार राष्ट्रीय एजेंसी है। महुआ मोइत्रा, प्रियंका चतुर्वेदी, राघव चड्ढा, शशि थरूर, पवन खेड़ा और सीताराम येचुरी सहित कई विपक्षी नेताओं ने मंगलवार को दावा किया कि उन्हें एप्पल अलर्ट मिला है जिसमें उनके आईफोन में राज्य प्रायोजित हैकिंग की चेतावनी दी गई है। आईफोन निर्माता एप्पल ने मंगलवार को कहा था कि वह विपक्षी दलों के कुछ सांसदों को भेजे गए चेतावनी संदेश को किसी विशिष्ट सरकार-प्रायोजित सेंधमारों से नहीं जोड़ती और वह इस बारे में जानकारी नहीं दे सकती है कि ऐसी चेतावनियों का कारण क्या है। कारणों का पता तो विस्तृत जांच के बाद ही सामने आयेगा, तब तक पक्ष एवं विपक्ष को शांत रहते हुए विवेक का परिचय देना चाहिए। क्योंकि यह भारत, भारतीय लोकतंत्र एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था के व्यवस्थित संचालन से जुड़ा मामला है। ताजा मामला इसलिये भी बहुत गंभीर है क्योंकि ऐसे मामलों में सत्ताएं बदलती देखी गयी है। इसलिये ऐसे मामलों एवं आरोपों में गंभीरता बरतना जरूरी है।

इस तरह के राजनेताओं एवं राजनीतिक दलों के निजता भंग के कम उदाहरण ही भारत में देखने को मिले हैं लेकिन जब भी किसी सरकार पर इस प्रकार के आरोप लगे तो उसे भारी कीमत चुकानी पड़ी है। सबसे बड़ा उदाहरण 80 के दशक का है जब कर्नाटक की वीरप्पा मोइली सरकार 'टेप कांड' में फंस गई थी तो उसे सत्ता से बेदखल होना पड़ा था। डा. मनमोहन सिंह सरकार पर भी फोन टेप करने के आरोप लगे थे। पूरी दुनिया का सबसे सशक्त और उदार लोकतन्त्र माने जाने वाले अमेरिका के वाटर गेट कांड में रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने अपनी प्रतिद्वन्द्वी डेमोक्रेटिक पार्टी के मुख्यालय पर जासूसी यन्त्र लगा कर उसकी गतिविधियों को जानने की कोशिश की थी। निक्सन भले ही इस मामले पर लम्बी टालमटोल करते रहे हो मगर भारत सरकार ने तो एप्पल फोन कांड का भंडाफोड़ होते ही इसकी जांच कराने की घोषणा कर दूध का दूध, पानी का पानी करने की अपनी संकल्पबद्धता दर्शा दी है। इस हकीकत को भी हमें ध्यान में रखकर ही इस मामले में और टीका-टिप्पणी करनी होगी।

भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्र एक जीवित, निष्पक्ष एवं आदर्श तंत्र है, जिसमें सबको समान रूप से अपनी-अपनी मान्यताओं के अनुसार चलने, गतिविधियों को संचालित करने की पूरी स्वतंत्रता है। लोकतंत्र की नींव ही निजता की सुरक्षा करने के सिद्धान्तों पर टिकी है, इस व्यवस्था में प्रत्येक नागरिक संविधान के दायरे में स्वयंभू होता है। अत: इस मुद्दे पर विपक्षी नेताओं की चिन्ता वाजिब मानी जा सकती है मगर इसके साथ ही सरकार की तरफ से तत्परता से व्यक्त इस मामले में संलिप्त न होने की साफगोई बयान को भी नजरंदाज नहीं किया जा सकता। यदि सरकार ने इस मामले में तुरन्त कार्रवाई की है तो उसकी नीयत पर भी शक करने की कोई वजह दृष्टिगोचर नहीं होती। सरकार किसी की भी निजता को भंग करने का आरोप स्वयं कर लगता हुआ देख बिन बुलाये संकट को कैसे आमंत्रित कर सकती है? क्योंकि इस तरह का कोई भी काम पूर्ण रूप से असंवैधानिक व गैर कानूनी होती है। ऐसी अराजकता, अव्यवस्था एवं एकाधिपत्य लोकतंत्र का ही विलुप्त कर सकता है।

## भारत के शांति दूत बनने की माकूल परिस्थितियां।

भारत हमेशा से शांति सद्भावना और सौहाद्र का सर्वकालिक समर्थक रहा है ।रूस यूक्रेन युद्ध में भारत की तरफ से लगातार प्रयास किए जाते रहे हैं की युद्ध विराम हो जाए और इसके लिए भारत में अथक प्रयास भी किए हैं ,यह अलग बात है कि विस्तारवादी दृष्टिकोण को लेकर पुतिन और जेलेन्सकी अजीब सी राजनीतिक और कूटनीतिक परिस्थितियों में एक दूसरे के सामने खड़े तथा अड़े है । अब इजराइल हमास युद्ध में भारत की नीति स्पष्ट रूप से आतंकवादी गतिविधियों और उग्रवाद के विरोध में रही है। भारत ने आतंकवादी संगठन हमास, हिज्बुल्लाह और फिलिस्तीन इस्लामी जिहाद का खुलकर विरोध किया है पर दूसरी तरफ इजरायल की बमबारी से घायल हुए पिलिस्तिनी नागरिकों के लिए 38 टन खाद्य सामग्री दवाएं और आवश्यक वस्तुएं तत्काल मुहैया कराई है। भारत के संबंध अरब देशों के साथ-साथ यूरोप,अमेरिका ,ब्रिटेन, फ्रांस और नाटो देशों से भी मधुर हैं इन परिस्थितियों में अरब देश भारत के प्रति युद्ध विराम की संभावनाओं की तलाश में भारतीय पहल का इंतजार कर रहा है। अब भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा में जॉर्डन के शांति प्रस्ताव में वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया ,120 देशों के मतों से प्रस्ताव पारित हो गया, 45 देशों ने वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया। चूंकि जॉर्डन हमास को उग्रवादी संगठन नहीं मानता और भारत हमास को कट्टर उग्रवादी मानने की नीति पर चल रहा है। अब भारत को आगे बढ़कर पूरे विश्व का नेतृत्व करने का समय आ गया है। भारतवर्ष अर्वाचीन काल से अहिंसा का पुजारी रहा है। पुरातन काल से ही राजा, महाराजा और सम्राटों ने अपने राज्य कार्य में हिंसा को कभी प्रथम पंक्ति में महत्त्व नहीं दिया था। तथा विस्तार वाली नीतियों में भी सेना प्रयास करती रही की आक्रमण के दौरान कम से कम सैनिक हताहत हो। फल स्वरूप राजा, महाराजा तथा सम्राटो ने सदैव अहिंसा के पुजारी बनकर ही राजकाज किया था।

पहले से आक्रमण न करने की नीति तथा अहिंसा वादी नीति के कारण भारत पहले मुगलों का तथा बाद में अंग्रेजों का गुलाम हो गया था। इसके उपरांत बहुत संघर्ष तथा मेहनत के बाद 1947 में भारत को आजादी मिली। और इसके उपरांत भारत लगातार अहिंसा परमो धर्म की नीति पर अपने कदम बढ़ाता रहा है। कुछेक उदाहरण को छोड़ दिया जाए जैसे पाकिस्तान द्वारा लगातार भारत पर आक्रमण करने से भारत ने मुंह तोड़ जवाब भी दिया7 और इसी के परिणाम स्वरूप बांग्लादेश का जन्म भी हुआ। पर इस घटना में भी भारत की वैश्विक स्तर पर शांतिदूत की भूमिका ही रही। भारत की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छवि एक शांति के संप्रभुता वाले गणतांत्रिक लोकतंत्र की रही।

भारत ने ऐतिहासिक तौर पर कभी किसी राष्ट्र पर अपनी तरफ से आक्रमण हमला नहीं किया। और यही कारण है की संयुक्त राष्ट्र संघ के 75 वर्ष के निर्माण काल के पश्चात संयुक्त राष्ट्र संघ हमेशा शांति प्रयासों में भारत की सहायता लेता रहा है और भारत की संयुक्त राष्ट्र संघ के साथ वैश्विक स्तर पर शांति प्रयासों में योगदान की महत्वपूर्ण रहा है।




# देश के विकास और वृद्धि में सीए का योगदान और उनकी महती भूमिका

## सीए प्रोफेशनल्स भारत के आर्थिक विकास की मजबूत नींव



(सीए) मनीष कुमार गुप्ता

भारत के आजादी के 75 बरस बीतने के बाद भी आज देश का चौमुखी विकास हो रहा है। सही मायने में आजादी के बाद से ही भारत में विकास को एक नई रफ्तार मिलनी शुरू हुई।

दरअसल देश में हवाई जहाज से लेकर रेलवे का तेजी से विकास सन 1950 के बाद ही शुरू हो सका। इतना हीं नहीं भारत ने बीते चार पांच दशकों में ही आर्थिक व वाणिज्यिक विकास के क्षेत्र में तेजी से अपने कदम बढ़ाए हैं। नतीजतन आज भारत व्यापार और वाणिज्यिक के क्षेत्र में दुनिया के अग्रणी देशों में शुमार है। दरअसल आर्थिक और वाणिज्यिक क्षेत्र में भारत आज प्रगति के जिस मुकाम पर खड़ा है, उसमें काफी हद तक देश भर के सीए यानी चाटर्ड अकाउंटेंट प्रोफेशन से जुड़ी प्रतिभाओं का बहुत ज्यादा योगदान है। देश के हजारों चाटर्ड एकाउंटेंट्स ने अपनी दिन रात की मेहनत के बलबूते आज देश को आर्थिक और वाणिज्यिक मोर्चे पर दुनिया के शीर्ष पांच अर्थव्यवस्था वाले देशों की श्रेणी में लाकर खड़े कर दिया है। दरअसल आज इस लेख में हम भारत के विकास में सीए प्रोफेशनल्स के योगदान और उनकी भूमिका के साथ सीए प्रोफेशन की विशेषताओं और उसकी अच्छाईयों के बारे में विस्तार से समीक्षा करेंगें।

### भारत में बहुत प्रतिष्ठापरक है सीए का प्रोफेशन

भारत में चाटर्ड अकाउंटेंट यानी सीए का प्रोफेशन बहुत प्रतिष्ठित पेशों में शुमार है। दरसअल देश में अन्य प्रोफेशन की अपेक्षा सीए के प्रोफेशन में करियर बनाना युवाओं के लिए बहुत आसान नहीं होता है।

भारत में सीए प्रोफेशन से जुड़े लोगों का महत्व कितना ज्यादा है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि देश में 140 करोड़ की आबादी पर मौजूदा समय में मात्र 3,80,000 सीए हैं। नतीजतन देश में वर्तमान समय में सीए प्रोफेशनल्स की मांग बहुत ज्यादा बढ़ गई है। लेकिन इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि भारत में सीए प्रोफेशनल्स पर काम का दबाव भी बहुत ज्यादा रहता है।

### दुनिया भर में भारतीय सीए की धाक बरकरार

भारत के सीए प्रोफेशनल्स की दुनिया भर के दशों में एक अलग ही शाख और प्रतिष्ठा है। दरसअल भारत के सीए प्रोफेशनल्स न सिर्फ अपने देश में बल्कि विदेशों में भी अपने काम के बलबूते अपनी अलग पहचान बना चुकें हैं । दुनिया के कई बड़े संस्थानों और उद्योगपतियों को अपने व्यावसायिक कार्यों के आडिट और अन्य कार्यों के लिए भारतीय सीए प्रोफेशनल्स उनकी पहली पसंद है। ऐसे में भारत के सीए की देश के अलावा पूरी दुनिया भर काफी ज्यादा डिमांड है।

### देश के सतत विकास में सहायक रहें हैं चार्टर्ड अकाउंटेंट

आज यदि कहां जाए कि देश के सतत विकास में चार्टर्ड अकाउंटेंट एक मजबूत सहायक की भूमिका में हैं तो इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। दरअसल आज देश के बेहतरीन सीए प्रोफेशनल्स ने अपने आडिट वर्क में देश और दुनिया के बड़े बड़े स्कैम का खुलासा किया है, जिससे सीए की विश्वसनीयता पर मुहर लगती है। इतना ही नहीं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी देश के सीए के कार्यों और उनके द्वारा की जाने वाली कड़ी मेहनत की प्रशंशा की थी। आज देश के विकास में सीए की सतत भूमिका इसलिए भी है कि सीएम प्रोफेशनल्स आज ना सिर्फ अकाउंटेंसी अपितु इनकम टैक्स, इंश्योरेंस, एजुकेशन और कंस्ट्रक्शन सहित अन्य कई क्षेत्रों में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहें हैं।

### वित्तिय अनियमितताओं की जांच में सीए की आडिट महत्वपूर्ण

देश की किसी भी सरकार या निजी कंपनी, संस्थान या फिर औद्योगिक संस्थानों में होने वाली वित्तिय अनियमितताओं की जांच में सीए की आडिट रिपोर्ट बहुत ही महत्वपूर्ण मानी जाती है।

दरअसल वित्तिय अनियमितताओं की जांच के मामले में किसी भी सीए का जांच सर्टिफिकेट पूरी तरह से मान्य होती है। वित्तीय मामलों में यदि किसी सीए ने किसी संस्था और फर्म के खिलाफ अपनी जांच रिपोर्ट में प्रतिकूल प्रविष्टि या अनियमितता के होने की पुष्टि कर दी है ,तो वह सही मानी जाएगी। इस लिहाज से सीए प्रोफेशनल्स का देश में होने वाले वित्तिय घोटालों की रोकथाम में विशेष योगदान होता है।

### सीए बनने के लिए पास करनी होती है बेहद कठिन परीक्षा

भारत में चार्टर्ड अकाउंटेंट यानी सीए की परीक्षा क्वालिफाई करना कोई बच्चों का खेल नहीं है। दरअसल भारत में सीए बनने के लिए अभ्यर्थियों को जितनी ज्यादा पढ़ाई करनी होती है, उससे कहीं ज्यादा कठिन परिक्षा से भी होकर गुजरना पड़ता है।

भारत में सीए का एग्जाम इंस्टिट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट आफ इंडिया के द्वारा साल में दो बार आयोजित कराई जाती है।

इसके अलावा सीए के एग्जाम के लिए अभ्यर्थियों की कोई उम्र सीमा भी नहीं निर्धारित होती है। सीए एग्जाम के लिए बस केवल अभ्यर्थी 12 वी कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य होता है। इसके अलावा सीए का एग्जाम दो चरणों में होता है, जिसमें पहला चरण फाउंडेशन एग्जाम का होता है।

जबकि सीए एग्जाम का दूसरा और अंतिम चरण फाईनल एग्जाम के रूप में होता है। सीए के एग्जाम की एक सबसे बड़ी विशेषता होती है कि सीए देश का एकलौता ऐसा एग्जाम होता है जिसमें आरक्षण की व्यवस्था नहीं होती है। नतीजतन किसी भी श्रेणी के अभ्यर्थी को सीए की परीक्षा में आरक्षण का लाभ नहीं मिलता है। दरअसल सीए देश के आर्थिक पंडित की तरह काम करतें हैं।

देश के जाने माने उद्योगपति रतन टाटा ने कहा कि एमबीए प्रोफेशनल्स भले ही हमारे बिजनेस का चलाते हैं। लेकिन सीए हमे यह सिखातें हैं कि किसी बिजनेस को किस तरह से चलाया जाए। इस लिहाज से सीए का प्रोफेशन देश के सतत विकास में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। दरअसल सीए एक ऐसा प्रोफेशन है जो कमोबेश हर क्षेत्र की कंपनियों और संस्थानों के लिए कार्य करता है। क्योंकि हर क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों को अपनी वित्तिय कार्यों से जुड़ी आडिट के लिए सीए प्रोफेशनल्स की जरूरत पड़ती है।

इस लिहाज से यह कहा जा सकता है कि देश में सीए की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है। नतीजतन देश का आज जो विकास हो रहा है उसमें सीए प्रोफेशनल्स ने बहुत ही महती भूमिका निभाई है।

## शार्ट न्यूज

### बस्ती-निर्वाचन कार्य मे लापरवाही बरतने वाले 30 बीएलओ के खिलाफ दर्ज होगा मुकदमा

बस्ती । उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में विधानसभा 310 मे निर्वाचन के कार्यो में लापरवाही बरतने वाले 30 बूथ लेवल अधिकारी ( बीएलओ) के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश उपजिलाधिकारी ने गुरुवार को दिया। उपजिलाधिकारी गुलाब चन्द्र ने गुरूवार को बताया कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्यो में लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी आज समीक्षा बैठक के दौरान 30 बूथ लेवल अधिकारी ( बीएलओ) द्वारा विधानसभा 310 सदर में घोर लापरवाही करते हुए सर्वे कार्यो को पूरा नही किया गया है। 21 जुलाई 21 अगस्त तक बी0एल0ओ0 द्वारा घर-घर सर्वे करके मतदाता सूची में दर्ज मृतक, डबल, सिफ्टेड मतदाताओं का सत्यापन होना था तथा 01 जनवरी 2024 के आधार पर निर्वाचक नामावलियों का विषेश संक्षिप्त पुनीरीक्षण दिनांक 27 अक्टूबर से 09 दिसम्बर तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जायेगी। निर्वाचन आयोग का यह कार्य मतदाता सूची के शुद्धिकरण करने हेतु किया जा रहा है। घर-घर सत्यापन कार्य हर माह व्यतीत होने के पश्चात भी निम्न 30 बूथो के बीएलओ की प्रगति खराब पाई गई है।जिसमे सभी लोगो के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया गया है तथा इनके खिलाफ बर्खास्तगी की भी कार्रवाई की जायेगी।

### बहराइच : तीन चोर13 मोबाइल और एक किलो से अधिक चरस के साथ गिरफ्तार

बहराइच। उत्तर प्रदेश में बहराइच ज़िले के थाना फखरपुर की पुलिस ने तीन लोगों को चोरी के 13 मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए गए अभियुक्तों के पास से एक किलो 800 ग्राम चरस भी बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि कुछ दिनों से थाना फखरपुर इलाके में मोबाइल चोरी की वारदात काफी बढ़ गई थी। इसको देखते हुए पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने चोरों को पकड़ने के निर्देश दिए थे। एसपी के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार त्रिपाठी, उप निरीक्षक राज नारायण त्रिपाठी, एसआई अमित सिंह, शैलेंद्र कुमार यादव, हेड कांस्टेबल अखिलेश कुमार, अभय नंदन, संतोष कुमार और कमलेश कुमार की टीम आरोपियों पर नजर रख रही थी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बुधवार को थाना क्षेत्र के मरौचा बौंडी मार्ग पर तीन लोगों को पकड़ा गया। इनकी तलाशी लेने पर इनके पास से चोरी के 13 मोबाइल और एक किलो 800 ग्राम चरस तथाकथित 1270 रुपए नकदी भी मिली है। पूछताछ में इनकी पहचान मध्य प्रदेश राज्य के ललितपुर जिला के महरौनी थाना क्षेत्र के ग्राम सिगेपुर निवासी विश्वास पुत्र देवी सिंह, भोपाल के बैरसिया गांव निवासी कोहिनूर पुत्र सिकरेती और बानूर पुत्र सिकरेती के रूप में हुई है। तीनौं के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

### दलित महिला की गैंगरेप के बाद हत्या

बांदा। बांदा में एक दलित महिला की गैंगरेप के बाद हत्या कर दी गई। मंगलवार को गांव के ही तीन युवकों ने महिला को आटा चक्की पर काम करने के लिए बुलाया था। इसके बाद जबरन महिला के साथ दरिंदगी की। फिर हत्या कर दी। इसके बाद शव को धारदार हथियार से तीन टुकड़ों में काट दिया। महिला की न्यूड लाश घर से 500 मीटर दूर आटा चक्की पर मिली। वारदात का पता उस वक्त चला, जब महिला की बेटी आटा चक्की पहुंची। उसने दरवाजा खटखटाया तो आरोपियों ने दरवाजा खोला, लेकिन आरोपी उसको धक्का देकर फरार हो गए। इसके बाद महिला की बेटी ने अपनी मां की खून से लथपथ लाश देखी, तो शोर मचा कर गांव वालों को बुलाया। गांव वालों ने पुलिस को बुलाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामला बांदा के गिरवां थाना के पतौरा गांव का है। दलित महिला की बेटी ने बताया कि गांव के ही राजकुमार शुक्ला ने उसकी मां को मंगलवार दोपहर 2 बजे आटा चक्की में मिट्टी की लिपाई करने के लिए बुलाया था। मां के जाने के 15 मिनट बाद ही मैं खुद चक्की पर पहुंची। वहां दरवाजा अंदर से बंद था। अंदर से चीखने की आवाजें आ रही थीं। मैंने बाहर खड़े होकर दरवाजा खोलने की मिन्नतें कीं।

### वाराणसी एयरपोर्ट और आईएसबीटी से करोड़ों का सोना बरामद

वाराणसी। वाराणसी में बुधवार को राजस्व खुफिया निदेशालय ( डीआरआई ) की मुंबई और वाराणसी की टीमों ने संयुक्त कार्रवाई में करोड़ों का सोना बरामद किया। टीम ने पीडीडीयू से सोना लेकर मप्र के रास्ते मुंबई जा रहे दो भाइयों को दबोच लिया। उनके पास से 8.7 किलो सोना मिला, जिसकी कीमत 5.30 करोड़ से अधिक आंकी गई। वहीं एयरपोट पर शारजाह से लौटे यात्री के अंडर गारमेंट से पांच सौ ग्राम सोना मिला। जिसकी कीमत 30 लाख रुपये आंकी गई। दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जज ने DRI को ट्रांजिट रिमांड दे दी। राजस्व खुफिया निदेशालय ( डीआरआई ) की मुंबई और वाराणसी की टीमों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से करोड़ों के सोने की तस्करी की सूचना मिली थी। टीमें स्टेशन पहुंची लेकिन आरोपी भीड़ के बीच चकमा देकर निकल गए। पड़ताल में पता चला कि मप्र जाने वाली बस में दो युवक सवार हुए, जो संदिग्ध थे। डीआरआई टीम ने बस का पीछा किया और वाराणसी कैंट स्टेशन के पास उन्हें दबोच लिया। बस में बैठे दोनों सगे तस्कर भाइयों के पास से आठ किलोग्राम 700 ग्राम सोना पकड़ा। इसकी कीमत 5.62 करोड़ रुपये आंकी गई है। बरामद सोना के साथ दोनों भाइयों को पुलिस टीम ने दबोच लिया।

### बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**फतेहपुर।** फतेहपुर में कानपुर प्रयागराज हाईवे के ओवरब्रिज के पास रोडवेज बस चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों के सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।सूचना पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि घर से बाइक लेकर खेत में धान लगाने गया था तभी हादसे में मौत हो गई। जिले के मलवां थाना क्षेत्र के रामपुर पंचभाटी गांव के रहने वाले राम गुलाम का 40 वर्षीय पुत्र राम सुमेर घर से बाइक लेकर खेत में धान लगाने जा रहा था तभी अल्लीपुर ओवरब्रिज के पास कानपुर की ओर जा रही रोडवेज बस चालक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी ।बस के टक्कर लगते ही बाइक से उछलकर राम सुमेर सड़क पर सिर के बल गिर गया। हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई और जब तक 108 एम्बुलेंस को फोन करते मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस की सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रोककर बुरा हाल रहा। थाना प्रभारी मुकेश सिंह ने बताया कि रोडवेज बस से कुचलकर बाइक सवार 40 वर्ष राम सुमेर की मौत हुई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बस को थाना में खड़ा करा दिया गया। तहरीर मिलने पर आगे की कार्यवाही होगी।

### घर के बाहर खड़े एडवोकेट पर फायरिंग

मेरठ। मेरठ के नौचंदी थाना क्षेत्र के भवानी नगर में स्कूटी सवार बदमाशों ने की अधिवक्ता पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। घटना बुधवार देर रात की है। युवक एडवोकेट के घर के बाहर पहुंचे और फायरिंग कर दी। यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। सूचना पर पहुंची नौचंदी थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीसीटीवी के आधार पर आरोपियों को खोज रही है। नौचंदी थाना क्षेत्र के भवानीनगर में देर रात स्कूटी पर सवार होकर आये युवकों ने एडवोकेट शहरयार पर फायरिंग कर दी। युवकों ने एक के बाद एक तीन फायर किये गये। गनीमत रही अधिवक्ता को गोली नहीं लगी। इसके बाद हमलावर धमकी देकर फरार हो गये। अधिवक्ता ने एक शख्स की पहचान कर 4 हमलावरों के खिलाफ तहरीर दी है। भवानी नगर में देर रात करीब 1 बजे स्कूटी पर 2 युवक पहुंचे। उन्होंने मोहल्ले में रोड साइड खड़े युवकों से किसी मोनू उर्फ शहरयार जो एडवोकेट बताए जा रहे हैं उनके बारे में पूछा। इन युवकों ने अनभिज्ञता जता दी। यहां से दोनों युवक आगे एक कन्फेक्शनरी में घुस गये। वहां भी उन्होंने वहीं सवाल किया। दुकान में मौजूद युवक ने भी जब मोनू की जानकारी न होने की बात कही तो दोनों बाहर आ गये।

# प्रदेश भर के मार्गों का होगा मेकओवर, 277 सड़कों का कायाकल्प करेगी योगी सरकार

## सीएम योगी की मंशा अनुसार, 319.73 करोड़ रुपए की लागत से प्रदेश के 277 मार्गों पर विशेष मरम्मत कार्यों को किया जाएगा पूर्ण

- प्रत्येक मार्गों की मरम्मत में 40 लाख रुपए तक का औसत व्यय होने का है अनुमान, विस्तृत कार्य योजना के जरिए इस प्रक्रिया को दिया जाएगा मूर्त रूप
- प्रदेश के 63 से ज्यादा जिलों में सड़कों की विशेष मरम्मत की प्रक्रिया शुरू, लोक निर्माण विभाग ने शुरू की तैयारियां



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर रही योगी सरकार प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इस वृहद लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही योगी सरकार प्रदेश में नागरिक सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर्स के डेवलपमेंट समेत तमाम चिन्हित कार्यों को क्रमवार तरीके से मूर्त रूप दे रही है। इसी क्रम में, नागरिक सुविधाओं में इजाफा व आर्थिक तरक्की को लक्षित कर प्रदेश के मार्गों के मेकओवर की वृहद प्रक्रिया शुरू हो गई है। सीएम योगी की मंशा अनुरूप एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार गई है जिसके अंतर्गत प्रदेश के 63 से ज्यादा जिलों की कुल 277 सड़कों के मेकओवर की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। आंकड़ों के अनुसार, इस वृहद लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 319.73 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत स्वीकृत की गई है जिसके जरिए प्रत्येक मार्ग पर 40 लाख रुपए के औसत व्यय होने का अनुमान है। इसी क्रम में, योगी सरकार के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग ने इन विशेष मरम्मत कार्यों को पूर्ण करने के प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### पहली किस्त के तौर पर 63.94 करोड़ रुपए हुए जारी

उल्लेखनीय है कि मार्गों के मेकओवर व विशेष मरम्मत के लिए प्रावधानित 319.73 करोड़ रुपए के सापेक्ष पहली किस्त के तौर पर प्रदेश सरकार द्वारा 63.94 करोड़ रुपए की धनराशि को प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए जारी कर दिया गया है। इस स्वीकृति से मरम्मत कार्यों की पूर्ति में तेजी आएगी और निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति का मार्ग प्रशस्त होगा। प्रदेश के जिन 63 जिलों के चिह्नित मार्गों के दुरुस्तीकरण की प्रक्रिया की शुरुआत हुई है इनमें से कई मार्ग ऐसे हैं जिन पर काफी समय से रिपेयर वर्क्स नहीं हुए थे।

साथ ही, ग्रामीण इलाकों को जिलों के मुख्य मार्गों से जोड़ने वाली कई सड़कों को रिपेयर वर्क्स की इस प्रक्रिया के जरिए मूर्त रूप दिया जाएगा। इसके अलावा, राष्ट्रीय मार्ग, संपर्क मार्ग, बॉर्डर मार्ग व राजमार्गों को भी इन विशेष मरम्मत कार्यों के लिए चिह्नित मार्गों में सम्मिलित करते हुए उनके भी दुरुस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रदेश के 63 जिलों में इन मरम्मत कार्यों को पूर्ण किया जाएगा और लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता (विकास) व विभागाध्यक्ष इस बात को सुनिश्चित करेंगे कि सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण और उत्तर प्रदेश शासन के रूलबुक मुताबिक पूर्ण किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि इन निर्माण कार्यों को आगरा, वाराणसी, अयोध्या, प्रयागराज, लखनऊ, सहारनपुर, मेरठ, गाजियाबाद, झांसी व गोरखपुर के साथ ही बहराइच, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज, बस्ती, गोण्डा, संत कबीरनगर, महोबा, पीलीभीत, कुशीनगर व अमरोहा व अन्य जिलों के पूर्ण किए जाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।


# बेटे ने फावड़ा मारकर की माता-पिता की हत्या

## पुलिस ने हत्यारे बालेन्द्र को गिरफ्तार कर लिया है

**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में एक बेटे ने धारदार फावड़े से माता और पिता की हत्या कर दी है।

पुलिस ने आज यहां बताया कि जिले के मुख्यालय से करीब पैंतीस किलोमीटर दूर थाना इनायतनगर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सागर पट्टी पंधिले में कलियुगी पुत्र ने अपने माता-पिता को धारदार फावड़ा से मारकर मौत के घाट उतार दिया।

उन्होंने बताया कि बीती रात हत्यारा बालेंद्र तिवारी शराब के नशे में धुत होकर घर पहुंचा तो करवा चौथ का उपवास रखी पत्नी को पीटना शुरू कर दिया। यह देश बालेन्द्र के पिता




राजमणि तिवारी पुत्र गौरीशंकर तिवारी (55) व माता सरोज तिवारी (53) बेटे को समझाने पहुंचे लेकिन माता-पिता की बात न सुनकर बालेंन्द्र ने पास में रखे फावड़े से माता पिता की हत्या कर दी।

पुलिस ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा घटना की जानकारी नजदीकी पुलिस चौकी हरिंग्टनगंज को दी गयी। चौकी प्रभारी अपने हमराहियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया।

उन्होंने बताया कि हत्यारा बालेन्द्र दो भाई हैं जो सबसे बड़ा है। यह हरिंग्टनगंज बाजार में पान की दुकान करता था। पुलिस ने हत्यारे बालेन्द्र को गिरफ्तार कर लिया है। लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार सोनकर, क्षेत्राधिकारी आशीष निगम, इनायतनगर थाना प्रभारी अरुण प्रताप सिंह सहित पुलिस बल पहुंच गया था।

### महोबा- ग्रेनाइट खदान में पहाड़ से गिरकर मजदूर की मौत

महोबा। उत्तर प्रदेश में महोबा के सदर कोतवाली क्षेत्र में आज एक ग्रेनाइट खदान में हुई दुर्घटना में 23 वर्षीय मजदूर की पहाड़ से गिर कर मौत हो गई। पुलिस उप अधीक्षक आर पी राय ने बताया कि डहर्रा स्थित खदान में सुबह हुई घटना के वक्त मजदूर परशुराम ब्लास्टिंग के लिए पहाड़ में होल कर रहा था, तभी अचानक पैर फिसल जाने से वह करीब 250 फ़ीट की ऊंचाई से नीचे जा गिरा। इस घटना में मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद खदान में कोहराम मच गया। श्रमिक के परिजन खबर मिलने पर घटना स्थल पर पहुंच गए। पुलिस उप अधीक्षक ने बताया कि सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मजदूर के शव को गहरी खदान से बाहर निकलवा कर अपने कब्जे में लिया है। पुलिस ने मृतक के शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया है तथा मामले की जांच शुरू की है।

# राज्यपाल को सम्मन भेजने वाले एसडीएम निलंबित

बदायूं। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आंनदीबेन पटेल को सम्मन भेजने वाले बदायूं के उप जिलाधिकारी न्यायिक विनीत कुमार को निलंबित कर दिया गया है। अधिकृत सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि सदर तहसील क्षेत्र में गांव लौड़ा बहेड़ी की जमीन अधिग्रहण के एक मामले में राज्यपाल को अपने कोर्ट में उपस्थित होने का सम्मन भेजने वाले सदर तहसील के एसडीएम (न्यायिक) विनीत कुमार को शासन ने बीती रात निलंबित कर दिया है। एसडीएम के निलंबन का आदेश प्राप्त होने के पश्चात डीएम बदायूँ ने एसडीएम न्यायिक के पेशकार बदन सिंह को भी निलंबित कर दिया। इस मामले में पिछले दिनों प्रमुख सचिव ने जिलाधिकारी से रिपोर्ट तलब की थी। उन्होने बताया कि एसडीएम विनीत कुमार की कोर्ट से सात अक्तूबर को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के नाम से धारा 144 रा.स. के तहत सम्मन जारी कर उन्हें 18 अक्तूबर को कोर्ट में पेश होकर अपना पक्ष रखने का आदेश दिया गया था। 10 अक्तूबर को सम्मन राजभवन पहुंचा तो राज्यपाल के विशेष सचिव बद्रीनाथ सिंह द्वारा 16 अक्तूबर को डीएम मनोज कुमार को पत्र भेज कर चेतावनी जारी की गई जिसमें उल्लेख किया गया कि संविधान के अनुच्छेद 361 के अनुसार संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति के खिलाफ कोई संबंध या नोटिस जारी नहीं किया जा सकता है। राज भवन से जारी पत्र में इसे संविधान के अनुच्छेद 361 का उल्लंघन मांगते हुए इस पर घोर आपत्ति दर्ज कराई गई थी। विशेष सचिव बद्रीनाथ सिंह ने जिलाधिकारी बदायूं मनोज कुमार से हस्तक्षेप कर नियमानुसार पक्ष रखने व नोटिस जारी करने वाले अधिकारी के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने और इसकी जांच रिपोर्ट शासन को भेजने के निर्देश जारी किए थे।

# गुटखा खाने को लेकर टीचर ने डांटा तो छात्रा ने लगा ली फांसी

महोबा। उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के कबरई क्षेत्र में टीचर की डांट से क्षुब्ध होकर 17 वर्षीय एक छात्रा ने गुरूवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम ने बताया कि कबरई के विवेक नगर के निवासी अमित कुमार साहू की पुत्री अंजलि कस्बे के ही इंटर कालेज की 11वीं क्लास की छात्रा थी और गुटखा खाने की लती थी। बताया गया है कि इस सम्बंध में अन्य छात्राओं से मिली शिकायत पर आज स्कूल में टीचर ने उसके बस्ते की तलाशी ली, जिसमें टीचर ने गुटखा का पैकेट भी बरामद किया। इसके बाद अध्यापक ने उसके पिता को स्कूल में बुलाकर इस मामले की शिकायत की और नाराजगी व्यक्त करते हुए टीचर ने अंजलि को उसके पिता के हवाले कर गुटखा की लत छूटने के उपरांत ही उसे कालेज भेजने की हिदायत देते हुए घर भेज दिया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि छात्रा घर वापस तो आ गई किन्तु डांटे जाने से आहत अंजलि अपने कमरे में पहुंच कर फांसी के फंदे पर झूल गई। किशोरी के कमरे से काफी देर तक कोई आहट न मिलने पर परिजनों ने खिड़की से झांक कर देखा तो अंजलि को फांसी पर लटकते पाया।

# झांसी में दिनदहाड़े बदमाशों ने दिया लूट को अंजाम

## बदमाशों के ऐसे बुलंद हौंसलों को लेकर पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल

झांसी। उत्तर प्रदेश में झांसी के मऊरानीपुर थानाक्षेत्र में बदमाशों ने बैंक के सामने से ही गुरूवार सुबह एक युवक का पैसों से भरा बैग लूट लिया। मऊरानीपुर कोतवाली थानाक्षेत्र में हुई इस घटना के पीड़ित युवक ऋषभ सिंह राजपूत ने बताया कि वह अपने घर से एक्सिस बैंक में पैसा जमा कराने आया था जैसे ही वह कार से उतरा दो मोटरसाइकिल सवार नकाबपोश बदमाशों ने झटके से उसके हाथ से पैसों से भरा बैग छुड़ा लिया। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाता दोनों बदमाश तेज गति से मौके से फरार हो गये। युवक ने बताया कि उसके बैग में 07 लाख 20 हजार रूपये नकद थे ,जिसे वह बैंक में जमा कराने आया था।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित से बात कर घटना की जानकारी ली। पुलिस ने मौके पर सीसीटीवी फुटेज भी खंगालने शुरू कर दिये हैं। दिनदहाड़े बैंक के सामने से ही हुई बड़ी लूट के कारण अपराध और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण की दावे करने वाली झांसी पुलिस की काफी किरकिरी हो रही है और लोग बदमाशों के ऐसे बुलंद हौंसलों को लेकर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल भी उठा रहे हैं।

### खुलासे के लिए तीन टीमों का किया गया गठन

उत्तर प्रदेश में झांसी के मऊरानीपुर थानाक्षेत्र में दिनदहाड़े एक बैंक के सामने से पैसा जमा करने आये युवक के साथ लूट को अंजाम देने वाले बदमाशों की पहचान करने वालों को पुलिस ने 25 हजार का नकद इनाम देने की घोषणा की है। मामले के खुलासे के लिए तीन टीमों का भी गठन किया गया है। मऊरानीपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत दो नकाबपोश मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने बैंक में सात लाख 20 हजार रूपये जमा करने आये एक युवक के हाथ से पैसों से भरा बैग उड़ाकर पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। युवक ने पीछे दौड़ कर बदमाशों को पकड़ने का प्रयास भी किया लेकिन वह बेहद तेज रफ्तार से मौके से फरार हो गये। दिन दहाड़े हुई इस लूट की सूचना मिलते ही थानापुलिस और आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। वारदात स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज से अपराधियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है इसी बीच पुलिस ने संदिग्धों की पहचान कराने में मदद करने वाले को 25 हजार का नकद इनाम दिये जाने की भी घोषणा की है, साथ ही यह मदद देने वाले की पहचान भी गोपनीय रखने का आश्वासन दिया है।

# रायबरेली : एटीएम लूटने वाले गिरोह के हिस्ट्रीशीटर बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

रायबरेली ।उत्तर प्रदेश के रायबरेली के बछरांवा इलाके में बैंकों के एटीएम से लूट करने वाले शातिर गिरोह के तीन हिस्ट्रीशीटर सदस्यों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने गुरुवार को बताया कि बुधवार गुरुवार की देर रात करीब 12 बजे के आसपास रायबरेली के बछरांवा इलाके में पुलिस मुठभेड़ के दौरान एटीएम से लूट करने वाले शातिर गिरोह के तीन सदस्यों को हरदोई शारदा नहर पटरी के पास से गिरफ्तार किया है।

उन्होंने बताया कि बछरांवा के थाना प्रभारी ब्रजेश राय रात को चेकिंग अभियान चला रहे थे कि तभी उन्हें यह पुख्ता सूचना मिली कि एक आपराधिक मुकदमे के वांछित इस



इलाके से गुजरने वाले है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने थुलेंडी और चुरवा के चौकी इंचार्ज को हरदोई पुलिया पर पिकेट लगा कर चेकिंग हेतु भेजा ।एसओजी टीम का भी सहयोग लिया गया और मारुति कार से भाग रहे तीनों हिस्ट्रीशीटर राघवेंद्र यादव (25), रवि यादव (30) निवासी प्रतापगढ़ और रंजीत कुमार सरोज (33) निवासी प्रयागराज को रोकने का प्रयास किया।

मगर उन्होंने पुलिस दल के ऊपर फायरिंग शुरू कर दी और भागने लगे। भागते समय उनकी गाड़ी हरदोई शारदा नहर पटरी के पास फंस गई। लेकिन आरोपियों ने उसके बाद भी पुलिस व एसओजी टीम पर गोलीबारी की जवाब में पुलिस दल ने भी गोलियां चलाई जोकि आरोपियों के पैर में लगी। इसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में आरोपियों से पता चला कि राघवेंद्र के ऊपर करीब 17 आपराधिक मुकदमें हैं तथा शेष के ऊपर भी आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमें चल रहे हैं। यह लोग एटीएम से कार्ड बदल कर दूसरों के पैसे निकाल लेते थे। ऐसी कई घटनाएं रायबरेली कोतवाली और बछरांवा इलाके की पता चली है जिसमे इन्होंने एक रिटायर्ड पुलिस कर्मी को भी अपना शिकार बना डाला था और उसके साथ मारपीट भी की थी।

### ज्ञानवापी सर्वे की रिपोर्ट 17 नवंबर तक कोर्ट को सौंपें

वाराणसी। वाराणसी जिला जज डा. अजय कृष्ण विश्वेश ने गुरुवार को एएसआई को ज्ञानवापी में सर्वे पूरा करने के लिए 15 दिन की मोहलत दे दी। एएसआई को अब हर हाल में सर्वे पूरा करने और 17 नवंबर तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया। इसके साथ ही सर्वे की वर्तमान स्थिति भी जानी, साथ ही संरक्षित साक्ष्यों को डीएम को ससमय सुपुर्द करने की बात भी कही। वहीं तहखाने के अधिकार पर दोनों पक्षों से लिखित जवाब मांगा है, जिसके आधार पर दोनों पक्ष के वकील अगली तारीख आठ नवंबर को बहस करेंगे। ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी के मूलवाद समेत नौ केस की सुनवाई की। जिला जज की कोर्ट में तहखाने के अधिकार, ज्ञानवापी में चल रहे एएसआई सर्वे की सुनवाई के बाद दोनों पक्षों की दलील सुनी।

# बस्ती में शस्त्र प्रदर्शन करने पर जब्ती के निर्देश जारी

बस्ती। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में शस्त्र प्रदर्शन पर रोक लगाने के लिए जिलाधिकारी ने आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये हैं।

जिलाधिकारी अन्द्रा वामसी ने यहां यह जानकारी देते हुए गुरुवार को बताया कि जनपद में 07 हजार 194 शस्त्र धारक है। इन लोगों को सुरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेन्स दिया गया है लेकिन कुछ लोग उसका दुरुपयोग करके प्रदर्शन करते हैं, जो नियम विरूद्ध है। ऐसी स्थिति में अगर लाइसेन्सी शस्त्र धारक द्वारा शस्त्र लेकर प्रदर्शन किया गया तो उसके विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी और उनका लाइसेंस जब्त कर लिया जायेगा।

उन्होंने जनपद के समस्त लाइसेन्सी शस्त्र धारकों से अपील करते हुए कहा है कि शस्त्र उनके सुरक्षा के लिए है न कि प्रर्दशन के लिए है । अपनी सुरक्षा को देखते हुए नियमों का पालन करके शस्त्र लेकर चले। अगर नियमों का पालन नही हुआ तो शिकायत मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। शासन द्वारा जो गाइड लाइन जारी है उसका पालन करते हुए काम करना जरूरी है।अक्सर देखा जाता है कि शादी-विवाह या अन्य किसी समारोह मे लोग शस्त्र लेकर प्रदर्शन करते हैं तथा हर्ष फायरिंग भी करते हैं और ऐसे स्थिति मे बड़ी-बड़ी घटनाएं हो जाती है। कुछ लोग सोशल मीडिया पर उसका प्रर्दशन करते है जो बहुत ही गलत है। अगर इन मामलो मे कोई भी शिकायत आती है तो उनके विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

उन्होने जनपद के समस्त नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि अगर कोई शस्त्र का प्रर्दशन कर रहा है तो उसकी सूचना दे जिससे उस सम्बंध मे कार्रवाई की जा सके।

### जौनपुर में बाइक सवार को बचाने में पलटी रोडवेज की बस, एक घायल

जौनपुर। उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले में थाना खुटहन क्षेत्र में प्रयागराज से शाहगंज राजमार्ग पर बृहस्पतिवार की सुबह तड़के बाइक सवार को बचाने में एक रोडवेज बस सड़क से उतरकर गड्ढे में पलट गई। इस दुर्घटना में एक व्यक्ति को चोट आयी बाकी सभी यात्री सुरक्षित हैं। पुलिस के अनुसार जिले में बनुआडीह गांव के पास यह दुर्घटना हुई। शाहगंज डिपो की बस बृहस्पतिवार की भोर में प्रयागराज से सवारी लेकर शाहगंज की तरफ जा रही थी, उस समय बस में दो दर्जन यात्री सवार थे।

# मुरादाबाद : पुलिस ने 24 घंटे में किया हत्यारोपियों को गिरफ्तार

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में पीतल कारोबारी की हत्या के 24 घंटे में मुठभेड़ में दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर उनके क़ब्ज़े से अवैध असलहे व कारतूस बरामद किए हैं। मुठभेड़ में घायल एक आरोपी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस अधीक्षक नगर अखिलेश भदौरिया ने गुरूवार को बताया कि एकता विहार उत्तरी कालोनी कॉलोनी निवासी सऊद राशिद मुरादाबाद में पीतल कारोबारी था।

कुछ दिन पहले कालॉनी में बच्चों के बीच-बचाव को लेकर विवाद हो गया था। सोहराब ने पुलिस चौकी में इस मामले की शिकायत की गई थी। 31 अक्टूबर मंगलवार देर रात लगभग दस बजे कॉल करके थाना कटघर की पुलिस चौकी काशीपुर तिराहा क्षेत्रांतर्गत एकता विहार उत्तरी कालोनी में समाजवादी पार्टी नेता कैसर अली कदुसी के भतीजे पीतल कारोबारी सऊद राशिद (25) को घर के बाहर बुलाया और गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।


लोगों को गोलियों से छलनी पीतल व्यापारी का शव घर से कुछ दूरी पर पड़ा मिला था ।इस संबंध में आरोपियों के ख़िलाफ़ थाना कटघर में केस दर्ज कराया गया था।

# फेड रिजर्व के ब्याज दर यथावत रखने से झूमा बाजार

मुंबई। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों को यथावत रखने के निर्णय से विश्व बाजार के सकारात्मक रुझान से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में तूफानी तेजी रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 489.57 अंक अर्थात 0.77 प्रतिशत की उड़ान भरकर 64 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 64080.90 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 144.10 अंक यानी 0.76 प्रतिशत की छलांग लगाकर 19133.25 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.20 प्रतिशत उछलकर 31511.43 अंक और स्मॉलकैप 0.97 प्रतिशत की तेजी के साथ 37239.96 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3791 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2330 में लिवाली जबकि 1316 में बिकवाली हुई वहीं 145 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 42 कंपनियां तेजी जबकि शेष आठ गिरावट पर रही।




बीएसई के सभी समूहों में लिवाली का जोर रहा। इस दौरान कमोडिटीज 1.10, सीडी 0.89, ऊर्जा 1.09, एफएमसीजी 0.98, वित्तीय सेवाएं 0.69, हेल्थकेयर 0.81, इंडस्ट्रियल्स 1.24, आईटी 0.89, दूरसंचार 2.42, यूटिलिटीज 1.78, ऑटो 0.80, बैंकिंग 0.77, कैपिटल गुड्स 1.15, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.13, धातु 1.68, रियल्टी 2.55, टेक 1.02 और सर्विसेज समूह के शेयरों ने 0.97 प्रतिशत की छलांग लगाई।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी रही। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 1.29, जर्मनी का डैक्स 1.56, जापान का निक्केई 1.10 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.75 प्रतिशत उछल गया वहीं चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.45 प्रतिशत की गिरावट रही।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 442 अंक की तेजी के साथ 64,033.40 अंक पर खुला और दमदार लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 64,202.64 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली के दबाव में यह दोपहर में 63,815.35 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 63,591.33 अंक के मुकाबले 0.77 प्रतिशत चढ़कर 64,080.90 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी भी 131 अंक की बढ़त के साथ 19,120 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,175.25 अंक के उच्चतम जबकि 19,064.15 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 18,989.15 अंक की तुलना में 0.76 प्रतिशत बढ़कर 19,133.25 अंक पर रहा।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में इंडसएंड बैंक 2.04, टाटा मोटर्स 1.51, सन फार्मा 1.41, टाटा स्टील 1.33, इंफोसिस 1.25, भारती एयरटेल 1.20, एनटीपीसी 1.07, एसबीआई 1.01, रिलायंस 1.01, एलटी 0.83, मारुति 0.82, टीसीएस 0.82, विप्रो 0.72, आईसीआईसीआई बैंक 0.53, एचडीएफसी बैंक 0.14 और बजाज फिनसर्व 0.14 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, टेक महिंद्रा 0.59 और बजाज फाइनेंस के शेयरों ने 0.27 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## शार्ट न्यूज

### एक्सिस बैंक की होम लोन के लिये महिंद्रा लाइफस्पेसेज़ के साथ भागीदारी

नयी दिल्ली। निजी क्षेत्र बैंक एक्सिस बैंक ने पर्यावरण अनुकूल घरों के लिए होम लोन प्रदान करने के लिए महिंद्रा समूह की रीयल एस्टेट एवं बुनियादी ढांचा विकास इकाई महिंद्रा लाइफस्पेसेज़ डेवलपर्स लिमिटेड (एमएलडीएल) के साथ साझेदारी की है। बैंक ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इसके माध्यम से सभी महिंद्रा लाइफस्पेसेज़ ग्राहक अब प्रतिस्पर्धी ब्याज दर पर होम लोन प्राप्त कर सकते हैं, जो मानक होम लोन दरों से 0.25 प्रतिशत कम है। इस सहयोग के मूल मूल्यों के अनुरूप, कागज़ी कार्रवाई को कम कर ऋण के आवेदन और वितरण की प्रकिया को निर्बाध रखा जाएगा, ताकि कागज़ की बर्बादी कम हो और कुशल दस्तावेज़ प्रबंधन सुनिश्चित हो। इसके माध्यम से दोनों संस्थाओं का लक्ष्य है ग्राहकों को अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण-अनुकूल तरीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना। महिंद्रा लाइफस्पेसेज़ नवोन्मेषी नीतियों और उत्पाद डिज़ाइनों के माध्यम से पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव डालने और कंपनी के व्यावसायिक परिचालन के ज़रिये ग्राहकों को अपने जीवन को अधिक सार्थक तरीके से जीने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### अडानी एंटरप्राइजेज का मुनाफा 51 प्रतिशत गिरा

मुंबई। अडानी समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही में 227.80 करोड़ रुपये का सकल शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 460.94 करोड़ रुपये के शुद्ध लाभ की तुलना में 51 प्रतिशत कम है। कंपनी ने आज शेयर बाजार को सूचित किया है सितंबर 2023 को समाप्त इस तिमाही में उसका परिचालन राजस्व भी 41 प्रतिशत घटकर 22517.3 करोड़ रुपये रहा है जबकि पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में यह राजस्व 38175.23 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने एक बयान में कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उसके सभी कारोबार ने बेहतर प्रदर्शन किया है और अब इसमें तेजी का रूख देखा जा रहा है।

### लावा ने लांच किया ब्लेज 2 5 जी स्मार्टफोन, कीमत 9999 रुपये से शुरू

नयी दिल्ली। मोबाइल फोन बनाने वाली कंपनी लावा इंटरनेशनल ने नया 5 जी स्मार्टफोन ब्लेज 2 आज लॉंच करने की घोषणा की जिसकी शुरूआती कीमत 9999 रुपये है। कंपनी ने यहां कहा कि मीडियाटेक डाइमेंसिटी 6020 प्रोसेसर आधारित इस स्मार्टफोन में 6.56 इंच का 2.5 डी कर्व्ड स्क्रीन है। इसमें 50 एमपी का रियर और आठ एमपी का फ्रंट कैमरा है। यह फोन दो मॉडल में उपलब्ध है। इसमें एंड्रायड 13 आपरेटिंग सिस्टम दिया गया है और इसको एंड्रायड 14 में भी अपग्रेड देने का वादा किया गया है। दो वर्ष तक तिमाही सेक्युरिटी अपडेट भी मिलेगा। इसमें 5000 एमएएच की बैटरी है जो 18 वॉट फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करता है। यह फोन लावा के रिटेल नेटवर्क के साथ ही अमेजन पर भी नौ नवंबर से उपलब्ध होगा। कंपनी ने कहा कि चार जीबी रैम और चार जीबी वर्चुअल रैम एवं 64 जीबी रॉम वाले मॉडल की कीमत 9999 रुपये तथा 6 जीबी रैम और छह जीबी वर्चुअल रैम वाले मॉडल की कीमत 10999 रुपये है।

### रणबीर कपूर बने हौजर पेन के ब्रांड एंबेसडर

नयी दिल्ली। फ्लेयर राइटिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एफडब्लूआईएल) ने अपने हौजर पेन के लिए अभिनेता रणबीर कपूर को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां कहा कि ब्रांड एंबेसडर के तौर पर अभिनेता कंपनी के विभिन्न प्रचार माध्यमों में दिखेंगे। अभिनेता को लेकर कंपनी एक अभियान शुरू करने की जा रही है जिसमें रणबीर कपूर एक प्रोफेसर की भूमिका में हैं। इस पर रणबीर कपूर ने कहा, मैं सॉफ़िस्टिकेशन और रिफ़ाइनमेंट के प्रतीक हौजर के साथ जुड़ने के लिए रोमांचित हूं। लिखना खुद को व्यक्त करने का एक सदाबहार रूप है, और मेरा मानना है कि एक शानदार पेन सिर्फ एक उपकरण नहीं है, बल्कि किसी के व्यक्तित्व का विस्तार है। कंपनी ने कहा कि नये अभियान में रणबीर कपूर प्रेरणादायक प्रोफेसर के रूप में एक परिवर्तनकारी भूमिका निभा रहे हैं। वे एक शक्तिशाली नैरेटिव बना रहे हैं, जो अकादमिक और व्यक्तिगत उत्कृष्टता की भावना से मेल खाती है।

### टाटा मोटर्स को 3764 करोड़ का मुनाफा

मुंबई। वाहन बनाने वाली देश की प्रमुख कंपनी टाटा मोटर्स ने सितंबर 2023 में समाप्त दूसरी तिमाही में 3764 करोड़ रुपये का सकल शुद्ध लाभ कमाया है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में कंपनी को 944.6 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। कंपनी ने आज निदेशक मंडल की बैठक के बाद शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि इस तिमाही में उसका परिचालन राजस्व 105128.2 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के राजस्व की तुलना में 32.1 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने कहा है कि दूसरी छमाही में और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है क्योंकि जगुआर लैंड रोवर की बुकिंग बेहतर है। इसके साथ ही व्यावसायिक वाहनों की मांग में तेजी बनी हुयी है और यात्री वाहनों के नये मॉडल उतारे जाने से भी ग्राहकों का आकर्षण बढ़ा है। कंपनी ने कहा कि उसकी लक्जरी यात्री वाहन इकाई जगुआर लैंड रोवर का राजस्व पिछली तिमाही में 30.4 प्रतिशत बढ़कर 6.9 अरब पांउड पर पहुंच गया है।

### नीता अंबानी ने 60वां जन्मदिन मनाया

नयी दिल्ली। रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक एवं अध्यक्ष नीता अंबानी ने अपना 60वां जन्मदिन वंचित समाज के करीब 3000 बच्चों के साथ मनाया। अंबानी ने अन्न-सेवा के तहत 15 राज्यों के 1.4 लाख लोगों को भोजन दिया गया। अन्न सेवा के जरिए करीब 75 हजार लोगों को पका हुआ भोजन परोसा गया। तो वहीं करीब 65 हजार के लिए कच्चा राशन वितरित किया गया। सुश्री अंबानी बुधवार को 60 वर्ष की हो गयी है। उन्होंने अपने जन्मदिन पर बच्चों, वृद्धाश्रमों में रहने वाले बुजुर्गों, दैनिक वेतन भोगियों, किन्नर समुदाय के लोगों, कुष्ठ रोगियों और विशेष जरूरतों वाले लोगों के लिए अन्न-सेवा की गई। भोजन वितरण से लेकर विभिन्न स्थानों पर गर्म भोजन परोसने तक के सभी काम रिलायंस के स्वयंसेवकों ने किए। उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी के दौरान सुश्री अंबानी की रिलायंस फाउंडेशन ने अन्न सेवा के नाम से उस समय का सबसे बड़ा अन्न वितरण कार्यक्रम चलाया था। फाउंडेशन के मुताबिक नीता अंबानी के जन्मदिन पर अन्न वितरण उसी परंपरा का विस्तार है। शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, खेल, कला और संस्कृति के क्षेत्र में नीता अंबानी के नाम अनगिनत उपलब्धियां हैं। उनके नेतृत्व में रिलायंस फाउंडेशन ने देश भर के सात करोड़ 10 लाख से अधिक लोगों के जीवन को प्रभावित किया है।

### बैंक ऑफ इंग्लैंड ने अपनी मुख्य ब्याज दर को 15 साल के उच्च स्तर पर अपरिवर्तित रखा

नई दिल्ली। बैंक ऑफ इंग्लैंड ने गुरुवार को अपनी मुख्य ब्याज दर को 15 साल के उच्च स्तर 5.25 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा और संकेत दिया कि उधार लागत कुछ समय के लिए इस प्रकार के उच्च स्तर पर बनी रहेगी, खासकर अगर इस्राइल और हमास के बीच जारी संघर्ष से तेल और गैस की कीमतें तेजी से बढ़ती हैं। बैंक की नौ सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति ने एक बयान में संकेत दिया कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के द्वारा मापी जाने वाली मुद्रास्फीति अगले महीने में नाटकीय रूप से गिरने वाली है, लेकिन आने वाले वर्ष इसके 2 प्रतिशत लक्ष्य दर तक पहुंचने में समय लगेगा। बैंक ऑफ इंग्लैंड के गवर्नर एंड्रयू बेली ने कहा, हमने इस महीने दरों में कोई बदलाव नहीं किया है, लेकिन हम यह देखने के लिए बारीकी से नजर रख रहे हैं कि क्या दरों में और वृद्धि की आवश्यकता है। लेकिन अगर ऐसा नहीं भी होता है तो भी दरों में कटौती के बारे में सोचना जल्दबाजी होगी। बैठक के ब्योरे से पता चला कि नीति समिति के नौ सदस्यों में से तीन ने मुद्रास्फीति दर को कम करने के लिए 5.5 प्रतिशत तक एक चौथाई अंक की वृद्धि का समर्थन किया, जो सितंबर तक 6.7 प्रतिशत था।

# ग्रेटर नोएडा में होटल्स की स्थापना को बढ़ावा देने के लिए प्लॉट आवंटन की नई स्कीम लायी योगी सरकार

**सीएम योगी की मंशा के अनुरूप, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने ग्रेटर नोएडा में होटल स्थापित करने के लिए प्लॉट आवंटन की शुरू की प्रक्रिया**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर रही योगी सरकार ने प्रदेश में नागरिक सुविधाओं को बढ़ाने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। इस क्रम में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 28 में तीन केटेगरी के होटल प्लॉट्स की ई-ऑक्शन प्रक्रिया की शुरुआत कर दी है। जेवर एयरपोर्ट से नजदीकी के चलते प्राइम लोकेशन पर बेस्ड इन प्लॉट्स पर होटेलियर्स बजट व प्रीमियम होटल्स का विकास कर सकेंगे। यीडा ने इस नई स्कीम को बुधवार को लॉन्च किया है और इसमें प्लॉट पाने के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 नवंबर निर्धारित की गई है। इस स्कीम के जरिए आवंटन में प्राप्त प्लॉट 90 वर्षों की लीज पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिया जाएगा। ई-ऑक्शन के जरिए भूमि प्राप्त करने वाले होटल निर्माणकर्ताओं को प्रथम चरण के कार्यों को तीन वर्ष जबकि पूरी परियोजना को 5 वर्षों के भीतर पूरा करना होगा। उल्लेखनीय है कि 3400, 5000 व 10000 स्क्वेयर मीटर क्षेत्रफल वाले इन प्लॉट्स की रिजर्व प्रीमियम प्राइस 20.10 से 62.06 करोड़ रुपए के बीच रखी गई है जबकि 02 से 6.3 करोड़ रुपए के बीच इन प्लॉट्स की ईएमडी वैल्यू निर्धारित की गई है।

### आवेदनकर्ताओं को कई क्राइटेरिया पर उतरना होगा खरा

इस स्कीम के जरिए जिन तीन प्रकार की प्लॉटिंग्स के लिए ई-ऑक्शन प्रक्रिया पूरी की जाएगी उसका ब्रोशर यीडा की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। स्कीम ब्रोशर डाउनलोड की प्राइसिंग 50000 प्लस 18 प्रतिशत जीएसटी रखी गई है।

इस स्कीम के जरिए जिन आवेदनकर्ताओं को प्लॉट्स आवंटित किए जाएंगे उन्हें पोजेशन प्राप्त करने के लिए संबंधित प्लॉट केटेगरी की रिजर्व प्रीमियम प्राइस का 40 प्रतिशत देना होगा। बाकी के 60 प्रतिशत को 5 वर्षों में 10 इंस्टॉलमेंट्स के जरिए चुकाया जा सकता है। वहीं, 3400 स्क्वेयर मीटर के प्लॉट के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति या संस्था की मिनिमम नेटवर्थ 15 करोड़ होनी चाहिए। साथ ही, पिछले तीन वर्षों व मौजूदा वर्ष के हिसाब से मिनिमम



टोटल टर्नओवर 30 करोड़ रुपए होना चाहिए। इसी प्रकार, 5000 स्क्वेयर मीटर के प्लॉट्स के लिए मिनिमम नेटवर्थ 20 करोड़ तथा मिनिमम टोटल टर्नओवर 50 करोड़ होना चाहिए। इसी प्रकार, 10,000 स्क्वेयर मीटर के प्लॉट के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति या संस्था की मिनिमम नेटवर्थ 50 करोड़ तथा मिनिमम टोटल टर्नओवर 100 करोड़ रुपए होना चाहिए। इसके अतिरिक्त, ई-ऑक्शन में भाग लेने के लिए आवेदनकर्ताओं को यीडा ऑक्शन टाइगर ऑनलाइन गेटवे पर रजिस्टर करना होगा जिसकी कीमत 1000 रुपए निर्धारित की गई है। वहीं, आवेदनकर्ताओं को होटल निर्माण के क्षेत्र में पर्याप्त अनुभव होना चाहिए और उन्हें यह भी दिखाना होगा कि उनके द्वारा देश या विदेश में किस स्टार केटेगरीज के होटलों का निर्माण, विकास व संचालन किया गया है।

### बहुमंजिला होटल्स के निर्माण का रास्ता होगा साफ

इस ई-ऑक्शन प्रक्रिया के जरिए जिन होटल केटेगरीज के प्लॉट आवंटन का रास्ता साफ होगा उन्हें तमाम प्रकार की सहूलियतें भी मिलेंगी।

उल्लेखनीय है कि आवंटन में भूमि प्राप्त करने वाले आवेदनकर्ता प्राप्त प्लॉट पर बहुमंजिला इमारत खड़ी कर सकते हैं और इसके लिए किसी प्रकार की हाइट रिस्ट्रिक्शंस लागू नहीं होंगी।

हालांकि, 24 मीटर से ज्यादा हाइट वाले होटल्स की इमारतों को एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) की ओर से क्लियरेंस की जरूरत होगी। साथ ही, होटल के विकास का मास्टरप्लान यीडा की सभी शर्तों को ध्यान में रखकर निर्धारित किया जाएगा।

वहीं, होटल का निर्माण करने वाले निर्माणकर्ताओं को ये सुनिश्चित करना होगा कि ग्राउंड क्लियरेंस 40 प्रतिशत रहेगा तथा प्रति 2 गेस्टरूम्स के हिसाब से पार्किंग स्पेस उपलब्ध हो।

पूरी परियोजना में फ्लोर रेशियो एरिया (एफएआर) की वैल्यू 3.00 निर्धारित की गई है। वहीं, प्लॉट्स के निर्धारण में प्रिफरेंशियल कंडीशनिंग के लिए भी तमाम प्रकार के शुल्कों का निर्धारण किया गया है।

इसके फलस्वरूप, कॉर्नर प्लॉट के लिए 5 प्रतिशत, ग्रीन बेल्ट के लिए 5 प्रतिशत तथा रोडसाइड व कॉर्नर के रूप में कुल प्रेफरेंशियल लोकेशन चार्ज 15 प्रतिशत निर्धारित किया गया है।

# श्रीलंका में शीघ्र शुरू होगा यूपीआई का उपयोग : सीतारमण

कोलंबो। भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने श्रीलंका में शीघ्र ही यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) का उपयोग शुरू होने की आज यहां घोषणा करते हुये दोनों देश मिलकर काम कर रहे हैं और कनेक्टिविटी परियोजनाओं को गति दी जा रही है।

सीतारमण ने भारतीय मूल तमिलों के श्रीलंका में 200 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम 'एनएएम 200' को संबोधित करते हुये कहा कि दोनों देशों के बीच नौका सेवा में उल्लेखनीय प्रगति हुयी है और अन्य क्षेत्रों में भी कनेक्टिविटी परियोजनाओं को गति दी जा रही है। इसी क्रम में श्रीलंका में शीघ्र ही यूपीआई की शुरूआत की जायेगी।

उन्होंने कहा कि भारतीय मूल के तमिलों जो यहां मलयाहा तमिल मक्कल नाम से जाने जाते हैं के योगदान को श्रीलंका हमेशा याद रखेगा।

उन्होंने काह कि 1820 में अंग्रेज भारतीय मूल के तमिलों को कॉफी, चाय और रबर के बगान में काम करने के लिए लाये थे। तब से लेकर अब तक ये लोग श्रीलंका के विकास में लगे हुये हैं और इनकी भूमिका को श्रीलंका की सरकार ने भी स्वीकार किया है।

उन्होंने कहा कि भारतीय आवास परियोजना के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 हजार अतिरिक्त आवास की घोषणा की है जो तीसरे चरण के तहत निर्मित चार हजार आवासों से अलग है। तीसरे चरण में 3700



आवास बनकर तैयार होने के करीब और आज इस परियोजना के चौथे चरण के तहत 10 हजार आवास की आधारशिला रखी जा रही है जो दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों के लिए विशेष है।

सीतारमण ने कहा कि इसके साथ ही कुछ अन्य परियोजनायें भी आज शुरू की जा रही है जिसमें छात्रों के लिए स्कूल बैग और नोटबुक, सौर लालटेन, विश्वसनीय और पर्यावरण-अनुकूल बिजली आपूर्ति और महिला स्व सहायता समूहों के लिए सिलाई इकाइयां शामिल है।

पिछले वर्ष के श्रीलंका के आर्थिक संकट का उल्लेख करते हुये उन्होंने कहा कि भारत ने अपने करीबी पड़ोसी और मित्र के साथ मजबूती से सबसे पहले खड़ा हुआ था और हरसंभव मदद की गयी। उन्होंने कहा कि श्रीलंका द्वारा बहुस्तरीय वित्तीय संस्थानों से लिये गये कर्ज के पुनर्गठन को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने मंजूरी दी है।

इससे पहले सीतारमण ने त्रिंकोमाली में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा का शुभारंभ किया।

# एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और इक्सिगो ने लॉन्च किया को-ब्रांडेड ट्रैवल क्रेडिट कार्ड

नयी दिल्ली। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी) और ट्रैवल प्लेटफॉर्म इक्सिगो ने आज को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के लॉन्च की घोषणा की।

इस क्रेडिट कार्ड के लॉन्च पर एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के संस्थापक, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ संजय अग्रवाल ने कहा, वर्ल्ड ट्रैवल एंड टूरिज्म काउंसिल (डब्ल्यूटीटीसी) की रिसर्च से पता चलता है कि ट्रैवल सेक्टर पूर्व-महामारी के स्तर को पार करते हुए 2024 में अनुमानित 20.7 प्रतिशत सालाना ग्रोथ के साथ एक महत्वपूर्ण रीबाउंड के लिए तैयार है। यह ग्रोथ 2023 में भारतीय पर्यटकों के बीच एक मजबूत खर्च के ट्रेंड का संकेत देती है। इसे ध्यान में रखते हुए, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने यात्रा के प्रति उत्साही लोगों को अनूठी बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए ट्रैवल प्लेटफॉर्म इक्सिगो के साथ साझेदारी की है। इक्सिगो-एयू क्रेडिट कार्ड एयू के बैंकिंग इनोवेशन और इक्सिगो की ट्रैवल विशेषज्ञता को प्रदर्शित करता है, जो रिवार्ड और सुविधा के एक नए युग की शुरुआत कर रहे हैं। इक्सिगो के सह संस्थापक एवं ग्रुप सीईओ आलोक बाजपेयी ने कहा, हमारा जोर हमेशा प्रोडक्ट इनोवेशन और ऐसी सेवाओं की पेशकश पर रहा है जो यात्रा को सहज अनुभव वाला बनाती हैं। हम अपने को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के लॉन्च के लिए एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ साझेदारी करके रोमांचित हैं। यह सहयोग यात्रियों को एक बिना रुकावट, फायदेमंद और यादगार यात्रा प्रदान करने के हमारे मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस इनोवेटिव कार्ड के साथ, हमारा लक्ष्य यात्रा अनुभव को बेहतर बनाना है, जिससे ग्राहकों को कई तरह के बेनेफिट के साथ-साथ क्रेडिट तक पहुंच प्रदान की जा सके।

उन्होंने कहा कि यह रणनीतिक साझेदारी एयू एसएफबी की वित्तीय विशेषज्ञता की ताकत के साथ टियर 2 और टियर 3 बाजारों में इक्सिगो की पैठ को जोड़ती है और इसका लक्ष्य अपने ग्राहकों को लाभ के साथ प्रीमियम फाइनेंशियल रिवार्ड का एक मिश्रण प्रदान करना है। इक्सिगो-एयू को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड ग्राहकों को सभी यात्रा क्षेत्रों, उड़ानों, ट्रेनों, बसों और होटलों में एक सहज, फायदेमंद और यादगार यात्रा का अनुभव लेने के लिए सशक्त बनाएगा।

# एनएसडीसी की एचसीएल टेक के साथ साझेदारी

नयी दिल्ली। डिजिटल टेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के माध्यम से भारत के युवाओं को सशक्त बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विज़न के अनुरूप राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने विशेष रूप से तकनीकी और इंजीनियरिंग क्षेत्रों में कौशल अंतर को कम करने के लिए एचसीएल टेक के साथ साझेदारी की है।

इसके तहत, दोनों संगठन विविध पृष्ठभूमि के छात्रों के बीच टेक्नोलॉजी को अपनाने को बढ़ावा देने और नए वैश्विक बाजारों और व्यावसायिक अवसरों का पता लगाने के लिए मिलकर काम करेंगे। एनएसडीसी के सीईओ वेद मणि तिवारी और एचसीएल टेक के सीईओ और प्रबंध निदेशक सी विजयकुमार द्वारा समझौते का आदान-प्रदान किया गया।

यह रणनीतिक साझेदारी एनएसडीसी और एचसीएल टेक को तकनीकी और गैर-तकनीकी-आधारित पाठ्यक्रमों (बी2बी और बी2सी) में डिजिटल असेसमेंट शुरू करके संयुक्त रूप से असेसमेंट लैंडस्केप और डिजिटल शिक्षण को बदलने में सक्षम बनाएगी। फ्लेक्सिबिलिटी और स्केल के साथ प्रतिभा को बढ़ाने के लिए नए उत्पादों और कार्यक्रमों के निर्माण पर सहयोग करने की भी गुंजाइश है। इसके अतिरिक्त, यह सुनिश्चित करने के लिए कि प्रत्येक भारतीय की गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण तक पहुंच हो, इंडस्ट्री-रेलेवेंट संसाधनों और टूल्स को संयुक्त रूप से विकसित और पेश करके सीखने के प्रभाव को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस साझेदारी के तहत डिजिटल लर्निंग में मानक स्थापित करने के लिए असेसमेन्ट में नए आयाम जोड़ने का लक्ष्य है। यह लक्ष्य इंगित करता है कि दोनों आर्गनाइज़ेशन में लर्निंग में नियमित चेकिंग और टेक्नोलॉजी तक पहुँच बढ़ाई जा सकती है।

तिवारी ने कहा, एनएसडीसी और एचसीएल टेक जॉब मार्केट में विश्वास बढ़ाने की प्रतिबद्धता के साथ इस साझेदारी में प्रवेश कर रहे हैं। दोनों संगठन संयुक्त रूप से एक असेसमेंट प्लेटफॉर्म मंच विकसित करेंगे जहां छात्र और कामकाजी पेशेवर मांग के अनुसार कौशल का मूल्यांकन और प्रमाणन करा सकेंगे। यह योग्यता-आधारित नियुक्ति से कौशल-आधारित नियुक्ति की ओर बढ़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दोनों पक्ष डायनमिक जॉब मार्केट में अवसरों की तैयारी के लिए रीस्किलिंग, अपस्किलिंग ऑनलाइन पाठ्यक्रमों की पेशकश करने के लिए भी सहयोग करेंगे।

समझौते के भाग के रूप में, एनएसडीसी और एचसीएल टेक संयुक्त रूप से असेसमेंट प्लेटफॉर्म, असेसमेंट और हायरिंग टेस्ट (तकनीकी और गैर-तकनीकी दोनों), स्मार्ट लैब (कोडिंग और डेटा साइंस), शिक्षण कार्यक्रम, फैकल्टी डेवलपमेंट और सर्टिफिकेशन प्रोग्राम और सरकार और संस्थानों के लिए एडवाइजरी सर्विस में एक-दूसरे की तकनीकी और डोमेन विशेषज्ञता का लाभ उठाएंगे।

इसके अतिरिक्त, दोनों पक्ष असेसमेंट को डिजिटल बनाने और डिजिटलीकरण के लिए संयुक्त आईपी बनाने में भी सहयोग करेंगे, जो कौशल के व्यापक लैंडस्केप के साथ-साथ एजुकेशनल इकोसिस्टम को कवर करेगा और सलाहकार सेवाओं और पोजिशनिंग तकनीकी समाधानों में संलग्न होगा।

एडटेक बिजनेस, एचसीएल टेक की कॉरपोरेट उपाध्यक्ष और ग्लोबल प्रमुख शिवशंकर ने कहा, भारत और बाकी दुनिया के लिए भविष्य के लिए तैयार टैलेंट इकोसिस्टम बनाने हेतु डिजिटल टेक्नोलॉजी का लाभ उठाने के लिए एनएसडीसी के साथ जुड़कर हमें खुशी हो रही है।

मुझे विश्वास है कि एचसीएल टेक के प्रमाणित करियर शेपर लर्निंग, असेसमेंट प्लेटफॉर्म और टैलेंट और राष्ट्र निर्माण में एनएसडीसी का अनुभव इस बात में महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है कि कौशल के लिए टेक्नोलॉजी का स्मार्ट तरीके से उपयोग कैसे किया जा सकता है।

# एंजल इन्वेस्टमेंट शो 'इंडियन एंजल्स' आज जियो सिनेमा पर होगा लॉन्च

नयी दिल्ली। ओटीटी पर दुनिया का पहला एंजल इन्वेस्टमेंट शो 'इंडियन एंजल्स' का बहुप्रतीक्षित प्रीमियर कल जियो सिनेमा पर किया जाएगा। यह शो हर हफ्ते दो एपिसोड प्रसारित करेगा, जिसकी शुरूआत कल से हो रही है। इस शो में दर्शकों को इसमें दिखाये जाने वाले स्टार्टअप के साथ जुड़ने का अवसर मिलेगा।

इंडियन एंजल्स अपने अनूठेपन के साथ खुद को दूसरों से अलग करता है, जिसमें छोटे शहरों में अपना उद्यमी सफर शुरू करने वाले जाने-माने बिजनेस लीडर्स का एक पैनल दिखाया जा रहा है। साथ ही उन्होंने सफल स्टार्टअप भी खड़ा किया। इस पैनल में काइनेटिक ग्रुप के प्रबंध निदेशक अजिंक्य फ़िरोदिया, इंश्योरेंस देशों के संस्थापक एवं सीईओ अंकित अग्रवाल, शोबितम की सह संस्थापक एवं मुख्य उत्पाद अधिकारी अपर्णा त्यागराजन, एजमायट्रिप के सह संस्थापक रिकांत पिट्टी, द आयुर्वेदा कंपनी की सीईओ एवं सह संस्थापक श्रीधा सिंह और वैल्यू 360 के संस्थापक एवं सीईओ कुणाल किशोर शामिल हैं। डिजिकोर स्टूडियोज के संस्थापक एवं सीईओ अभिषेक मोरे ने शो को लेकर आज यहां कहा, दो शुरूआती एपिसोड के साथ, इंडियन एंजल्स का प्रसारण करने की हमें उत्सुकता हो रही है। कुछ दिनों पहले जब से शो को जारी किया है तब से ही काफी धमाकेदार प्रतिक्रिया मिल रही है। हमने स्टार्टअप की तरक्की में भारतीय दर्शकों की गहरी दिलचस्पी को ध्यान में रखते हुए बड़ी ही सटीकता के साथ इस शो को बनाया है। इसके साथ ही, हम यह सुनिश्चित करते हैं कि यह शो ना केवल मनोरंजक है, बल्कि सबकी पहुंच में भी है। इससे दर्शकों को अपने पसंदीदा स्टार्टअप में सक्रिय रूप से शामिल होने का मौका भी मिल रहा है। हमारा मानना है कि इससे सभी को बेहतरीन अनुभव मिलेगा और हम बड़ी बेसब्री से दर्शकों की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं।

इंडियन एंजल्स ने एक महत्वपूर्ण कॉन्सेप्ट की पेशकश की है जोकि टेलीविजन पर एंजल इन्वेस्टमेंट के पारंपरिक परिदृश्य में बड़ा बदलाव लेकर आएगा।

# अमेरिका के केंद्रीय बैंक ने नीतिगत ब्याज दरें अपरिवर्तित रखीं

वाशिंगटन/नयी दिल्ली। अमेरिका के संघीय बैंक फेडरल रिजर्व ने लगातार दूसरी बार बुधवार को अपनी नीतिगत ब्याज दरों को वर्तमान स्तर पर बनाए रखने का निर्णय किया।

फेडरल रिजर्व की ओपन मार्केट कमेटी (ओएमसी) कि यह लगातार दूसरी बैठक रही जिसमें ब्याज दरों को बढ़ाने के सिलसिले को थामने का निर्णय किया गया है।

अमेरिका में नीतिगत ब्याज दर तय करने वाली इस समिति ने सर्वसम्मति से नीतिगत दरें वर्तमान 5.25 प्रतिशत से 5.5 प्रतिशत के बीच बरकरार रखने का फैसला किया है। जुलाई से नीतिगत दरें इसी स्तर पर हैं।

इससे पहले ओएमसी ने देश में मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने के लिए सख्त मौद्रिक नीति अपनाते हुए लगातार 11 बार ब्याज दरों में वृद्धि की थी। इनमें से चार बार वृद्धि 2023 में की गई थी।

नई दिल्ली
शुक्रवार 03 नवंबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### रिंकू पर भारी नेहाल की पारी, पंजाब सेमीफाइनल में

मोहाली। रिंकू सिंह (33 गेंदो पर 77 रन नाबाद) और समीर रिजवी (29 गेंदों पर 42 रन नाबाद) की आतिशी पारी के बावजूद उत्तर प्रदेश गुरुवार को सैयद मुश्ताक अली ट्राफी के क्वार्टर फाइनल में पंजाब से पांच विकेट से हार कर मुकाबले से बाहर हो गया। पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन आई एस बिंद्रा स्टेडियम पर उत्तर प्रदेश पहले बल्लेबाजी करते हुये एक समय 11 ओवर में तीन विकेट पर 53 रन बना कर संघर्ष कर रहा था मगर रिंकू और समीर की जोड़ी ने अगले नौ ओवर में 116 रन जोड़ कर 169 रन का चुनौती पूर्ण लक्ष्य खड़ा कर लिया। दोनो अंत तक आउट नहीं हुये। जवाब में मेजबान टीम ने विजय लक्ष्य 19.1 ओवर में पांच विकेट खोकर हासिल कर लिया और पांच विकेट से जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। पंजाब की जीत के नायक नेहाल बढेरा (39 गेंद पर 52 रन) और सनवीर सिंह (13 गेंद पर 35 रन नाबाद) बने। बढेरा को प्लेयर आफ द मैच चुना गया। यूपी की तरह पंजाब के भी तीन विकेट मात्र 14 रन पर ढेर हो गये थे मगर अनमोल प्रीत सिंह (43) ने बढेरा के साथ मिल कर पारी को संवारा और स्कोर को 86 रनों पर पहुंचाया।

### अनुष्का की तिकड़ी की बदौलत रॉयल ने ग्रोइंग को 8-0 से रौंदा

नयी दिल्ली। महिला प्रीमियर लीग में गुरुवार को रॉयल रेंजर्स ने अनुष्का सैमुअल के धमाकेदार प्रदर्शन की बदौलत फिसड्डी ग्रोइंग स्टार को आठ गोलों से रौंद दिया। वहीं एक अन्य मुकाबले में पुष्पा के दो दर्शनीय गोलों से ईव्स एफसी ने सिग्नेचर एफसी को 2-2 की बराबरी पर रोक कर अंक बांटे। आज यहां नेहरू स्टेडियम मैदान पर खेले गये मुकाबले में प्लेयर ऑफ द मैच अनुष्का सैमुअल तीन गोल किये। मुकाबले की शुरुआत से ही रॉयल रेंजर्स की स्टार स्ट्राइकर अनुष्का ने कमजोर प्रतिद्वंद्वी की रक्षापंक्ति पर दबाव बनाये रखा और छठे मिनट में टीम का खाता खोल दिया। तत्पश्चात दो और गोल किये। समदर्शनी ने दो और गीतिका, शरण और ज्योति ने एक एक गोल किये। वहीं दूसरे मुकाबले में सिग्नेचर के लिए लावण्या और आशा ने एक एक गोल जमाए। ग्रोइंग अभी अंकों का खाता नहीं खोल पाई है। शुक्रवार को महिला प्रीमियर लीग का बहुप्रतीक्षित मुकाबला गढ़वाल यूनाइटेड और रेंजर्स एससी के मध्य खेला जाना है,जिसे लीग का फाइनल माना जा रहा है। यदि कोई उठा पटक नहीं हुई तो इस मैच का विजेता खिताब जीत सकता है।

### इकाना में उतरेंगे अफगान लड़ाके

लखनऊ। गत विजेता इंग्लैंड समेत तीन पूर्व विश्व चैंपियनों को हराने वाली अफगानिस्तान का इरादा शुक्रवार को अपने होम ग्राउंड पर नीदरलैंड्स के खिलाफ विश्व कप मुकाबला जीत कर सेमीफाइनल की उम्मीदों को हवा देने का होगा लेकिन इसके लिये उन्हे दक्षिण अफ्रीका जैसी मजबूत टीम को घुटनो पर बैठाने वाली नीदरलैंड्स से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। अफगानिस्तान और नीदरलैंड्स के बीच विश्व कप का 34वां मुकाबला इकाना स्टेडियम पर खेला जायेगा। विश्व कप मुकाबला शुरु होने से पहले दोनो ही टीमों को हल्के में लिया जा रहा था मगर अफगानिस्तान ने इंग्लैंड,श्रीलंका और पाकिस्तान को हरा कर अपनी श्रेष्ठता साबित की है वहीं नीदरलैंड्स को दक्षिण अफ्रीका के अलावा बांग्लादेश के खिलाफ जीत का स्वाद मिला है। अफगानिस्तान को सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिये कल होने वाले मुकाबले को हर हाल में जीतना होगा। कप्तान हशमतुल्लाह और उनकी टीम को अच्छी तरह पता है कि उनके पास नीदरलैंड्स को हराने के लिये सभी गुण मौजूद है मगर वह नीदरलैंड्स को हल्के में लेने का जोखिम उठाना नहीं चाहेंगे। अफगानिस्तान की जीत हार का असर पाकिस्तान पर पड़ना तय है।

### इगा स्विएटेक 15 वर्षो में लगातार सीजन में 65 जीत दर्ज करने वाली पहली महिला टेनिस खिलाड़ी बनी

कैनकन। पोलैंड की पेशेवर टेनिस खिलाड़ी इगा स्विएटेक 15 वर्षों में लगातार सीजन में 65 या अधिक जीत दर्ज करने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनी। इगा स्विएटेक ने बुधवार को चल रहे महिला टेनिस संघ (डब्ल्यूटीए) फाइनल में अपनी शानदार शुरुआत बरकरार रखी, दो दिन पहले विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा पर 7-6 (3), 6-0 से जीत के बाद यूएस ओपन में चैंपियन कोको गॉफ पर 6-0, 7-5 से जीत दर्ज की। इसी के साथ ही उन्हें लगातार सीजन में 65 जीत दर्ज करने वाली पहली महिला टेनिस खिलाड़ी बनने की उपलब्धि हासिल हुई। उन्होंने पिछले वर्ष 67 जीत दर्ज की थी। इससे पहले यह उपलब्धि हासिल करने वाली आखिरी महिला पूर्व नंबर एक जेलेना जानकोविच थीं। उन्होंने 2007 में 72 जीत और 2008 में 65 जीत दर्ज की थीं। उनसे पहले 1999 और 2000 में मार्टिना हिंगिस को यह उपलब्धि हासिल हुई थीं। पुरुष या महिला खिलाड़ियों में स्विएटेक इस साल 65 जीत हासिल करने वाली पहली खिलाड़ी हैं। वह कार्लोस अलकराज (63) और डेनियल मेदवेदेव (64) से एक पायदान आगे हैं। दोनों खिलाड़ी इस सप्ताह पेरिस में अपने शुरुआती मैच हार गए थे। ऐसा माना जा रहा है कि दुनिया की नंबर दो खिलाड़ी इस वर्ष संभवत- 68 जीत हासिल कर सकती है जो कि उनका एक नया व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ होगा।

### केरल ने गोवा को हराकर जीता खिताब

पणजी। राष्ट्रीय खेलों में बीच सॉकर रोमांचक फाइनल मुकाबले में केरल ने गोवा को 7-5 से हराकर खिताब जीत लिया है। केरल का इस सीजन में यह दूसरा खिताब है इससे पहले इस साल की शुरुआत में उन्होंने सूरत में उद्घाटन राष्ट्रीय बीच सॉकर चैम्पियनशिप जीती थी। कोलवा बीच में खेला गया यह मुकाबला केरल के पहले के मैचों की तरह नहीं था जब उन्होंने अन्य सभी विरोधियों को लगभग पछाड़ दिया था। गोवा ने अच्छा खेला और अंत तक केरल को को उलझाए रखा। केरल की ओर से मुशीर टीकेबी (3), रोहित वाई, उमरुलुमुक्तार केके, मुहम्मद उनैस और अली अकबर एपी के माध्यम से स्कोर किया। वहीं गोवा के लिए पेड्रो एंटोनियो गोंजाल्विस (2), रिचर्ड कार्डोज (2), कार्ल जोशुआ डिसूजा और काशीनाथ सुभाष राठौड़ ने गोल किए। लक्षद्वीप ने पंजाब को 4-2 से हराकर कांस्य पदक जीता। लक्षद्वीप के लिए मिरसाद (2), मोहम्मद थाहिर, मोहसिन ने गोल किए। करणदीप सिंह मनोटा और मोहम्मद थाहिर के आत्मघाती गोल ने पंजाब के लिए गोल किये। फतोर्दा में पंजाब ने सर्विसेज को हराकर पुरुष फुटबॉल में ग्रुप ए में शीर्ष पर पहुंच गया। सर्विसेज, जिन्होंने पहले मेजबान गोवा को चौंकाया, पंजाब के हमलों का सामना करने में विफल रही, उन्होंने जंग बहादुर सिंह 56 और अभिषेक रत्तू के माध्यम से दूसरे हाफ में दो गोल किए।

### राष्ट्रीय खेलों में 14 साल की धीनिधि ने जीता चौथा स्वर्ण, साजन प्रकाश ने जीता सोना



नई दिल्ली। कर्नाटक की 14 साल की तैराक धीनिधि देसिंघु ने बुधवार को पणजी राष्ट्रीय खेलों में चार गुणा 200 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत लिया। यह उनका राष्ट्रीय खेलों 2023 में चौथा स्वर्ण पदक है। ओलंपियन साजन प्रकाश ने गेम्स रिकॉर्ड के साथ 200 मीटर बटरफ्लाई में शीर्ष स्थान हासिल करते हुए स्वर्ण जीता। उन्होंने दूसरा स्वर्ण जीता और 1: 59.38 सेकंड का समय निकाला। सर्विसेज के एसपी लिकिथ ने पुरुषों के 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में 28.71 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण अपने नाम किया। वहीं, पंजाब की चाहत अरोड़ा (34.09 सेकंड) ने महिलाओं की 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक का खिताब कायम रखा। कर्नाटक की चार गुणा 200 मीटर पुरुष और महिला टीमों ने गेम्स रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण जीते। वहीं, हिमाचल प्रदेश की एथलीट सीमा ने 5,000 मीटर में स्वर्ण अपने नाम किया। उन्होंने इसके अलावा 10,000 मीटर में भी सोना जीता। उत्तराखंड के अंकित कुमार ने 10,000 मीटर में स्वर्ण हासिल किया।

# भारत ने श्रीलंका के खिलाफ दर्ज की विश्व कप के इतिहास की दूसरी बड़ी जीत

एजेंसी

मुबंई। मोहम्मद शमी (18 रन पर पांच विकेट) और मोहम्मद सिराज (16 रन पर तीन विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी की बदौलत भारत ने श्रीलंका को 302 रन से रौंद कर विश्व कप में अब तक की दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की।

वानखेड़े स्टेडियम पर भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुये आठ विकेट पर 357 रन बनाये जिसके जवाब में श्रीलंका की पूरी पारी ओवर के खेल में 55 रन पर सिमट गयी।

रनो के लिहाज से श्रीलंका की यह अब तक की यह दूसरी सबसे बड़ी हार है। श्रीलंका को इससे पहले जनवरी में भारत ने 317 रन से हराया था जो एक दिवसीय क्रिकेट इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी हार थी। मौजूदा विश्व कप में इससे पहले 25 अक्टूबर को आस्ट्रेलिया ने नीदरलैंड्स को 309 रन से हराया था जिसके बाद श्रीलंका सबसे बड़े अंतर से हारने वाली टीम बनी है।

शुभमन गिल (92) और विराट कोहली (88) के बीच 189 रन की साझीदारी के बाद श्रेयस अय्यर (82) की आतिशी पारी की मदद से भारत ने श्रीलंका के खिलाफ आठ विकेट पर 357 रन का स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में श्रीलंका की पारी ताश के पत्तों की तरह ढह गयी। श्रीलंका के आठ विकेट 29 रन पर गिर चुके थे मगर महेश थीक्षणा (12 नाबाद) और कसुन रजिथा (14) ने नौवें विकेट के लिये 20 रन जोड़ कर श्रीलंका को दुनिया में सबसे कम स्कोर करने और सबसे बड़े अंतर से हार झेलने वाली टीम बनने के दंश से बचा लिया।





श्रीलंका के तीन बल्लेबाज अपनी पारी की पहली ही गेंद पर बगैर खाता खोले आउट हुये जो कि एक रिकार्ड है। वैसे पांच बल्लेबाज अपना खाता खोले बगैर पवेलियन लौट गये जबकि दो बल्लेबाज सिर्फ एक रन का योगदान दे सके। इससे पहले कप्तान रोहित शर्मा (4) का बल्ला अपने घरेलू मैदान वानखेड़े स्टेडियम पर आज खामोश रहा। वह पारी की दूसरी गेंद पर ही मदुशंका को अपना विकेट थमा बैठे। बाद में गिल और कोहली ने श्रीलंका के गेंदबाजों की धुनायी करते हुये तेजी से स्कोरबोर्ड को चलाया मगर गिल नर्वस नाइंटी का शिकार बने। उनकी एक और बेहतरीन पारी का अंत मदुशंका की एक शानदार गेंद पर हुआ जब वह आउट कटर गेंद को खेलने के प्रयास में विकेट के पीछे लपके गये। गिल ने अपनी 92 गेंद की पारी में 11 चौके और दो छक्के लगाये।

गिल का विकेट गिरने से खचाखच भरे स्टेडियम पर मौजूद दर्शकों की मायूसी अभी दूर भी नहीं हुयी थी कि मदुशंका ने कोहली के रूप में एक और बड़ा विकेट झटक कर दर्शक दीर्घा के सन्नाटे को और लंबा कर दिया।

विश्व कप में यह दूसरी बार है जब कोहली 80 का आंकड़ा पार करने के बाद अपना विकेट गंवा बैठे हैं। महान सचिन तेंदुलकर के 49 एक दिवसीय शतकों की बराबरी करने के लिये उनका इंतजार फिलहाल बढ़ गया है। श्रेयस अय्यर ने हालांकि धुआंधार बल्लेबाजी करते हुये श्रीलंका के गेंदबाजों की बखिया उधेड़ दी। उन्होने मात्र 56 गेंदों की पारी के दौरान दो चौके और छह छक्के लगाकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

मुबंइया बल्लेबाज सूर्य कुमार यादव का शो भी आज फ्लाप रहा। वे अपने प्रशंसकों के सामने दो चौके ही लगा सके और 12 रन बना कर पवेलियन लौट गये। रविन्द्र जडेजा (35) ने आखिरी ओवरों में तेजी से रन बटोरने का प्रयास किया और रन चुराने के चक्कर में वह अपना विकेट गंवा बैठे।

श्रीलंका के मदुशंका (80 रन पर पांच विकेट) लेकर सबसे असरदार गेंदबाज रहे। दुष्मांता चमीरा ने केएल राहुल का विकेट झटका। जडेजा के अलावा शमी भी रन आउट करार दिये गये।

## मुश्ताक अली : विदर्भ के खिलाफ दिल्ली की आसान जीत

मुल्लनपुर। विकेटकीपर बल्लेबाज अनुज रावत (68) की शानदार अर्धशतकीय पारी और चुस्त गेंदबाजी की बदौलत दिल्ली ने मुश्ताक अली ट्राफी के क्वार्टर फाइनल में विदर्भ के खिलाफ 39 रन की आसान जीत हासिल की। एक अन्य क्वार्टर फाइनल में बड़ौदा ने मुबंई को तीन विकेट से हरा कर सेमीफाइनल मे प्रवेश किया। मुबंई ने पहले बल्लेबाजी करते हुये आठ विकेट पर 148 रन बनाये जिसके जवाब मे बड़ौदा ने विजय लक्ष्य सात गेंद शेष रहते सात विकेट खोकर हासिल कर लिया। महाराज यदविंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम पर दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुये छह विकेट पर 176 रन बनाये जिसके जवाब में विदर्भ की टीम निर्धारित 20 ओवर में 137 रन ही बना सकी। रावत ने बल्ले से बेहतरीन प्रदर्शन कर अपनी टीम को मजबूत आधार प्रदान किया जबकि बाद में शानदार विकेटकीपिंग का मुजाहिरा करते हुये दो बेहतरीन कैच लपक कर विरोधी टीम को मुश्किलों के भंवर में ढकेला। उन्हे प्लेयर आफ द मैच के सम्मान से नवाजा गया। रावत के अलावा यश ढुल (43) ने भी अपनी कप्तानी का फर्ज अदा किया। करीब नौ रन प्रति ओवर की दर से विजय लक्ष्य प्राप्त करने का जज्बा आज विदर्भ के बल्लेबाजों में पूरे मैच में कहीं नहीं दिखा। दिल्ली के गेंदबाजों की अनुशासित गेंदबाजी और चुस्त क्षेत्ररक्षण के चलते विदर्भ के विकेट नियमित अंतराल में गिरते गये और जीत उनसे कोसों दूर होती चली गयी।

## अनिर्बान और अर्चना ने टेटे एकल में जीता स्वर्ण पदक

एजेंसी

पणजी। पश्चिम बंगाल के तीसरी वरीयता प्राप्त अनिर्बान घोष ने पुरुष एकल फाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त दिल्ली के यशांश मलिक को 4-0 से और महिला वर्ग में अर्चना ने दीया को 4-1 से हराकर राष्ट्रीय खेलों की टेबल टेनिस स्पर्धा में गुरुवार को स्वर्ण पदक जीते।

आज यहां कैंपल इंडोर स्टेडियम में हुए मुकाबले में कर्नाटक की अर्चना कामथ ने महाराष्ट्र की दीया चितले को 4-1 से हराकर महिला एकल का स्वर्ण पदक जीता।

वही पुरुष वर्ग में अनिर्बान को फाइनल में दिल्ली के यशांश को हराने में कोई परेशानी नहीं हुई। तीसरे गेम को छोड़कर पश्चिम बंगाल के खिलाड़ी ने अपने प्रतिद्वंद्वी आसानी



से हरा दिया। महिला वर्ग में चौथे गेम में एक क्षण ऐसा आया जब दीया लय में आ गई। लेकिन वह ज्यादा देर तक नहीं टिक सकी और अर्चना ने पांचवें गेम में स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया, जबकि दीया को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

हालाँकि, दीया मिश्रित युगल में स्वर्ण जीतने और महाराष्ट्र की महिलाओं को टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने में मदद करने पर गर्वांवित है।

पुरुष एकल में यशांश को असम के प्रियनुज भट्टाचार्य के खिलाफ आसानी से मुकाबला करना पड़ा, जबकि सेमीफाइनल में अनिबन घोष को अपने पश्चिम बंगाल के साथी अंकुर भट्टाचार्य से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा।

यशांश ने अच्छी शुरुआत की लेकिन असम के खिलाड़ी से दूसरा गेम हार गए। फिर भी दिल्ली के खिलाड़ी के पास मजबूत वापसी करने और विस्तारित तीसरे गेम सहित काम को अच्छी तरह से खत्म करने का कौशल था।

लेकिन पश्चिम बंगाल के दो खिलाड़ी वर्चस्व की लंबी लड़ाई में उलझ गए। अंकुर ने अच्छी शुरुआत की और 2-1 से आगे भी हो गए, इससे पहले कि अनिर्बान ने अपने प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपना हमला शुरू किया और 3-2 से आगे होने की पहल पर पकड़ बनायी।

अंकुर और अनिर्बान ने पुरुष युगल फाइनल में उत्तर प्रदेश के अभिषेक यादव और दिव्यांश श्रीवास्तव को हराकर स्वर्ण पदक अर्जित किया। उत्तर प्रदेश को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

महाराष्ट्र की स्वास्तिका घोष और श्रुति के दाएं-बाएं संयोजन ने एक गेम हारने के बावजूद पश्चिम बंगाल की सागरिका मुखर्जी और कौशानी नाथ की जोड़ी को 3-1 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल करना आसान बना दिया।

महाराष्ट्र की दीया चितले और सानिल शेट्टी ने पश्चिम बंगाल के अंकुर भट्टाचार्य और कौशानी नाथ को सीधे गेम में हराकर खेलों में मिश्रित युगल का स्वर्ण पदक जीता।

# हमास को हथियार बेच सकता है नॉर्थ कोरिया

**साउथ कोरियाई खुफिया एजेंसी का दावा; तानाशाह किम जोंग का ऑर्डर- फिलिस्तीनियों को सपोर्ट करें**

इजराइल-हमास जंग के बीच नॉर्थ कोरिया हमास को हथियार बेच सकता है। साउथ कोरिया की खुफिया एजेंसी ने इस बात का दावा किया है। अमेरिका मीडिया द वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में साउथ कोरियाई स्पाई एजेंसी के हवाले से कहा गया कि नॉर्थ कोरिया पहले भी हमास को रॉकेट और अन्य हथियार दे चुका है।

वहीं, नॉर्थ कोरिया के राष्ट्रपति और तानाशाह किम जोंग उन ने अधिकारियों को फिलिस्तीनियों को सपोर्ट करने का ऑर्डर दिया है। दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया एजेंसी के डायरेक्टर किम क्यू-ह्यून ने कहा- जंग का फायदा उठाने के लिए किम जोंग उन मिडिल-ईस्ट में हथियार बेच सकते हैं। उन्होंने फिलिस्तीनियों का सपोर्ट करने के लिए भी कहा है।

### हमास लड़ाके के पास नॉर्थ कोरियाई हथियार दिखा

7 अक्टूबर को हमास ने इजराइल पर हमला कर दिया था। 2500 से ज्यादा लड़ाके सीमा पार करके



इजराइली शहरों में घुस गए थे। इस दौरान दावा किया गया कि लड़ाकों के पास नॉर्थ कोरियाई हथियार हैं। नॉर्थ कोरिया में बने रॉकेट की तरह दिखने वाले हथियार लिए हमास लड़ाकों की कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल हुईं। इसके बाद साउथ कोरिया ने ये दावा किया है।

### एफ-7 रॉकेट और बुल्सए एंटी-टैंक मिसाइलें इस्तेमाल कीं

साउथ कोरियाई एक्स्पर्ट्स का कहना है कि हमास ने जंग में नॉर्थ कोरिया के एफ-7 रॉकेट का इस्तेमाल किया है। इस हथियार को कंधे पर रखकर चलाते हैं। एक वीडियो में लड़ाकों के पास नॉर्थ कोरिया में बनी बुल्सए एंटी-टैंक मिसाइलें दिखीं। हालांकि, नॉर्थ कोरिया जंग में अपने हथियारों के इस्तेमाल होने वाली बात को गलत बता चुका है।

### 7 अक्टूबर को शुरू हुई इजराइल-हमास जंग अब भी जारी

हमास ने 7 अक्टूबर को इजराइल पर 5 हजार रॉकेट दागने का दावा किया था। हमले के कुछ ही देर बाद इजराइली सेना ने जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी थी। लिहाजा 27 दिन बाद भी यह जंग जारी है। अब 1400 से ज्यादा इजराइलियों की मौत हो चुकी है। 8700 से ज्यादा फिलिस्तीनी भी मारे गए हैं।

### इजराइल और फिलिस्तीन के बीच क्यों है विवाद?

मिडिल ईस्ट के इस इलाके में यह संघर्ष कम से कम 100 साल से चला आ रहा है। यहां वेस्ट बैंक, गाजा पट्टी और गोलन हाइट्स जैसे इलाकों पर विवाद है। फिलिस्तीन इन इलाकों समेत पूर्वी यरुशलम पर दावा जताता है। वहीं, इजराइल यरुशलम से अपना दावा छोड़ने को राजी नहीं है।

गाजा पट्टी इजराइल और मिस्त्र के बीच में है। यहां फिलहाल हमास का कब्जा है। ये इजराइल विरोधी समूह है।

सितंबर 2005 में इजराइल ने गाजा पट्टी से अपनी सेना वापस बुला ली थी। 2007 में इजराइल ने इस इलाके पर कई प्रतिबंध लगा दिए। फिलिस्तीन का कहना है कि वेस्ट बैंक और गाजा पट्टी में स्वतंत्र फिलिस्तीन राष्ट्र की स्थापना हो।

# पाकिस्तान में चुनाव 11 फरवरी को

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा- यह तारीख पत्थर की लकीर होनी चाहिए, प्रेसिडेंट से बात करें इलेक्शन कमिश्नर**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में आम चुनाव 11 फरवरी को होंगे। इलेक्शन कमीशन ऑफ पाकिस्तान ने गुरुवार 2 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट में यह जानकारी दी। वैसे यह चुनाव अक्टूबर के आखिरी हफ्ते से नवंबर के बीच होने चाहिए थे। सुप्रीम कोर्ट ने ईसीपी से कहा- ये तारीख बदलनी नहीं चाहिए। ये पत्थर की लकीर होनी चाहिए। प्रेसिडेंट आरिफ अल्वी और इलेक्शन कमिश्नर दोनों पाकिस्तानी हैं। ये आपस में बात करें। ईसीपी ने चुनाव टालने की वजह परिसीमन को बताया है। उसके मुताबिक जनगणना और परिसीमन की वजह से जनवरी में भी चुनाव कराना मुश्किल है। लिहाजा, इन्हें फरवरी के दूसरे हफ्ते में 11 तारीख को कराया जाएगा। इसका शेड्यूल जारी नहीं किया गया है। 1 नवंबर को केयरटेकर प्रधानमंत्री अनवार-उल-हक काकड़ ने मीडिया से कहा था कि किसी के चुनाव लड़ने पर कोई रोक नहीं है। उनका इशारा जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ की तरफ था।

### सुप्रीम कोर्ट के दबाव के बाद तारीख का ऐलान

संविधान के मुताबिक तो पाकिस्तान में जनरल इलेक्शन अक्टूबर के आखिरी हफ्ते या नवंबर में होने चाहिए थे। अगस्त में शाहबाज शरीफ सरकार का कार्यकाल पूरा होने के बाद 90 दिन में चुनाव होने थे। इसका जिम्मा केयरटेकर सरकार और इलेक्शन कमीशन पर था। हालांकि ऐसा हुआ नहीं। ईसीपी ने पहले इस्लामाबाद हाईकोर्ट और उसके बाद सुप्रीम कोर्ट के अलावा राष्ट्रपति को भी बताया कि जनगणना और परिसीमन के चलते चुनाव कराने में वक्त लगेगा। अदालतों की तरफ से बढ़ रहे दबाव के बाद कहा गया कि जनवरी में चुनाव होंगे। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दायर की गईं।

नए चीफ जस्टिस काजी फैज ईसा ने इलेक्शन कमीशन और सरकार से पूछा कि चुनाव की तारीखें कब तक बताएंगे। इसके बाद गुरुवार को इलेक्शन कमीशन के वकील सुप्रीम कोर्ट के तीन जजों की बेंच के सामने पेश हुए और उन्होंने बताया कि चुनाव 11 फरवरी को कराए जाएंगे।

### अफगानिस्तान में सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत, छह घायल

पुल-ए-खुमरी। उत्तरी अफगानिस्तान के बगलान प्रांत में एक सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई जबकि अन्य छह लोग घायल हो गए। यह जानकारी प्रांतीय पुलिस यातायात विभाग के निदेशक कारी मोहम्मद नजीर आबिदी ने गुरुवार को दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना प्रांतीय राजधानी पुल-ए-खुमरी शहर के बाहरी इलाके में बुधवार रात हुई। मृतकों में दो महिलाएं और दो बच्चे शामिल हैं। अफगानिस्तान में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं के मुख्य कारणों में सड़क की खराब स्थिति, भीड़भाड़ वाली सड़कें, यात्रा के लिए सुरक्षा उपायों की कमी, तंग वाहन और लापरवाही के साथ गाड़ी चलाना शामिल है। देश में पिछले छह महीनों में 2,200 से ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं हुई है जिसमें 1,000 से ज्यादा लोग मारे गए हैं।

### इंडोनेशिया में कफ सिरप से बच्चों की मौत,कंपनी के मालिक को जेल

जकार्ता। इंडोनेशिया में कफ सिरप से 200 से अधिक बच्चों की मौत के मामले में कंपनी के मालिक और तीन अन्य अधिकारियों को कारावास की सजा सुनायी गयी है। आरोपियों को दो साल की सज़ा सुनायी गयी और एक अरब इंडोनेशियायी रुपए का जुर्माना लगाया गया। अफ़ी फ़ार्मा नाम की कंपनी पर अधिक मात्रा में ज़हरीले पदार्थ मिश्रित कफ सिरप बनाने का आरोप लगाया गया था। कंपनी के वकील ने कहा कि मालिक और अधिकारियों ने लापरवाही से इनकार किया है और कंपनी इस बात पर विचार कर रही है कि अपील की जाये या नहीं। अभियोजन पक्ष ने अफ़ी फ़ार्मा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आरिफ़ प्रसेत्या हरहाप के लिए नौ साल तक की कारावास की सज़ा और अन्य प्रतिवादियों के लिए सात-सात साल की सज़ा की मांग की थी। अभियोजन पक्ष ने कहा कि अक्टूबर 2021 और फरवरी 2022 के बीच कंपनी को प्रोपलीन ग्लाइकोल के दो बैच मिले, जिसका उपयोग कफ सिरप बनाने के लिए किया जाता है इन बैचों में 96 से 99 प्रतिशत तक एथिलीन ग्लाइकॉल था। दोनों पदार्थों का उपयोग विलायकों में योजक के रूप में किया जा सकता है। जबकि, प्रोपलीन ग्लाइकोल गैर-विषाक्त है और दवाओं, सौंदर्य प्रसाधनों और भोजन में व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है। एथिलीन ग्लाइकॉल विषाक्त है और पेंट, पेन और तरल पदार्थ में उपयोग किया जाता है।

### जापान, फिलिस्तीन के विदेश मंत्री करेंगे बातचीत

मॉस्को। जापान के विदेश मंत्री योको कामिकावा मध्य पूर्व में संकट के बीच फिलिस्तीन, इजरायल और जॉर्डन के अपने दौरे में तीन नवंबर को फिलिस्तीनी राष्ट्रीय प्राधिकरण के विदेश मंत्री रियाद अल-मलिकी के साथ बातचीत करेंगे। जापान के सैंकेई शिंबुन समाचार-पत्र ने गुरुवार को देश के विदेश मंत्री के हवाले से यह जानकारी दी। जापानी विदेश मंत्रालय ने अक्टूबर के अंत में घोषणा की कि फिलिस्तीनी-इजरायली संघर्ष को हल करने के राजनयिक प्रयासों के हिस्से के रूप में कामिकावा दो-पांच नवंबर तक इजरायल, फिलिस्तीन और जॉर्डन का आधिकारिक दौरा करेंगे। अपनी यात्रा के दौरान, शीर्ष जापानी राजनयिक का तीन देशों के विभिन्न वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठकें करने और विचारों का आदान-प्रदान करने का कार्यक्रम है। इससे पहले गुरुवार को कामिकावा ने जापानी संसद को बताया कि 10 जापानी नागरिकों और उनके परिवार के आठ सदस्यों, जो फ़िलिस्तीनी हैं, को मिस्त्र ले जाया गया है। उन्होंने गाजा पट्टी में जबालिया शरणार्थी शिविर पर हाल ही में इजरायली बमबारी के कारण महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों सहित नागरिकों की मौत को 'हृदयविदारक' बताया।

### थाईलैंड नवाचार-आधारित अर्थव्यवस्था के माध्यम से सतत विकास को बढ़ावा देगा

बैंकॉक। थाइलैंड के प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन ने कहा कि उनका देश विघटनकारी, बहुआयामी चुनौतियों के बीच सतत विकास की प्राप्ति के लिए उच्च मूल्य वाली तकनीक और नवाचार-आधारित अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ रहा है। श्रेथा ने बुधवार की शाम यहां विदेशी औद्योगिक क्लब में आयोजित रात्रिभोज के दौरान कहा कि चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए देश को प्रतिस्पर्धी वैश्विक अर्थव्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय संघर्ष, बदलती वैश्विक व्यवस्था और जलवायु परिवर्तन के बीच फलने-फूलने के लिए भविष्य के लिए अनुकूल होने की आवश्यकता है। अपने मुख्य भाषण में, श्री श्रेथा ने देश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने, उसे प्रोत्साहित करने, सहायक उपायों को लागू करने, देशवासियों के लिए नए अवसर उत्पन्न करने और निवेश तथा व्यवसायों का विस्तार करते हुए लंबे समय की सफलता प्राप्त के लिए देश को स्थापित करने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की रणनीति के एक प्रमुख भाग के रूप में, देश बुनियादी वस्तुओं और प्राथमिक कृषि उत्पादों के निर्माता से अभिनव विनिर्माण का एक केंद्र में परिवर्तित हो रहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### अरविंद वर्मा संयोजक व हरि प्रकाश यादव व जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव बने सहसंयोजक

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**



उतरौला (बलरामपुर)। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद बलरामपुर के द्वारा ब्लॉक इकाई उतरौला के वैकल्पिक कार्यसमिति का मनोनयन संघ के जिला अध्यक्ष ज्ञान सागर पाठक द्वारा किया गया। जिसमें प्राथमिक विद्यालय रामनगरिया के अध्यापक अरविंद वर्मा को संयोजक तथा प्राथमिक विद्यालय फकीरी बनकट के अध्यापक हरि प्रकाश यादव व उच्च प्राथमिक विद्यालय नगरिया के अध्यापक जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव को सहसंयोजक बनाया गया। मनोनयन के पश्चात सभी पदाधिकारी गण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुश्री कल्पना देवी से शिष्टाचार मुलाकात किए। इस अवसर पर संघ के संयुक्त मंत्री शिवकुमार सोनी वरिष्ठ उपाध्यक्ष वेद प्रकाश पांडेय एवं अन्य संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस को दिखाया आईना

इटावा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने गुरूवार को कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए उत्तर प्रदेश में उसके वजूद तक को चुनौती दे दी है। एनडीए के खिलाफ खड़े हुए नवगठित इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक दल समाजवादी पार्टी के कांग्रेस रिश्तो में खटास आना शुरू हो गई है। मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में टिकट बंटवारे को लेकर के शुरू हुई रार अब बढ़कर के उत्तर प्रदेश में ताकत दिखाने के मुद्दे तक आ पहुंची है। देर शाम अपने गृह जिले इटावा में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने एक कालेज में एक समारोह में हिस्सा लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत में साफ-साफ कहा कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का कोई वजूद नहीं है। उत्तर प्रदेश में केवल भारतीय जनता पार्टी को हराने में समाजवादी पार्टी ही सक्षम है समाजवादी पार्टी को बड़ा दिल करके कांग्रेस पार्टी से गठबंधन का रास्ता बना करके रखना चाहिए। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच ठन गई है इसका प्रमाण शिवपाल सिंह यादव के बयान से साफ-साफ देखा जा सकता है।सपा के राष्ट्रीय महासचिव ने कांग्रेस को आईना दिखाते हुए कहा कि उत्तरप्रदेश में कांग्रेस का कुछ नही है, यहां सिर्फ समाजवादी पार्टी है जो भाजपा को हरा सकती है। श्री यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन बनाये रखने की कांग्रेस की जिम्मेदारी है क्योंकि वह गठबंधन की सबसे बड़ी और राष्ट्रीय पार्टी है,2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने की जिम्मेदारी कांग्रेस की है।

### नाबालिग के अपहरण और बलात्कार के दोषी को जुर्माने के साथ आजीवन कारावास

मथुरा। उत्तर प्रदेश में मथुरा की एक अदालत ने नाबालिग बालिका के अपहरण और बलात्कार के दोषी को आजीवन कारावास के साथ 55 हजार का जुर्माना अदा करने का आदेश गुरूवार को दिया। अभियोजन पक्ष के अनुसार पीड़िता के पिता ने 9 जून 2020 को थाना कोतवाली में तहरीर दी थी कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री (पीड़िता) को शाम 4-5 बजे मोहन भगा ले गया तथा रात करीब एक बजे उसके के घर पर फोन आया था। पीड़िता के पिता की तहरीर पर थाना कोतवाली मथुरा, जिला मथुरा पर अभियुक्त मोहन के विरूद्ध मुकदमा धारा 363/ 366 आईपीसी के अन्तर्गत 11 जून 2020 को पंजीकृत किया गया था। विवेचक द्वारा उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर प्रथम दृष्टया साक्ष्य पाते हुए अभियुक्त मोहन के विरूद्ध धारा 363, 366, 376 भारतीय दण्ड संहिता व 3/4 पोक्सो एक्ट में आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया था। स्पेशल डीजीसी पॉक्सो ऐक्ट अलका उपमन्यु ने बताया कि बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने अभियुक्त के गरीब होने और परिवार की जिम्मेदारी होने के कारण कम सजा देने की प्रार्थना की थी । स्पेशल डीजीसी के अनुसार उन्होंने इसे जघन्य अपराध मानते हुए अधिकतम दण्ड देने का अनुरोध अदालत से किया था। अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो ऐक्ट रामकिशोर यादव ने आज अभियुक्त मोहन को पोक्सो अधिनियम 2012 की धारा - 4 मे को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास एवम 50. हजार अर्थ दण्ड और अर्थ दंड न देने पर 6 महीने का अतिरिक्त कारावास , धारा 363 आईपीसी में 5 वर्ष का कठोर कारावास तथा रू. 2000 अर्थ दंड , अर्थ दंड न देने पर 20 दिन का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतने का आदेश दिया है।

### परिवहन निगम के संविदा कर्मचारियों को भी मिलेगा पारिवारिक यात्रा 'पास'

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने रोडवेज बसों में अब परिवहन निगम के संविदा कर्मचारियों को भी पारिवारिक यात्रा के लिए पास की सुविधा उपलब्ध कराने का फैसला किया है। अधिकृत सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि सरकार का मानना है कि परिवहन निगम व इसके कर्मचारी संकट के साथी हैं, इसलिए इन्हें मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिलना चाहिए। आउटसोर्सिंग के माध्यम से तैनात कार्मिकों व संविदा पर कार्यरत निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को इसका लाभ नहीं मिलेगा। सरकार के इस फैसले से कर्मचारियों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई है। 18 अक्टूबर को परिवहन निगम के प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में हुई निदेशक मंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया था। जिसका पत्र जारी कर इसे संस्तुति दे दी गई। उप्र परिवहन निगम के प्रधान प्रबंधक (विविध) मनोज कुमार के मुताबिक परिवहन निगम में कार्यरत कर्मचारियों को एक वर्ष में पांच बार पारिवारिक यात्रा पास का लाभ मिलेगा। इसमें दो नि:शुल्क पारिवारिक यात्रा पास व तीन पीटीओ (प्रिविलेज टिकट ऑर्डर) पारिवारिक यात्रा पास की सुविधा दिए जाने का निर्देश प्रदान किया गया है। उप्र परिवहन निगम में सीधे अनुबंध के आधार पर कार्यरत चालकों-परिचालकों व कार्यशाला में सीधे निगम से आबद्ध कार्यरत कार्मिकों को नियमित कार्मिकों की भांति यह सुविधा मिलेगी। 18 अक्टूबर को उप्र परिवहन निगम की बैठक में प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में हुई निदेशक मंडल की 246वीं बैठक में यह प्रस्ताव लिया गया था। जिसे अब संस्तुति देते हुए इसका पत्र भी जारी कर दिया गया है।

### कांग्रेस की सरकार में सेवा भाव नहीं सत्ता भाव रहा : ज्योतिरादित्य सिंधिया

भोपाल। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ने अपने पंद्रह महीने के कार्यकाल के दौरान सेवा भाव नहीं सत्ता भाव पाल लिया था, उसे जनता की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं था। सिंधिया ने मैहर, सागर जिले के सुरखी, रायसेन के सांची और धार जिले के बदनावर में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में सवा साल तक रही कांगेस की कमलनाथ सरकार ने सेवा भाव की जगह सत्ता का भाव पाल लिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि जब कांग्रेस की सरकार आई तो वल्लभ भवन को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया गया था। प्रदेश में उद्योग नहीं लाए, ट्रांसफर-पोस्टिंग का उद्योग शुरू करके भ्रष्टाचार का खेल खेला। पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ के पास अपने मंत्रियों से मिलने का समय नहीं होता था, वह बोलते थे 'चलो, चलो, समय नहीं है', तो वह जनता की क्या सोचते। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस झूठ और लूट की पार्टी है, इस पर कभी भरोसा नहीं किया जा सकता। जब भी इनके नेताओं को कुर्सी दिखती है उनकी आंखें चमकने लगती है। उन्होंने कहा कि उन्हें वर्ष 2003 का समय याद है। यहाँ मेरे सामने बैठे अधिकतर लोग उस समय वोटर नहीं थे। उन्होंने वह भ्रष्टाचार और दुरावस्था का काल नहीं देखा जब बल्ब में रोशनी नहीं आती थी, गड्ढा कहां ख़त्म होता है, सड़क कहां शुरू होती है, ये पता ही नहीं चलता था।

## भारत के उपराष्ट्रपति और उत्तर प्रदेश के राज्यपाल कंपनी सचिवों के 51वें राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल हुए

वाराणसी। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गुरुवार को 51वें राष्ट्रीय कंपनी सचिव सम्मेलन में शामिल हुए. यह सम्मेलन दीनदयाल हस्तकला संकुल ट्रेड सेंटर में आयोजित हुआ. उप राष्ट्रपति ने कहा कि सचिव सम्मेलन के लिए काशी को चुना गया, यह एक महान उपलब्धि है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने काशी की कायापलट कर दी है.

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि धारा 370 की वजह से कश्मीर ने बहुत कुछ सहा है. वह अस्थायी धारा धीरे-धीरे स्थायी बन गई थी. इसका खात्मा किया गया.

उन्होंने देश की मजबूत आर्थिक स्थिति की प्रशंसा करते हुए कहा कि एक वह समय था, जब हमारी आर्थिक साख को बचाने के लिए देश का सोना विदेश में गिरवी रखना पड़ा था.उप राष्ट्रपति ने कहा कि एक समय था, जब एक दशक पहले भारत को दुनिया की पांच सबसे कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता था. वहां से लेकर 2022 तक हमने जो यात्रा तय की, वह देखने लायक है. 2022 में वह गर्व का क्षण आया, जब भारत दुनिया की पांचवीं सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था बनकर विश्व फलक पर उभरा. उन्होंने कहा कि हमने इस यात्रा में ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस जैसे देशों को पीछे छोड़ दिया. उन्होंने कहा कि हमें कोई संदेह नहीं है कि इस दशक के अंत तक भारत जर्मनी और जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था के रूप में उभरेगा. उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि सत्ता के गलियारे जो पहले सत्ता के दलालों से भरे रहते थे और नीतियों व निर्णयों को प्रभावित करते थे, देश को प्रभावित करते थे, आज वह सब गायब हो गए हैं.

सत्ता के गलियारों को दलालों से पूरी तरीके से मुक्त कर दिया गया है. अब




शासन को पारदर्शी और जवाबदेह बनाया गया है. इसने हमारी विकास यात्रा को गति दी है और भारत इस मुकाम तक पहुंचा है. उन्होंने कहा कि दूसरी चीज जिसने भारत को इस बुलंदी पर पहुंचाया, वह है सरकार की जनहितकारी नीतियां और देश को आगे ले जाने वाली दूरदर्शी सोच. कहा कि जो मूलभूत परिवर्तन देश में हो रहे हैं, इसमें कंपनी सचिवों को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी पड़ेगी. उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि आप ऐसे ही शानदार प्रयास भविष्य में भी जारी रखेंगे.

### हर भारतीय में एक एकलव्य

उन्होंने कहा कि एक समय था, जब हमारे उद्योग कठिन समय से गुजर रहे थे और किसी के पास कोई तरीका नहीं था कि कैसे वहां से बाहर निकला जाए. आज स्थिति एकदम अलग है. कभी किसी ने सोचा नहीं था कि हर घर में शौचालय होंगे और गैस कनेक्शन होंगे. इतने बड़े देश में और इतनी बड़ी जनसंख्या को यह सब उपलब्ध कराना एक चुनौती से कम नहीं था. लेकिन, सरकार ने उसे हासिल किया. उप राष्ट्रपति ने युवाओं की प्रतिभा की प्रसंशा करते हुए कहा कि हम भारतीय जीनियस होते हैं और हम बहुत जल्दी सीखते हैं, हमें कोई सिखाएं या ना सिखाएं हम सीख लेते हैं. कहा कि हर भारतीय में एक एकलव्य है.

### हम 6 जी में लीड ले रहे हैं, ये बड़ी उपलब्धि

उप राष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि ट्रेड बिजनेस और इंडस्ट्री को एक साथ आना पड़ेगा तो हमारे देश की अर्थव्यवस्था और तेजी से बढ़ेगी. प्रधानमंत्री ने अपने मन की बात में कहा था वोकल फॉर लोकल . लेकिन, हम इस रास्ते पर चलते हैं तो हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक उज्जवल भविष्य प्रदान करेंगे. कहा कि भारत ने दुनिया की सबसे ज्यादा सुधारात्मक कर प्रणाली जीएसटी देश में लागू की और उसके अभूतपूर्व फायदे आज देश देख रहा है. उन्होंने कहा कि हम 6जी में लीड ले रहे हैं. ये बड़ी उपलब्धि है. उन्होंने कहा कि भारत की साख की प्रशंसा करते हुए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के प्रेसिडेंट ने कहा कि भारत दुनिया में सबसे उपयुक्त निवेश करने वाले देश के रूप में उभरा है. उप राष्ट्रपति ने कहा कि विश्व बैंक के अध्यक्ष ने कहा कि भारत में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को देखकर वे आश्चर्यचकित हैं. भारत ने जो 6 साल में किया है, वह 47 वर्षों में भी नहीं किया जा सकता था. उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री का सम्मान आज विश्व स्तर पर जिस कद का है, वैसा पहले कभी नहीं था. आज जब भारत के प्रधानमंत्री बोलते हैं तो दुनिया उनको सुनती है. आज भारत दुनिया के लिए एजेंडा सेट करता है.

## खेलकूद प्रतियोगिता के दो दिवसीय कार्यक्रम का हुआ समापन





सोनभद्र । विकासखंड घोरावल के ब्लाक स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि घोरावल कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल एवं विशिष्ट अतिथि घोरावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा.नरेन्द्र सरोज रहे। प्रथम दिवस में आयोजन का आगाज करने वाले रहे मुख्य अतिथि जिलापंचायत सदस्य नीरज कुमार श्रीवास्तव। क्रीड़ाआँगन में दिया ओजस्वी उद्बोधन शुभारम्भ के समय जिला पंचायत सदस्य नीरज कुमार श्रीवास्तव ने। द्वितीय दिवस प्रतिस्पर्धा व समापन सत्र में उपस्थित लोगों को संबोधित किया प्रभारी निरीक्षक कमलेश पॉल ने।

सर्वप्रथम मां वीणापाणि के पूजन अर्चन के साथ प्रारंभ हुआ समापन समारोह। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि यह प्रतियोगिता हमें अपने बचपन की याद दिलाती है।विजयी हो आप लेकिन हारने पर भी खेलभावना न त्यागें। विशिष्ट अतिथि ने प्रतियोगिता की सराहना करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिंह ने किया और खेल भावना की सराहना करते हुए, नौनिहालों का उत्साहवर्धन करते हुए सभी शिक्षकों को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन एआरपी दीनबंधु त्रिपाठी ने किया। दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों में दौड़ , कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन,बालीबाल, लम्बी कूद, ऊंची कूद आदि खेलों में उत्साह एवं उमंग के साथ बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया। संज्ञानात्मक शिक्षा के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शारीरिक शिक्षा भी जरूरी है । घोरावल विकासखंड के ग्यारह न्याय पंचायतों में जबरदस्त प्रतिस्पर्धा रही। प्राथमिक स्तर बालक संवर्ग रेस प्रतियोगिता में प्रियांशु प्रथम, संजीव द्वितीय एवं मोहित तृतीय स्थान पर रहे, बालिका संवर्ग में ज्योति प्रथम, अंशु द्वितीय एवं रजनी तृतीय स्थान पर रहीं ।100मीटर उच्च प्राथमिक बालक संवर्ग में करना प्रथम, मुकेश द्वितीय एवं मनीष तृतीय स्थान पर रहे, बालिका संवर्ग में प्रतीक्षा प्रथम, उजाला द्वितीय एवं अंशिका तृतीय स्थान पर रहीं।

विशेष प्रदर्शन में उच्च प्राथमिक विद्यालय कड़िया प्रथम एवं कम्पोजिट विद्यालय लसडीकला द्वितीय स्थान प्राप्त किया। योगासन प्रतियोगिता बालिका संवर्ग में प्राथमिक विद्यालय डोहरी प्रथम एवं कम्पोजिट विद्यालय खरुआंव द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।बालक संवर्ग में कम्पोजिट विद्यालय लसडीकला प्रथम एवं कम्पोजिट विद्यालय खरुआंव द्वितीय पर रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रम के समूह गान प्रतियोगिता में कम्पोजिट विद्यालय लसडीकला प्रथम, उच्च प्राथमिक विद्यालय परसौना द्वितीय स्थान, लोकनृत्य एवं अन्त्याक्षरी प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय परसौना प्रथम स्थान प्राप्त किया। समाचार लिखें जाने तक अभी अन्य प्रतियोगिताएं अभी गतिमान थी ।इस अवसर पर, एस आर जी संजय मिश्रा, विनोद कुमार,ए आरपी, अखिलेश कुमार सिंह, मिथिलेश द्विवेदी, अविनाश चंद्र शुक्ल, धर्मराज सिंह एवं खेल प्रतियोगिता में बच्चों को प्रतिभाग कराने वाले व्यायाम शिक्षक श्याम नारायण कुशवाहा, नन्द कुमार शुक्ला अशोक त्रिपाठी, रामकिशुन यादव, शिवशंकर, राजीव कुमार, राजेश कुमार, सुनील कुमार माथुर, संजय कुमार सिंह, विजयानन्द, माता प्रसाद सिंह,अनील सिंह, इन्दु प्रकाश सिंह, हिमांशु मिश्रा, शशि त्रिपाठी, अंजू सिंह, प्रियंका पवार, नर्वदेश्वर पाठक आदि तमाम शिक्षक उपस्थित रहे।

### खुले में रखे ट्रांसफार्मर दे रहे दुर्घटना को दावत

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**



सादुल्लानगर/बलरामपुर। खुले में रखे क्षेत्र के कई ट्रांसफार्मर दुर्घटना को दावत दे रहे हैं। अधिकांश ट्रांसफार्मर के चारों ओर जालियां नहीं लगी है। खुले में तार लटक रहे हैं। बिजली विभाग पूरी तरह से बेखबर है। मो0 इरशाद अहमद, नसीम, मथुरा प्रसाद ने जिलाधिकारी से इसकी शिकायत की है। शिकायती पत्र में कहा है । कि सुरक्षित ढंग से ट्रांसफार्मर रखने के लिए बिजली विभाग ने तमाम नियम बनाए हैं। ट्रांसफार्मर को चबूतरे पर रखना चाहिए। ट्रांसफार्मर में आने वाली सप्लाई के तारों की गार्डिंग लगी होना आवश्यक है। ट्रांसफार्मर को जाली के घेरे में रखना जरूरी है। लेकिन विभाग ने नियमों से खिलवाड़ कर ट्रांसफार्मर रख दिए गए हैं। जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। सादुल्लानगर बाजार में इंडियन बैंक के पास रखा ट्रांसफार्मर खुले में रख दिया गया है जिसके आसपास जाली का घेरा नहीं बनाया गया है। केवल खुला में ट्रांसफार्मर लगा दिया गया है। आसपास के लोगों को इसके पास से गुजरने पर करंट का भय लगा रहता है। बच्चों के चपेट में आने की संभावना रहती है। जिससे उनकी अधिक देखरेख करनी पड़ती है। प्रतिदिन इस रास्ते से स्कूली बच्चों की व अन्य लोगों को आवागमन रहता है। इस ओर से विद्युत विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। सादुल्लानगर बाजार में ही रेहरा बाजार रोड पर रमजान मिस्त्री के सामने रखा हुआ ट्रांसफार्मर भी खुले में ही रखा हुआ है। जो दुर्घटना का दावत दे रहा है। आए दिन जानवर इस दुर्घटना का शिकार हो गए हैं। बिजली विभाग के अवर अभियंता ने बताया कि खुला में रखें ट्रांसफार्मर के चारों तरफ सुरक्षा घेरा लगाने के लिए सूचना विभाग को भेजी गई है। बजट मिलने के बाद ट्रांसफार्मर के चारों तरफ सुरक्षा घेरे का इंतजाम कराया जाएगा।

## एससी-एसटी के लोगों का संबल बन रही योगी सरकार

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अंत्योदय के अपने संकल्प पर आगे बढ़ते हुए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों का संबल बन रही है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरूवार को बताया कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों का बुनियादी सुविधाओं के साथ ही इन्हें शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ तो मिल ही रहा है और सरकार उत्पीड़न के मामलों कानूनी कार्रवाई करते हुए भरपूर आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराती है। समाज कल्याण विभाग के आंकड़ों पर गौर करें तो गोरखपुर मंडल के कुशीनगर, गोरखपुर, देवरिया व महराजगंज जनपदों में विगत एक वर्ष में दलित उत्पीड़न के मामलों में 13 करोड़ 22 लाख रुपये से अधिक की आर्थिक सहायता दी गई है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का भी खूब फायदा मिला। मंडल में 3261 दलित जोड़े इससे लाभान्वित हुए जिस पर शासन ने 16 करोड़ 63 लाख रुपये खर्च किए। उन्होंने बताया कि यही नहीं वृद्धावस्था पेंशन योजना में गोरखपुर मंडल में एससी.एसटी के 83140 लोगों को 24 करोड़ 94 लाख रुपये की धनराशि प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति के युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए समाज कल्याण विभाग की तरफ से गोरखपुर मंडल में 10 छात्रावास, छह आश्रम पद्धति विद्यालय भी संचालित किए जा रहे हैं ।

## बेटियों को रखो मत निरक्षर, 'बेटियां' भी बनेंगी बड़ी अफसर : एके जौहरी

सोनभद्र। डीएम चन्द्रविजय सिंह के सिस्टम डायरेक्शन में महिला कल्याण विभाग की ओर से संचालित मिशनशक्ति के चौथे पायदान की श्रेणी - श्रृंखला पर जिला प्रोबेशन अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा के नेतृत्व में शाश्वत धरातल पर साफल्य सँग प्रतिपादित हुआ कार्यक्रम घोरावल के ऊर्जस्वित अँचल में।

मिशन शक्ति फेज फोर के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रचार - प्रसार एवं लाभार्थियों के अनुकूल योजनाओ में प्रगति लाने के उद्देश्य से अरुण कुमार जौहरी उपायुक्त स्वत-रोजगार आजीविका मिशन की अध्यक्षता के अधीन घोरावल ब्लॉक के सभागार में कार्यशाला - शिविर आयोजित हुआ ।कैंप में स्वयं सहायता समूह की महिलाओ को विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए प्रशिक्षित किया गया। एचईडब्ल्यू से



जेंडर विशेषज्ञ साधना मिश्रा ने महिलाओं को उनके अधिकार एवं उनके सहायता के लिए बनाये गये कानून, घरेलू हिंसा एवं दहेज उत्पीड़न तथा अनुषांगिक विषयों की जानकारी दी गई।

जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक ने सभागार में सभा को संबोधित करते बाल यौन उत्पीडन पॉक्सो ऐक्ट की गर्हित जानकारी देते हुए बाल विवाह और स्पॉन्सरशिप के तथ्यों - कथ्यों को परिभाषित किया तो मुख्यमंत्री बाल सेवा योजन सामान्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी उपस्थित समुदाय को। जिला बाल संरक्षण इकाई से ओ0 आर0 डब्ल्यू0 शेषमणि दूबे ने अपने उद्बोधन में महिलाएं और बच्चों के सहायतार्थ संचालित सभी टोल फ्री नंबरों के बारे मे गहन के साथ सविस्तार जानकारी दी। ओ0 आर0 डब्ल्यू0 ने जनपद में चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 की 24 घण्टे सेवा संचालित होने का अद्यतन परिज्ञान कराते इसकी उपादेयता से भी अवगत कराया सभा मे मौजूद लोगों को। प्रभारी खण्डविकास अधिकारी व ए0 डी0 ओ0 आई0 एस0 बी0 ने विषयगत संदर्भ के प्रसंगों को कुशलता के व्याख्यायित करते समग्र जानकारी के आलोक में धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रभारी खण्डविकास अधिकारी महेंद्र कुमार, जिला आपदा विशेषज्ञ पवन कुमार शुक्ला, एम0 जी0 रवि, जिला मिशन मैनेजर, एडिओ समाज कल्याण अजय कुमार, पैरालिगल वालेन्टियर प्रदीप कुमार मिश्रा, सौरभ मिश्रा, अजय मिश्रा, ब्लाक मिशन मैनेजर प्रदीप कुमार जायसवाल ,रेखा कुमारी सहित 80 महिलायें मौकेपर मौजूद रहीं और कैम्प कार्यशाला में समग्र जानकारी संकलित करने में रत रहीं तल्लीनता से।

## दादागुरू की पद यात्रा से प्रेरणा लेकर जल्द ही मां यमुना बचाने के लिये जनअभियान शुरू होगा : डा शिवसिंह रावत

नर्मदा मिशन के संस्थापक एवं 1100 दिनों से निराहार महाव्रत साधक पूजनीय अवधूत दादा गुरू जी महाराज के द्वारा आईटीओ घाट दिल्ली से 28 अक्टूबर से शुरू हुई यात्रा हरियाणा दिवस पर पलवल ज़िले के घोड़ी गाँव से सुबह चांदहट गाँव के लिए रवाना हुई। डा ? शिवसिंह रावत, जो सिंचाई विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं तथा यमुना नदी एवं हरियाणा के जल संसाधनों पर आईआईटी दिल्ली से पीएचडी हैं, के नेतृत्व में समाजसेवी प्रशांत जाखड एवं चांदहट के सैंकड़ों लोगों ने यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। यात्रा में जयपाल सरपंच घोड़ी भी थे। गाँव की बड़ी चौपाल पर आयोजित सभा में दादागुरू जी ने लोगों को यमुना माँ को बचाने की अपील की। उन्होंने चेताया कि जब यमुना के द्वार सुरक्षित रहेंगे तभी तक हमारे गांव



और शहर सुरक्षित हैं। यमुना सुरक्षित होगी तभी दिल्ली एवं आसपास का क्षेत्र सुरक्षित रहेगा। दादा गुरु के आह्वान पर उपस्थित लोगों ने माँ यमुना को निर्मल एवं अविरल बनाने के संकल्प लिया। डा शिवसिंह रावत ने भी सभा में यमुना नदी को बचाने पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि आज यमुना नदी, आगरा कैनाल, गुड़गाँव कैनाल तथा नालों का पानी इतना ज़हरीला हो चुका है कि फरीदाबाद पलवल गुड़गाँव एवं मेवात के गाँवों में कैंसर जैसी बीमारी से सैंकड़ों लोग अपनी जान गँवा बैठे हैं। डा रावत ने बताया कि दादा गुरु जी से प्रेरणा लेकर एवं प्रशांत जाखड जैसे युवाओं के सहयोग से माँ यमुना, क्षेत्र के नदी नालों एवं नहरों के गंदे पानी को साफ़ करके कृषि लायक़ शुद्ध पानी लिए जल्द ही एक जन अभियान चलाएँगे।

लोगों ने इस जन अभियान में पूरा सहयोग देने का वायदा किया। डा ? शिवसिंह रावत ने इस नेक कार्य के लिए दादा गुरु जी का दिल की गहराइयों से धन्यवाद किया।

बाद में यात्रा चांदहट गाँव के बीच से होती हुई रहीमपुर पहुँची। वहाँ करतार सिंह बैंसला ने अपनी सरदारी के साथ यात्रा का एवं डा शिवसिंह रावत का स्वागत किया। इसके बाद यात्रा हसनपुर के लिए रवाना हो गई।

### बस्ती : निर्माणधीन मिनी स्टेडियम की छत गिरी एक मजदूर की मौत, दो घायल

बस्ती। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में सोनहा थाना क्षेत्र के बनटिकरा गांव के पास बन रहे मिनी स्टेडियम की छत गिरने से एक मजदूर की गुरूवार को मौत हो गयी तथा दो घायल हो गये । पुलिस सूत्रो ने यहां यह जानकारी देते हुए बताया है कि सोनहा थाना क्षेत्र के बनटिकरा गांव मे मिनी स्टेडियम का निर्माण कार्य चल रहा था जहां पर स्टरिंग कार्य को पूरा किया जा रहा था। कार्य करते समय अचानक स्टरिंग गिर गया जिसमे कार्य कर रहे मजदूर राम लौट (35) निवासी ग्राम खजुहा थाना कप्तानगंज गम्भीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गयी है । दो मजदूर फूलचन्द्र निवासी ग्राम कोटवा तथा सुभाष निवासी ग्राम डमरूआ थाना कोतवाली घायल हो गये हैं जिन्हे इलाज के लिए जिला चिकित्सालय मे भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे मे लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है।

### 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी युवक युवतियां मतदाता सूची में दर्ज कराये नाम

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर में जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा के नेतृत्व में चल रहे स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत आज मतदाता जागरूकता कार्यक्रम सर्वोदय इन्टर कालेज खुदौली में आयोजित किया गया, जिसमें लोगों को मतदाता पंजीकरण के लिए जागरुक किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि कालेज में अध्ययनरत 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी युवक-युवतियों का मतदाता सूची में नाम जुड़वाना सुनिश्चित करें। मतदाता बनने के लिए फार्म-6 के माध्यम से आवेदन करायें। तथा मतदाता सूची में यदि मृतक का नाम दर्ज है तो उनके नाम निकालने हेतु फार्म-7 भरवाये, तथा शिफ्टेड मतदाता या जिनका नाम मतदाता सूची में पहले से कही हैं और अब वे किसी अन्य शहर/ विधानसभा/पोलिंग बूथ पर वोटर बनना चाहतें हैं तो फार्म 8 भरकर आवेदन कराये। प्रधानाचार्य डा अनिल कुमार उपाध्याय ने कहा कि आज ही मतदाता के रुप में अपना नाम पंजीकृत करें और लोकतंत्र को मज़बूत बनाने में भागीदारी बने। लोगों की सुविधा हेतु कालेज में मतदाता पंजीकरण कक्ष खोला गया है। जिसमें वोटर बनने के लिए जागरूक किया जा रहा है। तथा विशेष तिथियों 4, 5, 25, 26 नवम्बर व 2, 3 दिसम्बर को बीएलओ मतदान केंद्रों पर उपस्थित होकर दावे व आपत्तियां प्राप्त करेगी। उन्होंने समस्त छात्र छात्राओं से कहाँ कि ये सुनिश्चित करें कि उनके परिवार के 18 वर्ष से ऊपर सभी सदस्यों का नाम मतदाता सूची में दर्ज है और जिनके नाम सम्मिलित नहीं हैं, उनके नाम सम्मिलित किये जाने हेतु समय से आनलाइन या आफलाइन आवेदन कराये। स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने बताया कि विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 का अभियान 27 अक्टूबर से चल रहा है जो कि 9 दिसम्बर 2023 तक चलेगा।